नई दिल्ली RNI NO. DELHIN/2010/37009
वर्षः 11
अंकः 63
सोमवार, 06-12 दिसंबर, 2021
मूल्यः 5 रु प्रति
रु 250 वार्षिक

सपा नाम बदलने की जगह विकास में करती है विश्वासः अखिलेश यादव 03
मोदी के बाद कौन संभालेगा नेतृत्व ? योगी दोबारा जीते तो मिल जायेगा इस प्रश्न का जवाब 08

NCR समाचार

इंडोनेशिया में 2005 के हमले में शामिल इस्लामिक आतंकवादी को उम्र कैद की सजा 10
पाकिस्तान दौरे पर पहुंची वेस्टइंडीज टीम की तीन खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव, नहीं खेलेंगे मैच 11


इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in
BY C.R.O. TEAM
twitter-@ncrsamacharlive
भारत का नं 1 साप्ताहिक समाचार पत्र
हॉलीवुड की तरह भारतीय सिनेमा में काम करने वाले कलाकारों को भी मिलनी चाहिए रॉयल्टी : रवि किशन 12

# दिल्ली सीमा पर साल भर के आंदोलन के बाद घर लौटे किसान, हुआ जोरदार स्वागत

**किसानों के घर लौटने के क्रम में शनिवार को फूलों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉलियों के काफिले विजय गीत बजाते हुए सिंघू धरना स्थल से बाहर निकले। इस दौरान किसानों की भावनाएं हिलोरें मार रही थीं**



**किसानों की भावनाएं हिलोरें मार रही थीं। सिंघू बॉर्डर छोड़ने से पहले, कुछ किसानों ने हवन किया, तो कुछ ने अरदास तथा ईश्वर को धन्यवाद करके पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश स्थित अपने-अपने घरों की ओर रवाना हुए**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-हरियाणा सीमा पर एक साल से अधिक समय से प्रदर्शन कर रहे किसान अपने टेंट और अन्य साजो-सामान को समेटकर शनिवार को ट्रैक्टर ट्रॉलियों और अन्य वाहनों में सवार होकर नाचते- गाते अपने घरों की ओर रवाना हुए। पड़ोसी राज्यों में पहुंचने पर उनका माला पहनाकर तथा मिठाइयां खिलाकर जोरदार स्वागत किया गया।

किसानों के घर लौटने के क्रम में शनिवार को फूलों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉलियों के काफिले विजय गीत बजाते हुए सिंघू धरना स्थल से बाहर निकले। इस दौरान किसानों की भावनाएं हिलोरें मार रही थीं। सिंघू बॉर्डर छोड़ने से पहले, कुछ किसानों ने हवन किया, तो कुछ ने अरदास तथा ईश्वर को धन्यवाद करके पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश स्थित अपने-अपने घरों की ओर रवाना हुए। अपराह्न चार बजे तक सिंघू बॉर्डर पर एक चौथाई से भी कम आंदोलनकारी किसान बचे थे। इसी प्रकार गाजीपुर सीमा पर भी टेंट एवं अन्य संरचनाओं को उखाड़ने का सिलसिला पूरे जोरशोर से जारी था। हालांकि प्रदर्शनकारी किसानों ने कहा कि यह प्रदर्शन स्थल 15 दिसम्बर तक ही पूरी तरह खाली हो पाएगा। भूपेन्द्र सिंह (40) ने कहा, ''मेरे बच्चे अत्यधिक उत्साहित हैं। हम अंततः एक साल बाद एक-दूसरे से मिल पाएंगे। मैं बहुत खुश हूं। फोन पर वे अक्सर पूछते थे, पापा घर कब आओगे?' लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं किसानों की जीत के बाद घर लौट रहा हूं, जो मेरे लिए गौरव का क्षण है।'' उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिला निवासी भूपेन्द्र सिंह अपनी ट्रैक्टर ट्रॉली से अपने अन्य गांववालों के साथ घर लौट रहे थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किसानों के सफल प्रयास की प्रशंसा करते हुए ट्वीट किया, ''धैर्य, साहस और एकता का कोई विकल्प नहीं है। परस्पर भाईचारे और एकता से ही देश आगे बढ़ सकता है। किसान भाइयों की एकता ही सबसे बड़ी ताकत थी। ऐतिहासिक विजय के बाद आज से अपने घर लौट रहे किसान बंधुओं की मजबूत इच्छाशक्ति और उत्साह को मेरा सलाम।'' एक साल से राजमार्ग बंद होने के कारण परिशानियों का सामना कर रहे अनगिनत स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने राहत की सांस ली है। कबाड़ियों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि किसानों के प्रदर्शन स्थल छोड़ने के बाद वहां उन्हें बांस-बल्ले, तिरपाल, प्लास्टिक और लड़की के कुंदे उन्हें वहां से मिले। हालांकि, किसानों के आंदोलन समाप्त होने से कुछ गरीब बच्चों के मन में रोजी-रोटी की चिंता सताने लगी है। ये बच्चे किसानों के लंगर में खाना खाते थे और फुटपाथ की बजाय किसानों के टेंट में सोने लगे थे। किसान आंदोलन स्थल से निकली ट्रैक्टर ट्रॉलियों और अन्य वाहनों की भारी संख्या के कारण विभिन्न राजमार्गों पर जाम की स्थिति पैदा हो गयी, जबकि पंजाब के मुक्तसर जिले के दो किसानों की उस वक्त मौत हो गयी, जब ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने टक्कर मार दी। वे लोग दिल्ली के टीकरी बॉर्डर के निकट स्थित प्रदर्शन स्थल से घर लौट रहे हैं। उधर, पंजाब और हरियाणा में सिंघू बॉर्डर से लौटे किसानों की घर-वापसी पर मिठाइयों और फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। दिल्ली-करनाल-अम्बाला और दिल्ली-हिसार राष्ट्रीय राजमार्गों पर ही नहीं, बल्कि राजकीय राजमार्गों पर अनेक स्थानों पर किसानों के परिजन अपने गांववालों के साथ किसानों का स्वागत करते नजर आये। इस अवसर पर लड्डू-बर्फी भी बांटे जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर टॉल प्लाजा और अन्य स्थलों पर किसानों के स्वागत की तैयारियां की गई हैं। संयुक्त किसान मोर्चा का मुख्यालय शनिवार को वीरान नजर आ रहा था।इस बीच किसान नेताओं ने कहा कि वे 15 जनवरी को एक बार फिर बैठक करके यह समीक्षा करेंगे कि सरकार ने उनकी मांग पूरी की या नहीं। मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसान, तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के विरोध में और इन कानूनों को वापस लिये जाने की मांग को लेकर पिछले साल 26 नवंबर को बड़ी संख्या में यहां एकत्र हुए थे। संसद में 29 नवम्बर को इन कानूनों को निरस्त करने तथा बाद में एमएसपी पर कानूनी गारंटी के लिए एक पैनल गठित करने सहित विभिन्न मांगों के सरकार द्वारा मान लिये जाने के बाद संयुक्त किसान मोर्चा ने बृहस्पतिवार को विरोध प्रदर्शन स्थगित करने की घोषणा की थी।

जब सिंघू बॉर्डर से किसान अपने घरों को लौटने लगे तो उनकी भावनाएं उफान पर थीं और मन में खुशियां हिलोरें मार रही थीं। ये किसान पिछले एक साल साथ रहने के बाद एक-दूसरे से विदाई लेते वक्त आपस में गले मिलते और बधाई देते नजर आए। सिंघू बॉर्डर से रवाना होने को तैयार अम्बाला के गुरविंदर सिंह ने सुबह में कहा, ''यह हम लोगों के लिए भावनात्मक क्षण है। हमने कभी नहीं सोचा था कि हमारा बिछड़ना इतना कठिन होगा, क्योंकि हमारा यहां लोगों से और इस स्थान से गहरा लगाव हो गया था। यह आंदोलन हमारे यादों में हमेशा मौजूद रहेगा।

पीएम ने जमा बीमा कार्यक्रम में किया संबोधित

## अब बैंकों के डूबने पर जमाकर्ताओं का नहीं डूबता पैसाः प्रधानमंत्री

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि अब बैंकों के डूबने पर जमाकर्ताओं का पैसा नहीं डूबता है और उनकी जमा का समयबद्ध तरीके से भुगतान किया जाता है। मोदी ने यहां विज्ञान भवन में 'जमाकर्ता प्रथमः पांच लाख रुपये तक का गारंटीशुदा समयबद्ध जमा बीमा भुगतान' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय था जब जमाकर्ताओं को दबाव वाले बैंकों से अपना पैसा वापस पाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता था। गरीब, मध्यम वर्ग बरसों तक इस परेशानी से जूझता रहा। मोदी ने कहा, ''यदि बैंकों को बचाना है, तो जमाकर्ताओं को सुरक्षा देनी होगी। हमने बैंकों को बचाकर जमाकर्ताओं को यह सुरक्षा दी है।'' उन्होंने कहा, ''जमा बीमा भुगतान की गारंटी के पीछे की प्रेरणा जमाकर्ता हैं। एक साल में एक लाख जमाकर्ताओं को 1,300 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया है।''प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने कानून में बदलाव किया है जिससे बैंकों के बंद होने पर जमाकर्ताओं को समयबद्ध तरीके से उनकी जमा का भुगतान किया जाता है। मोदी ने कहा कि सरकार ने दबाव वाले बैंकों से जमाकर्ताओं को मिलने वाली राशि को

**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, अब बैंक डूबने पर जमाकर्ताओं का पैसा नहीं डूबता ।प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने कानून में बदलाव किया है जिससे बैंकों के बंद होने पर जमाकर्ताओं को समयबद्ध तरीके से उनकी जमा का भुगतान किया जाता है**

एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। इसके दायरे में 98 प्रतिशत खाताधारक आते हैं। उन्होंने बताया कि 90 दिन के भीतर गारंटीशुदा समयबद्ध जमा बीमा भुगतान के दायरे में बैंकों में 76 करोड़ रुपये की जमा राशि आती है। बैंकिंग क्षेत्र में सुधारों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि छोटे बैंकों को सक्षम बनाने, उनकी क्षमता और पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए उनका विलय सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े बैंकों के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन तथा कर्ज तक सुगम पहुंच का सबसे अधिक लाभ महिलाओं को मिल रहा है।

संक्षिप्त समाचार

## भारत ने की मुश्किल घड़ी में अफगानिस्तान की मदद, खुद तालिबान ने किया शुक्रिया

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने यह दवाइयां अफगानिस्तान को सीधे तौर पर नहीं भेजा है बल्कि वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन के अंडर दी है। इसके जरिए इन दवाइयों का सही जगह पर इस्तेमाल किया जा सकता है। भारत की इस मदद से तालिबान काफी खुश हुआ है औम मोदी सरकार और भारत का दिल से शुक्रिया किया है। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद से अफगान लोगों को कई मुसीबतों का सामना करना पड़ा रहा है। भुखमरी और गरीबी की कगार पर आ चुके अफगानिस्तान की कोई देश मदद नहीं करना चाहता है। बता दें कि अभी तक इस देश को विकसित देशों से मान्यता प्राप्त नहीं हुई है। जहां कोई देश अफगानिस्तान की मदद को आगे नहीं आ रहा है वहीं मोदी सरकार ने ऐसा कुछ किया है जिससे भारत की काफी तारीफ की जा रही है। दुश्मन हो या दोस्त भारत हमेशा से ही दुनिया के कई देशों की मदद करने आगे आया है। मोदी सरकार ने अफगानिस्तान के इस मुश्किल घड़ी में ऐसी मदद की है जिसके बाद खुद तालिबान भी भारत को हमेशा याद रखेगा। आपको बता दें कि, मोदी सरकार ने अफगानिस्तान में मदद पहुंचाई है। भारत एयर सप्लाई से अफगानिस्तान में दवाइयां सप्लाई करा रहा है। कुछ दिन पहले जब अफगानिस्तान की ही एयरलाइन प्लेन से लोगों को दिल्ली पहुंचाया गया था तब भारत ने इस प्लेन को कुछ दिनों तक रोक लिया था। जब इसे रवाना किया गया तो इस प्लेन में डेढ़ टन के करीब अलग अलग बीमारियों से जुड़ी हुई दवाइयां भरकर भेजी गई। बता दें कि इन दवाइयों से कई अफगानियों की जान बचाई गई है। जानकारी के लिए बता दें कि, भारत सरकार ने यह दवाइयां अफगानिस्तान को सीधे तौर पर नहीं भेजा है बल्कि वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन के अंडर दी है।

## देर रात पीएम का निजी ट्विटर हैंडल हुआ हैक, बिटकॉइन को लेकर किया गया ट्वीट

**नई दिल्ली।** पीएमओ की तरफ से एक बयान आया जिसमें लिखा था कि, पीएम नरेंद्र मोदी के ट्विटर हैंडल से छेड़छाड़ की गई थी, जिसे तुरंत सुरक्षित कर लिया गया है और मामले की जानकारी ट्विटर को दे दी गई है. अकाउंट से छेड़छाड़ की गई छोटी सी अवधि में साझा किए गए किसी भी ट्वीट को नजरअंदाज किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निजी ट्विटर हैंडल रविवार को कुछ देर के लिए हैक कर लिया गया। हालंकि अब पीएमओ ने जानकारी दी है कि उनके ट्विटर हैंडल को फिर से सुरक्षित कर लिया गया है। जानकारी के लिए बता दें कि, रविवार रात को पीएम मोदी के ट्विटर हैंडल को हैक कर एक ट्विट किया गया जिसमें लिखा था कि, ' भारत ने अधिकारिक रूप से बिटकॉइन को कानूनी मान्यता दे दी है और सरकार भी 500 BTC खरीदकर लोगों को बांट रही है'। कुछ ही मिनट बाद इस ट्वीट को डिलीट कर दिया जाता है और फिर दोबारा 2 बजकर 14 मिनट पर एक और ट्वीट किया गया और इस ट्विट को भी तुरंत डिलीट कर दिया गया।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंडिया गेट पर दो दिवसीय स्वर्णिम विजय पर्व का किया उद्घाटन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजनाथ सिंह ने कहा, जनरल बिपिन रावत,उनकी पत्नी तथा 11 बहादुर जवानों के असामयिक निधन के बाद इस पर्व को सादगी के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। मैं सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह का इलाज कमांड अस्पताल में चल रहा है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दिल्ली के इंडिया गेट पर स्वर्णिम विजय पर्व का उद्घाटन किया। यह आयोजन 1971 के युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत और भारत-बांग्लादेश दोस्ती के 50 साल पूरे होने की याद में मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए रक्षा मंत्री ने जनरल रावत को याद किया और कहा कि जनरल रावत, उनकी पत्नी और 11 अन्य सशस्त्र बलों के जवानों के निधन के कारण 'स्वर्णिम विजय पर्व' सादगी के साथ मनाया जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा, जनरल बिपिन रावत,उनकी पत्नी तथा 11 बहादुर जवानों के असामयिक निधन के बाद इस पर्व को सादगी के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। मैं सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह का इलाज कमांड अस्पताल में चल रहा है। बता दें कि एक घातक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में जनरल रावत सहित 12 अन्य लोगों की जान चली गई थी। 1971 के भारत बांग्लादेश युद्ध के बारे में बात करते हुए, राजनाथ सिंह ने कहा कि, ₹भारत ने बांग्लादेश में लोकतंत्र की स्थापना में योगदान दिया है। आज हम बहुत खुश हैं कि पिछले 50 वर्षों में बांग्लादेश विकास के पथ पर आगे बढ़ा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 1971 के युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए गए प्रमुख हथियारों और उपकरणों को प्रमुख लड़ाइयों के अंशों के साथ प्रदर्शित किया जाएगा। उद्घाटन के बाद यह कार्यक्रम आम लोगों के लिए खुला रहेगा। समापन समारोह 13 दिसंबर को होगा, जिसमें राजनाथ सिंह शामिल होंगे।

## जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया

आतंकवादी की पहचान और वह किस आतंकवादी संगठन से जुड़ा था, इसका पता लगाया जा रहा है।

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर जिले के अवंतीपोरा के बारगाम इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया,इसी दौरान आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चला दीं। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादी की पहचान और वह किस आतंकवादी संगठन से जुड़ा था, इसका पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान जारी है और विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।

प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा

## गिने-चुने उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है केंद्र सरकार



एजेंसी

**जयपुर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए रविवार को यहां आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता की भलाई नहीं चाहती और वह गिने चुने उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। यहां कांग्रेस की 'महंगाई हटाओ महारैली' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "जो सरकार केंद्र में है वह निश्चित है कि जनता की भलाई नहीं चाहती। वह आपके लिए काम नहीं कर रही। किसके लिए काम कर रही है? पूरा देश, पूरी दुनिया देख रही है कि यह सरकार कुछ गिने चुने उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है।"प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, "दो तरह की सरकार होती हैं। एक सरकार का लक्ष्य सेवा, सर्मपण व जनता से सचाई की बात होता है। एक ऐसी सरकार होती है जिसका लक्ष्य झूठ, लालच व लूट है... मौजूदा केंद्र सरकार का लक्ष्य झूठ, लालच व लूट है।" उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार बार-बार सवाल करती है कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया?

एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

कार्यालयः
12/276 , संगम विहार
नई दिल्ली-62
फोनः
8888883968,
9811111715

मामा साधु यादव पर भड़के तेज प्रताप

## अगर अपनी माँ का दूध पिया है तो मैदान में आके करले दो-दो हाथ

एजेंसी

**पटना।** बिहार में नेता प्रतिपक्ष और लालू यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव की शादी को लेकर हाल में ही उनके मामा साधु यादव ने कुछ सवाल उठाए थे। सवालों के जरिए उन्होंने लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी पर निशाना साधा था।

इसी को लेकर अब तेज प्रताप यादव ने साधु यादव पर पलटवार किया है। तेज प्रताप यादव ने अपने ट्वीट में लिखा कि हमारी माँ-बहनों की इज़्ज़त को सरेआम बेइज़्ज़त करने वाले उस "कंस" को मेरा खुला



निमंत्रण है कि अगर अपनी माँ का दुध पिया है तो मैदान में आके करले दो-दो हाथ। या अगर औकात है तो सामने में सीधा खड़ा होकर हीं दिखा दे।इसी के साथ तेज प्रताप ने लिखा कि हत्यारे साधु यादव का पुतला दहन छात्र जनशक्ति परिषद द्वारा किया गया। इससे पहले तेज प्रताप यादव ने एक भोजपुरी में ट्वीट किया जिसका मतलब है बिहार आते हैं आपका हम गर्दा उड़ा देंगे।

तेज प्रताप यादव ने लिखा- रुकऽअ हम आऽवतानी बिहार तऽ गर्दा उड़ाऽव तानी तोहार..! बुढ़-बुजुर्ग बाड़ऽअ, तनिक औक़ात में रहल सिखऽ। पाजामा से बाहर आऽवल के कौनो ज़रूरत नईखे..! दूसरी ओर तेजस्वी और तेजप्रताप की बहन रोहिणी आचार्य ने भी मामा पर तंज कसा है। रोहिणी आचार्य ने मामा साधु यादव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और उन्हें कंस बताया है।

एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

**आवश्यक सूचना**

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार सामाजिक सुरक्षा के 'सार्वभौमिकरण' के लिए प्रतिबद्ध : श्रम मंत्री



**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि सरकार सामाजिक सुरक्षा का दायरा सभी तक पहुंचाने यानी इसके सार्वभौमिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के आंकड़े जुटाने के लिए गठित ई-श्रम पोर्टल के महत्व को रेखांकित करते हुए यह टिप्पणी की। यादव ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा श्रम और रोजगार मंत्रालय के सहयोग से आयोजित एक त्रिपक्षीय सम्मेलन को संबोधित किया। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि वैश्विक कार्रवाई के आह्वान पर त्रिपक्षीय राष्ट्रीय वार्ता भारत के संदर्भ में कोविड-19 से मानव केंद्रित पुनरुद्धार लाने से संबंधित है। इस सम्मेलन में भारत के संदर्भ में समावेशी आर्थिक वृद्धि और रोजगार, सभी श्रमिकों के संरक्षण, सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक संवाद पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अपने संबोधन में यादव ने देश में नीति-निर्माण और कार्यान्वयन के लिए त्रिपक्षीय सामाजिक संवाद और भविष्य के अनुरूप रुख के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने क्षमता निर्माण, कौशल विकास, श्रमिकों की व्यावसायिक सुरक्षा और देश के समावेशी, जुझारू और सतत विकास के लिए हरित नौकरियों और हरित अर्थव्यवस्था की ओर बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। यादव ने कहा कि सरकार सामाजिक सुरक्षा के सार्वभौमिकरण को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में उठाया गया एक बहुत महत्वपूर्ण कदम असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के ब्योरे को जुटाने के लिए ई-श्रम पोर्टल की शुरुआत है।

### सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना का PM ने किया उद्घाटन, कहा- जब सोच ईमानदार होती है, तो काम भी दमदार होता है



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बलरामपुर में 9,800 करोड़ रुपये की लागत से तैयार सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के शुरुआत हेलीकॉप्टर क्रैश में मारे गए जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत सहित 13 लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए की। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा को बढ़ाने का काम, बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का काम, देश की सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान, तीनों सेनाओं में तालमेल बेहतर करने का काम, ऐसे अनेक काम तेजी से आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि यूपी,देवरिया के रहने वाले ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह का जीवन बचाने के लिए डॉक्टर जी-जान से लगे हुए हैं। मैं मां पाटेश्वरी से उनके जीवन की रक्षा की प्रार्थना करता हूं। देश आज वरुण सिंह के परिवार के साथ है, जिन वीरों को हमने खोया है, उनके परिवारों के साथ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की नदियों के जल के सदुपयोग हो, किसानों के खेत तक पर्याप्त पानी पहुंचे, ये सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना का पूरा होना इस बात का सबूत है कि जब सोच ईमानदार होती है, तो काम भी दमदार होता है। मोदी ने कहा कि आज से करीब 50 वर्ष पहले सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना पर कार्य शुरू हुआ था।

# तीसरी लहर से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार: सीएम योगी

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दावा किया कि उनकी सरकार कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निशुल्क राशन वितरण महाभियान की शुरुआत करते हुए अपने संबोधन में दावा किया, "वर्तमान में जब दुनिया में कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर आने की आशंका व्यक्त की जा रही है, केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार इसका मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हम मुफ्त में जांच, उपचार, कोरोना रोधी टीका और खाद्यान्न उपलब्ध कराने की योजना को बड़े पैमाने पर चला रहे हैं।" योगी ने लोगों से कोविड-19 रोधी टीका लगवाने का आह्वान करते हुए, यह भी दावा किया कि "तीसरी लहर में एक बात देखने




**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, महामारी की तीसरी लहर से निपटने के लिए हम पूरी तरह तैयार है। योगी ने दावा किया, "दुनिया में सबसे अच्छा कोविड-19 प्रबंधन भारत में ही है और उसमें भी उत्तर प्रदेश में सबसे अच्छा है। पच्चीस करोड़ की आबादी ने कोरोना छूमंतर किया**

को मिल रही है कि अगर वायरस ने कहीं प्रभाव डाल भी दिया तो उसका उन लोगों पर ज्यादा असर नहीं पड़ता है, जिन्होंने वैक्सीन लगवा रखी है। वैक्सीन एक सुरक्षा कवच है।" मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा, "बहुत से लोगों ने कोरोना रोधी टीके का बड़ा दुष्प्रचार किया। उन लोगों से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। वे कोविड-19 महामारी के खिलाफ देश की लड़ाई को कमजोर करने वाले लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह चोरी-छुपे घर के अंदर टीका ले चुके होंगे मगर गरीबों को बहका रहे हैं कि कहीं अगर गरीब व्यक्ति ले लेगा तो ऐसा ना हो कि (सत्ता से) उनका वनवास हमेशा के लिए हो जाए।"

योगी ने दावा किया, "दुनिया में सबसे अच्छा कोविड-19 प्रबंधन भारत में ही है और उसमें भी उत्तर प्रदेश में सबसे अच्छा है। पच्चीस करोड़ की आबादी ने कोरोना छूमंतर किया। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम लापरवाही बरतें। हमें और भी सावधानी बरतनी होगी।" निशुल्क राशन वितरण महाअभियान का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, "डबल इंजन सरकार के खाद्यान्न का लाभ का हर जरूरतमंद को मिले, इसी दृष्टि से खाद्यान्न योजना को फिर से शुरू किया जा रहा है। इससे महीने में दो बार खाद्यान्न योजना का लाभ जरूरतमंद को प्राप्त होगा।"

## छात्रों को भगवत गीता के श्लोकों का पाठ करना सिखाया जाएगा

**मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को गीता का सार अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए क्योंकि इस पवित्र ग्रंथ में संदेश न केवल अर्जुन के लिए बल्कि हम सभी के लिए दिया गया है।**



एजेंसी

**चंडीगढ़।** 11 हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को कहा कि अगले अकादमिक सत्र से राज्यभर के स्कूलों में छात्रों को भगवत गीता के 'श्लोकों' का पाठ करना सिखाया जाएगा। यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में यह घोषणा की। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद रहे। इस महोत्सव के तौर पर गीता ज्ञान संस्थानम् और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में खट्टर ने कहा कि गीता से संबंधित किताबें पांचवीं और सातवीं कक्षाओं के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को गीता का सार अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए क्योंकि इस पवित्र ग्रंथ में संदेश न केवल अर्जुन के लिए बल्कि हम सभी के लिए दिया गया है। उन्होंने कहा कि वार्षिक अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को व्यापक स्तर पर ले जाने के लिए अगले साल से गीता जयंती समिति गठित की जाएगी। उन्होंने कहा कि ज्योतिसार में 'गीतास्थली' पर दो एकड़ भूमि पर 205 करोड़ रुपये की लागत से महाभारत थीम पर एक संग्रहालय बनाया जा रहा है। खट्टर ने कहा कि रामलीला की तर्ज पर अगले साल से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान कृष्ण उत्सव भी आयोजित किया जाएगा।

## वरुण गांधी ने एमएसपी पर कानूनी गारंटी के लिए दिया निजी विधेयक

**भाजपा सांसद वरुण गांधी ने एमएसपी पर कानूनी गारंटी के लिए निजी विधेयक दिया गांधी ने संसद में विधेयक जमा करा दिया है लेकिन इसे पेश किया जाना बाकी है। विधेयक में इस बात की व्यवस्था है कि एमएसपी से कम कीमत हासिल करने वाला कोई भी किसान प्राप्त मूल्य एमएसपी के बीच मूल्य के अंतर के बराबर मुआवजे का हकदार होगा।**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद वरुण गांधी ने किसानों की मांग को एक बार फिर अपना समर्थन देते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग करने वाला एक निजी विधेयक रखा है। 'द फार्मर्स राइट टू गारंटीड मिनिमम सपोर्ट प्राइस रिएलाइजेशन ऑफ एग्री प्रोड्यूस बिल 2021' नामक विधेयक का मकसद 22 फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी प्रदान करवाना है, जिसे उत्पादन की व्यापक लागत पर 50 प्रतिशत के लाभांश पर निर्धारित किया जाना चाहिए। गांधी ने संसद में विधेयक जमा करा दिया है लेकिन इसे पेश किया जाना बाकी है। विधेयक में इस बात की व्यवस्था है कि एमएसपी से कम कीमत हासिल करने वाला कोई भी किसान प्राप्त मूल्य और गारंटीशुदा एमएसपी के बीच मूल्य के अंतर के बराबर मुआवजे का हकदार होगा।

### कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल और प्रियंका पहुंचे जयपुर, गहलोत ने किया स्वागत

**जयपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल व प्रियंका गांधी जयपुर पहुंचे। सोनिया गांधी व राहुल गांधी विमान से यहां पहुंचे। हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। वहां से ये नेता एक बस से रैली के आयोजन स्थल विद्याधर नगर स्टेडियम पहुंचे। वहीं प्रियंका गांधी वाड्रा सड़क मार्ग से रैली स्थल पर पहुंचीं। जयपुर। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार दोपहर यहां पहुंचे। कांग्रेस नेता यहां देश में बढ़ती महंगाई के खिलाफ आज आयोजित महारैली को संबोधित करेंगे। सोनिया गांधी व राहुल गांधी विमान से यहां पहुंचे। हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया।

## हेलिकॉप्टर क्रैश में सीडीएस जनरल रावत समेत 13 की मौत

एजेंसी

**कुन्नूर।** तमिलनाडु में कुन्नूर में दोपहर 12:20 बजे सेना का Mi-17V5 हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। घने जंगलों में हुए इस हादसे के बाद हेलिकॉप्टर में आग लग गई। इसमें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका समेत सेना के 14 अफसर सवार थे। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, 13 की मौत हो गई है। हादसे के करीब एक घंटे बाद यह जानकारी दी गई कि जनरल रावत को वेलिंग्टन के मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया है। उनकी स्थिति के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि वे गंभीर रूप से घायल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जनरल रावत के दिल्ली स्थित घर उनके परिवार से मिलने पहुंचे। इस हादसे पर रक्षामंत्री संसद में गुरुवार को बयान देंगे। जनरल बिपिन रावत देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ हैं। उन्होंने 1 जनवरी 2020 को यह पद संभाला। रावत 31 दिसंबर 2016 से 31 दिसंबर 2019 तक सेना प्रमुख के पद पर रहे।

हादसे की वजह

दिल्ली में उच्च पदस्थ सूत्रों ने भास्कर को बताया कि हादसे की वजह घने जंगल और कम विजिबिलिटी रहे। खराब मौसम के दौरान बादलों में विजिबिलिटी कम होने की वजह से हेलिकॉप्टर को कम ऊंचाई पर उड़ान



भरनी पड़ी। लैंडिंग पॉइंट से दूरी कम होने की वजह से भी हेलिकॉप्टर काफी नीचे उड़ान भर रहा था। नीचे घने जंगल थे इसलिए क्रैश लैंडिंग भी फेल हो गई। इस हेलिकॉप्टर के पायलट विंग कमांडर और सीओ रैंक के अधिकारी थे, ऐसे में मानवीय भूल की आशंका न के बराबर है.अभी जनरल बिपिन रावत के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन सेना के सूत्र और कुछ पूर्व अफसरों ने जनरल बिपिन रावत की मौत को लेकर ट्वीट किया है। रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल एचएस पनाग ने जनरल बिपिन रावत को ट्वीट कर श्रद्धांजलि दी है।

हेलिकॉप्टर में ये लोग सवार थे

1. जनरल बिपिन रावत 2. मधुलिका रावत 3. ब्रिगेडियर एलएस लिद्दर 4. लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह 5. नायक गुरसेवक सिंह 6. नायक जितेंद्र कुमार 7. लांस नायक विवेक कुमार 8. लांस नायक बी. साई तेजा 9. हवलदार सतपाल

हेलिकॉप्टर सुलूर एयरबेस से वेलिंग्टन जा रहा था। यह हादसे के समय लैंडिंग स्पॉट से महज 10 किलोमीटर दूर था। मौके पर डॉक्टर्स, सेना के अफसर और कोबरा कमांडो की टीम मौजूद है। जो शव बरामद किए गए हैं, उनकी पहचान की कोशिश की जा रही है, क्योंकि ये 85% तक जल गए हैं। हादसे के जो विजुअल सामने आए हैं, उनमें हेलिकॉप्टर पूरी तरह क्षतिग्रस्त नजर आया और उसमें आग लगी थी।

हादसे के एक चश्मदीद ने बताया कि उसे पहले बहुत तेज आवाज सुनाई दी। हेलिकॉप्टर से पेड़ों पर गिरा। इसके बाद उसमें आग लग गई।

### ठंड का कहर,राजधानी का न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो राष्ट्रीय राजधानी में इस मौसम का अब तक का सबसे कम तापमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के मुताबिक न्यूनतम तापमान औसत से दो डिग्री कम रहा। शनिवार को शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक हवा में सापेक्षिक आर्द्रता 95 प्रतिशत दर्ज की गई और अधिकतम तापमान करीब 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 255 रहा, जो खराब श्रेणी में आता है। पड़ोसी फरीदाबाद (228), गाजियाबाद (274), गुरुग्राम (200) और नोएडा (213) में भी वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा माना जाता है, 51 और 100 के बीच संतोषजनक 101 और 200 के बीच एक्यूआई को मध्यम 201 और 300 के बीच खराब 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

## प्रधानमंत्री सोमवार को काशी विश्वनाथ गलियारे का करेंगे उद्घाटन

एजेंसी

**वाराणसी।** वाराणसी के मध्य में स्थित महत्वाकांक्षी काशी विश्वनाथ गलियारे को सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को समर्पित करेंगे। इस विशाल परियोजना से वाराणसी में पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। प्रतिष्ठित दशाश्वमेध घाट के पास ऐतिहासिक काशी विश्वनाथ मंदिर के आसपास के अत्याधुनिक ढांचे का उद्घाटन अगले साल की शुरुआत में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावों से पहले 13 दिसंबर को होने वाला है। पत्थरों और अन्य सामग्री के साथ पारंपरिक शिल्प कौशल का उपयोग कर प्रवेश द्वार और अन्य संरचनाएं बनाई गई हैं। इस हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम के मद्देनजर यहां के अधिकांश निवासियों और घरेलू पर्यटकों में उत्साह है, जिसे देखते हुए वाराणसी में पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है। 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक प्रतिष्ठित मंदिर के पास सड़कों पर नक्काशीदार लैम्पपोस्ट पर पोस्टर लगाए गए हैं, जिसमें ''इस परियोजना के दृष्टिकोण को साकार करने'' के लिए



मोदी की प्रशंसा की गई है। मंदिर की वर्तमान संरचना का निर्माण महारानी अहिल्याबाई होलकर ने 1780 के आसपास करवाया था और 19वीं शताब्दी में महाराजा रणजीत सिंह ने इसके शिखर पर सोना मढ़वाया था। काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट की वेबसाइट के अनुसार प्रसिद्ध धार्मिक स्थल को 'स्वर्ण मंदिर' के नाम से भी जाना जाता है। कई पुराने नक्शों में इस नाम का उल्लेख देखा जा सकता है। पुलिसकर्मियों की एक टुकड़ी अतिरिक्त बलों की सहायता से मंदिर परिसर, सार्वजनिक चौराहों पर पहरा देती है और सब कुछ सुचारू रूप से हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सड़कों पर गश्त करती है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''कार्यक्रम के महत्व को देखते हुए शहर भर में विशेष रूप से मंदिर और गलियारे के आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हाई-प्रोफाइल मेहमानों और, 2000 से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।'' वर्ष 2014 से मोदी के संसदीय क्षेत्र रहे शहर में विशेष रूप से गोदौलिया चौक और उसके आसपास मंदिर की ओर जाने वाली सड़कों को 'दिव्य काशी, भव्य काशी' के नाम से हो रहे विशाल कार्यक्रम से पहले सजाया गया है।

### जम्मू-कश्मीर के रामबन में सेना के अधिकारी ने की आत्महत्या, पुलिस ने जांच शुरू की

एजेंसी

**बनिहाल/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में एक शिविर में सेना के 29 वर्षीय मेजर ने कथित तौर पर अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के निवासी मेजर परविंदर सिंह शनिवार रात बनिहाल के खारी इलाके के महूबल में शिविर के अंदर अपने आवासीय क्वार्टर में थे और उसी समय उन्होंने ए के राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि अधिकारी हाल ही में कंपनी कमांडर के रूप में शिविर से जुड़े थे। अधिकारियों ने बताया कि अधिकारी के इस कदम उठाने के पीछे की वजह का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारी बीएसएफ और पुलिस में समन्वय बनाएं: राज्यपाल धनखड़

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने शनिवार को सरकार के शीर्ष अधिकारियों को सीमा सुरक्षा बल(बीएसएफ) और पुलिस के बीच समन्वय करने का निर्देश दिया। राज्यपाल का यह निर्देश मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश की पृष्ठभूमि में है जिसमें उन्होंने राज्य पुलिस से कहा था कि वे सुनिश्चित करें कि बीएसएफ अपना न्यायाधिकार क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सीमा के 15 किलोमीटर के दायरे से अधिक विस्तार नहीं कर सके। सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि मुख्य सचिव एचके द्विवेदी और गृह सचिव बीपी गोपालिका ने राजभवन में राज्य के संवैधानिक प्रमुख धनखड़ से मुलाकात की और बीएसएफ सहित विभिन्न मुद्दों की जानकारी दी। सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया, राज्यपाल ने दो शीर्ष नौकरशाहों को निर्देश दिया कि वे बीएसएफ और राज्य पुलिस के कार्य में समन्वय सुनिश्चित करने के लिए



**राज्यपाल ने दो शीर्ष नौकरशाहों को निर्देश दिया कि वे बीएसएफ और राज्य पुलिस के कार्य में समन्वय सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाएं**

जरूरी कदम उठाएं। बाद में राज्यपाल के आधिकारिक ट्विटर से इसी तरह का ट्वीट किया गया। ट्वीट में कहा गया,पश्चिम बंगाल के राज्यपाल श्री जगदीप धनखड़ ने करीब एक घंटे तक राज्य के मुख्य सचिव एवं आईएएस अधिकारी एचके द्विवेदी, अवर मुख्य गृह सचिव श्री बीके गोपालिका के साथ बैठक की और उनसे बीएसएफ और राज्य पुलिस के बीच सहयोगात्मक समन्वय सुनिश्चित करने को कहा गौरतलब है कि नवीनतम प्रशासनिक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया था कि वे सुनिश्चित करें कि बीएसएफ अंतरराष्ट्रीय सीमा के 15 किलोमीटर के बारे में दायरे के न्यायाधिकार क्षेत्र का उल्लंघन नहीं करे और राज्य की कानून व्यवस्था के मामलो में शामिल नहीं हो।कोलकाता, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने शनिवार को सरकार के शीर्ष अधिकारियों को सीमा सुरक्षा बल(बीएसएफ) और पुलिस के बीच समन्वय करने का निर्देश दिया। राज्यपाल का यह निर्देश मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश की पृष्ठभूमि में है जिसमें उन्होंने राज्य पुलिस से कहा था कि वे सुनिश्चित करें कि बीएसएफ अपना न्यायाधिकार क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सीमा के 15 किलोमीटर के दायरे से अधिक विस्तार नहीं कर सके। सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि मुख्य सचिव एचके द्विवेदी और गृह सचिव बीपी गोपालिका ने राजभवन में राज्य के संवैधानिक प्रमुख धनखड़ से मुलाकात की और बीएसएफ सहित विभिन्न मुद्दों की जानकारी दी। सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया, राज्यपाल ने दो शीर्ष नौकरशाहों को निर्देश दिया कि वे बीएसएफ और राज्य पुलिस के कार्य में समन्वय सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाएं। बाद में राज्यपाल के आधिकारिक ट्विटर से इसी तरह का ट्वीट किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### परिवहन निगम के अधिकारियों की मदद से कोविड 19 से बचाव व सड़क सुरक्षा सम्बन्धी कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**एनसीआर समाचार**



जिला बदायूँ में उप संभागीय परिवहन कार्यालय में तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के पंचम दिवस पर रोडवेज बस स्टैंड परिवहन निगम के अधिकारियों की मदद से कोविड 19 से बचाव व सड़क सुरक्षा सम्बन्धी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश/बदायूँ में उप संभागीय परिवहन कार्यालय में तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के पंचम दिवस पर रोडवेज बस स्टैंड परिवहन निगम के अधिकारियों की मदद से कोविड 19 से बचाव व सड़क सुरक्षा सम्बन्धी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे चालक/परिचालकों एवं यात्रीगण को जागरूक किया गया तथा परिवहन निगम के चालक/परिचालकों का नेत्र एवम हेल्थ केम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ए0आर0एम0 श्री लक्छ्मण प्रसाद, डॉ0 पंकज कुमार गुप्ता नेत्र पाकिस्तान अधिकारी , डॉ देवऋषि गौड़ , दिव्यांशु झा मेडिकल कालेज बदायूं, विकास यादव संभागीय निरीक्षक, विनोद कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

### उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर साप्ताहिक बंदी को बाजार बंद कराने की व्यापारियों ने की मांग

**एनसीआर समाचार**

**बदायूं/सहसवान।** साप्ताहिक बंदी के दिन शुक्रवार को सभी व्यापारी अपनी अपनी-अपनी दुकानों को खोल कर बैठ जाते हैं। जबकि शुक्रवार का दिन साप्ताहिक बंदी का दिन है ! जिसको लेकर व्यापारियों ने उप जिलाधिकारी को शक्ति के साथ बाजार को बंद कराने की मांग की है! व्यापारियों ने कहा साप्ताहिक बंदी वाले दिन बाजार पूरी तरह खुला रहता है !कुछ व्यापारियों द्वारा लगातार इस चीज को लेकर उल्लंघन किया जाता है, उसके बावजूद भी ऐसे व्यापारियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती इससे पहले पूर्व में साप्ताहिक बंदी वाले दिन बाजार पूरी तरह बंद रहता था क्योंकि शक्ति के साथ बंदी का पालन कराया जाता था लेकिन आज व्यापारी बेखौफ होकर अपनी-अपनी दुकानों को खोल कर बैठ जाते हैं।nजिससे इनके लिए शासन व प्रशासन का कोई खौफ नजर नहीं आता।nइस मौके पर हसीब अहमद, सौरव यादव, सनी शर्मा, रफीक अहमद, अमर गुप्ता, निसार अहमद, मोहित कुमार,मोहम्मद जावेद, मोहम्मद तारिक, निसार कुरैशी, मोहम्मद शाद, मोहम्मद खालिद,यदि लोग मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री चौहान से मिले डॉ चिन्मय पंड्या



**एनसीआर समाचार**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से शुक्रवार को भोपाल प्रवास पर आए देव संस्कृती विश्वविद्यालय (DSVV) हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या और श्रीमती शेफाली पंड्या ने मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह उपस्थित थीं। पंड्या दंपति ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पं.श्रीराम शर्मा आचार्य की तस्वीर भेंट की । डॉ पंड्या ने मुख्यमंत्री श्री चौहान की हाल ही में हुई शांति कुंज हरिद्वार यात्रा के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री ने सागर में लाखा बंजारा झील के कार्य का निरीक्षण किया

**एनसीआर समाचार**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 10 दिसम्बर को सागर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में लाखा बंजारा झील में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लाखा बंजारा झील सागर की पहचान एवं गौरव है। मेरे पूर्व कार्यकाल में इसका कार्य स्वीकृत हुआ था पंरतु उसके बाद कार्य में विलंब हुआ। अब कार्य केलिये नई टाइम लाइन निर्धारित कर दी गई है। निर्माण एजेंसी एवं संबंधित विभागों को निर्देश दिये गये हैं कि लाखा बंजारा झील का कार्य नई टाइम लाइन अनुसार गुणवत्तापूर्ण किया जाए।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सागर अत्यंत प्राचीन और ऐतिहासिक नगर है। इसकी सारी आवश्यकताएँ पूरी करते हुए इसे आधुनिक स्वरूप देने के लिये लगभग एक हजार करोड़ रूपये के कार्य स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में स्वीकृत किये गये हैं। इनमें से कुछ कार्य प्रगतिरत हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्राचीन सागर को लाखा बंजारा झील से 1.6 किलोमीटर के एलिवेटेड कॉरिडोर के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। यह न केवल सागर को नया स्वरूप प्रदान करेगा बल्कि जनता को आवागमन की सुविधा भी देगा। इसे भविष्य में मेडिकल कॉलेज तक ले जाया जाएगा। इस अवसर पर लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### दिल्ली नोएडा रूट पर चल रहा है काम, अभी नहीं मिलेगी यात्रियों को जाम से राहत

दिल्ली-नोएडा सफर करने वालों के लिए बहुत जरूरी खबर है। आने वाले दिनों में दिल्ली-नोएडा सफर थोड़ा मुश्किल होने वाला है। तीन स्थानों पर निर्माण कार्य के चलते आपको जाम से जूझना पड़ सकता है। 20 दिसंबर से डीएनडी पर मरम्मत कार्य शुरू करने की प्लानिंग है। रिंग रोड पर आश्रम अंडरपास के निर्माण के साथ ही आश्रम फ्लाईओवर के एक्सटेंशन का काम भी चल रहा है। दूसरी ओर डीएनडी पर बने गड्ढे भरे जाने हैं। डीएनडी की सड़क कुछ जगहों से टूटी है। जिस पर पैच वर्क का काम किया जाना है। लोगों को 2 महीनों तक जाम से राहत नहीं मिलेगी।

# सपा नाम बदलने की जगह विकास में करती है विश्वास: अखिलेश यादव



एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगी समाजवादी पाटी ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में गहन मंथन किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिला व महानगर अध्यक्ष के साथ ही विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्षों के साथ विभिन्न चरण में बैठक की। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कांग्रेस के महिलाओं को नौकरी में आरक्षण देने की घोषणा पर पलटवार किया। अखिलेश ने कहा कि सबसे पहले समाजवादी पार्टी महिलाओं के मान और सम्मान के लिए काम किया। हमने 500 रुपए वृद्धावस्था पेंशन दी और आगे सरकार बनने पर बजट के अनुसार इसे दोगुना या तीन गुना किया जाएगा। पीएम मोदी के हाथ शनिवार को सरयू परियोजना का लोकार्पण करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपने शासनकाल में इस परियोजना को पूरा करने के लिए काफी काम किया। भाजपा तो सिर्फ फीता काटना जानती है। किसान की आय दोगुनी नहीं हुई और वह आज खाद के लिए लंबी-लंबी लाइनों में लगा है। अभी उन्होंने गरीबों को मार्च तक मुफ्त राशन देने की घोषणा की है, लेकिन अगर समाजवादी सरकार आई तो हम गरीबों को समाजवादी फूड पैकेट देने की योजना लागू करेंगे। प्रदेश वासियों ने मन बना लिया है उन्हें अब योगी सरकार नहीं योग्य सरकार चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार ने दिल्ली में बड़े-बड़े बैनर, विज्ञापन, होर्डिंग लगाए हैं। इनमें दर्शाया गया है कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार और नौकरी दी गई। उत्तर प्रदेश के कितने नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिले, यह सबसे बड़ा सवाल है। भाजपा सरकार कम से कम यह तो बताए कि जो शिलान्यास किए गए थे, उनमें से साढ़े चार वर्ष में कितने पूरे हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने युवाओं को लैपटॉप दिए और भाजपा ने उन पर लाठीचार्ज किया। सपा ने गरीबों को लोहिया आवास दिया और भाजपा ने तो लखीमपुर खीरी में किसानों को खदेड़कर मार डाला। समाजवादी पार्टी विकास में विश्वास रखती है जबकि नाम बदलने में विश्वास रखती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने किसानों को सपना दिखाया था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कम से कम दिखा तो दे कि बढ़ी आमदनी वाले किसान।

## सांसद डॉक्टर के पी यादव ने शहीद जनरल विपिन रावत को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



देवेन्द्र कुमार जैन

गुना-शिवपुरी-अशोकनगर के सांसद डॉक्टर के पी यादव ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हुए सीडीएस जनरल बिपिन रावत एवं उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय मधुलिका सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सांसद डॉक्टर के पी यादव अपने साथी सांसदों के साथ उनकी अंतिम यात्रा में सम्मिलित हुए एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि जनरल बिपिन रावत जैसे देशभक्त का जाना एक अपूरणीय क्षति है। जिसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता। आज देश का प्रत्येक नागरिक स्तब्ध है। इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। सैन्य अधिकारी से लेकर राजनेता तक के अपने जीवन काल में जनरल रावत ने देशवासियों से एक अटूट संबंध स्थापित किया था।

आज देश का प्रत्येक नागरिक गमगीन है। सांसद यादव ने जनरल बिपिन रावत तथा उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय मधुलिका सिंह एवं शहीद हुए अन्य 11 सैन्य अधिकारियों को अपनी ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# केन-बेतवा लिंक योजना बुंदेलखण्ड के विकास की बड़ी सौगात : मुख्यमंत्री



एनसीआर समाचार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बुंदेलखण्ड को 44 हजार 605 करोड़ रूपये की बड़ी सौगात केन-बेतवा लिंक योजना के रूप में दी है। यह बुंदेलखण्ड के विकास के लिये अद्भुत कार्य है। इस योजना से बुंदेलखण्ड के हर खेत को पानी मिलेगा। इससे यहाँ 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी तथा 62 लाख व्यक्तियों को पीने का पानी मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 10 दिसम्बर को सागर में 221 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सांसद श्री राजबहादुर सिंह, विधायक श्री शैलेन्द्र जैन, श्री प्रदीप लारिया आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में सागर में लगभग 1000 करोड़ रूपये के कार्य कराए जा रहे हैं। इससे सागर शहर की तस्वीर बदल जायेगी। यह इंदौर जैसा स्मार्ट शहर बन जायेगा। लाखा बंजारा झील से पुराने सागर तक बनने वाला एलीवेटेड कॉरीडोर पुराने एवं नये सागर को जोड़ेगा। आगे इसे मेडिकल कॉलेज तक बढ़ाया जाएगा। नगर में 12 करोड़ रूपये की लागत से ऑडिटोरियम बनाया गया है। साथ ही विकास के विभिन्न कार्य कराये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाकर हर बहन की मासिक आमदनी 10 हजार रूपये की जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। शहरी महिलाओं को भी आजीविका मिशन से जोड़ा जा रहा है। स्व-सहायता समूहों को विभिन्न गतिविधियों के लिए धन की व्यवस्था के साथ ही उनके उत्पादों की पैकेजिंग और मार्केटिंग की व्यवस्था भी की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना में सागर प्रदेश में अग्रणी है। यहाँ 8 हजार पथ व्यवसाइयों को व्यवसाय के लिए 10-10 हजार रूपये का बिना ब्याज का ऋण सरकार द्वारा दिलवाया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारे पूर्व सी.डी.एस. स्व. जनरल बिपिन रावत महान शूरवीर एवं योद्धा थे। ऐसे व्यक्ति सदियों में पैदा होते हैं। मैं उनके चरणों में सादर प्रणाम करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित करता हूँ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने दो मिनिट का मौन रखकर स्व. श्री बिपिन रावत को श्रद्धांजलि दी। लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना बुंदेलखण्ड के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

## दिल्ली में ओमिक्रॉन का दूसरा मामला, महाराष्ट्र में 3 साल की बच्ची संक्रमित; मुंबई में धारा 144 लागू


एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ओमिक्रॉन का एक नया केस मिला है। इसके साथ ही देश में कोरोना के नए वैरिएंट से संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। इधर, महाराष्ट्र में शुक्रवार को 7 नए लोगों में ओमिक्रॉन संक्रमण मिला। इनमें 3 मुंबई से हैं। वहीं, पुणे से सटे पिंपरी चिंचवाड़ जिले में 4 नए ओमिक्रॉन संक्रमित मिले हैं। यहां एक 3 साल की बच्ची में भी ओमिक्रॉन संक्रमण मिला है।

बच्ची के बारे में पता चला है कि वह नाइजीरिया से आई ओमिक्रॉन संक्रमित महिला के संपर्क में आई थी। फिलहाल बच्ची की हालत सामान्य है और उसमें मामूली लक्षण हैं। बच्ची को उसकी मां और परिवार के कुछ और संक्रमित सदस्यों के साथ पिंपरी चिंचवाड़ के जीजामाता हॉस्पिटल के स्पेशल कोविड वार्ड में रखा गया है। इससे पहले इसी परिवार के 6 लोग ओमिक्रॉन संक्रमित हुए थे। जिसमें महिला का भाई और उसकी दो बेटियां शामिल थीं। महिला के संपर्क में आने वाले 22 कोरोना संक्रमित मरीजों की जीनोम सीक्वेंसिंग करवाई गई थी। इसकी रिपोर्ट शुक्रवार शाम को सामने आई है।

**महाराष्ट्र में मरीजों की संख्या 17 हुई**

देश में सबसे ज्यादा 'ओमिक्रॉन' इन्फेक्टेड मरीज अब महाराष्ट्र में ही हैं। अब राज्य में 'ओमिक्रॉन' संक्रमितों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। अभी भी 30 से ज्यादा संदिग्ध मरीजों की जीनोम सीक्वेंसिंग रिपोर्ट आनी बाकी है। मुंबई में संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए अगले दो दिनों के लिए धारा 144 लगा दी गई है।



**दो दिनों के लिए मुंबई में धारा 144**

मुंबई में 'ओमिक्रॉन' के बढ़ते खतरे को देखते हुए शनिवार और रविवार को पूरे शहर में 144 लगा दी गई है। इस दौरान बड़ी सभाओं, रैलियों और विरोध मार्चों पर प्रतिबंध रहेगा। पुलिस उपायुक्त (संचालन) द्वारा जारी आदेश शनिवार से शुरू होकर सोमवार सुबह 6 बजे तक जारी रहेगा।

**मुंबई के धारावी में भी मिला एक मरीज**

शुक्रवार को मुंबई से मिले तीन नए मरीज तंजानिया, UK और दक्षिण अफ्रीका के नैरोबी से आए थे। ये क्रमशः 48, 25 और 37 वर्ष की आयु के पुरुष हैं। इसे लेकर मुंबई में ओमिक्रॉन रोगियों की संख्या 5 हो गई है। 'ओमिक्रॉन' को लेकर सबसे चिंताजनक बात यह है कि नए संक्रमितों में एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती यानी धारावी का रहने वाला एक शख्स भी शामिल है। 48 वर्षीय यह शख्स के मस्जिद का मौलाना है और तंजानिया से यहां आया था। जानकारी के मुताबिक, इसने वैक्सीन की कोई डोज नहीं ली थी।

## राजा भोज विमान तल पर रक्तदान शिविर संपन्न

एनसीआर समाचार


भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, भोपाल और कल्याणमयी, भोपाल शाखा द्वारा शुक्रवार को राजा भोज विमानतल पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें विमानतल पर कार्यरत विभिन्न विभागों, एजेंसियों के 16 कार्मिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। उक्त शिविर ब्लड बैंक, हमीदिया अस्पताल, गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल के सहयोग से आयोजित किया गया था। विमानपत्तन निदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भोपाल श्री के.एल. अग्रवाल, अध्यक्ष कल्याणमयी, भोपाल श्रीमती रिचा अग्रवाल ने ब्लड बैंक की पूरी टीम को प्रशंसा पत्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट किए।



## सार्वजनिक स्थल पर खुले में नमाज नहीं पढ़ने दी जाएगी : मनोहर लाल

एजेंसी

**चंडीगढ.।** शहर में खुले में नमाज पढ़े जाने को लेकर बढ़ रहे विवाद पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल शुक्रवार को खुलकर बोले। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थल पर खुले में नमाज पढ़ना कतई सहन नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने पुलिस आयुक्त तथा जिला उपायुक्त को दोनों पक्षों के साथ बैठकर इस मामले का समाधान करने के आदेश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक लेने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि खुले में नमाज कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नमाज पढ़ने के लिए धार्मिक स्थल बने हुए हैं। धार्मिक स्थलों का निर्माण पूजा अर्चना तथा इबादत के लिए ही किया जाता है।कोई भी मुस्लिम भाई मस्जिद में या अपने घर में रहकर नमाज पढ़े। हिंदू मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना करें। खुले में नमाज की जो प्रथा शुरू हुई है। वह गलत है।



मनोहर लाल ने कहा कि खुले में नमाज पढ़कर आपसी टकराव व आपसी सौहार्द तथा भाईचारे को खराब नहीं करें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कुछ लोगों ने वक्फ बोर्ड की जमीन खाली कराए जाने की बात कही है। अगर वक्फ बोर्ड की जमीन पर कहीं किसी प्रकार का अतिक्रमण है तो प्रशासनिक अधिकारी उसकी जांच पड़ताल करके भी अतिक्रमण मुक्त कराएंगे। बता दें कि खुले में नमाज पढ़े जाने को लेकर पहले सेक्टर-47 में विवाद हुआ था। हिदू संगठनों ने खुले में नमाा पढ़े जाने का विरोध किया। उसके बाद सेक्टर-37 में खुले में नमाज पढ़ी जाने लगी। तीन दिसंबर को जुमे की नमाज के दौरान हिदू संगठनों के विरोध के चलते पुलिस सुरक्षा में नमाज पढ़ी गई थी। दस दिसंबर को कुछ लोगों ने जुमे की नमाज पढ़ने का ऐलान किया था।

# निर्वाचन प्रक्रिया में कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से करें पालन: कलेक्टर

एनसीआर समाचार

पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया में कोरोना गाइड लाइन का पालन सख्ती से करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं की जाए। इस बात का ध्यान रखें की चुनाव के कारण कोरोना के प्रकरण नहीं बढ़ें। शुक्रवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश पंचायत आम निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में कमिश्नर, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा के दौरान दिये। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को कोई भी समस्या हो, तो मुझसे सीधे बात कर सकते हैं। किसी भी कार्य के संबंध में अनुमति की आवश्यकता हो, तो जल्द प्रस्ताव भेजें। उन्होंने कहा कि 3 साल से अधिक समय से एक ही स्थान पर पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्थानांतरित करें। श्री सिंह ने कहा कि अभ्यर्थियों से प्राप्त होने वाली निक्षेप राशि का लेखा-जोखा स्पष्ट रखें। आदर्श आचरण सहिंता का पालन सुनिश्चित किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील मतदान केन्द्रों का भ्रमण कार्यपालिक दण्डाधिकारी और पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से करें। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करें। सरपंच और पंच पद के लिये मतगणना मतदान केन्द्र पर ही होनी है, अतः वहाँ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करें। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री बी.एस. जामोद ने कहा कि प्रथम एवं द्वितीय चरण के लिये निर्वाचन की सूचना 13 दिसम्बर को और तृतीय चरण की 30 दिसम्बर को जारी की जाएगी। साथ ही आरक्षण और मतदान केन्द्रों की सूची भी प्रकाशित की जाएगी। रिक्त पदों की और स्थानों के आरक्षण की स्थिति की पुष्टि कर लें। श्री जामोद ने कहा कि जिला एवं विकासखंड मुख्यालय की तरह क्लस्टर स्तर पर भी सभी व्यवस्थाएँ समय पर सुनिश्चित कर ली जाएँ। नाम निर्देशन-पत्रों की जानकारी प्रतिदिन आईईएमएस के माध्यम से भेजें। श्री जामोद ने कहा कि जिला एवं जनपद पंचायत सदस्य के नाम निर्देशन ऑनलाइन प्राप्त करने के लिये अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। इसके लिये रिटर्निंग ऑफिसर स्तर पर सुविधा केन्द्र बनाए जाएँ। मत-पत्रों के त्रुटि रहित मुद्रण की व्यवस्था करें। निर्वाचन प्रक्रिया में उपयोग में आने वाली सामग्री का स्पष्ट आकलन कर लें। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा कि आदर्श आचरण सहिंता लागू हो चुकी है। अतः शस्त्र लायसेंस निलंबन, संपत्ति विरूपण, कोलाहल नियंत्रण, अवैध शराब जब्ती आदि अन्य प्रतिबंधात्मक कार्यवाही गंभीरता से करें। ईव्हीएम का प्रबंधन बेहतर ढ़ंग से हो। प्रथम रेन्डमाइजेशन कलेक्टर द्वारा नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख के बाद किया जाएगा। द्वितीय रेन्डमाइजेशन रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम वापसी के बाद किया जाएगा, जिसमें मतदान केन्द्रवार ईव्हीएम आवंटित होगी। निर्देश दिए गए कि विकासखंड स्तर पर ईव्हीएम के भंडारण, डीएमएम सीलिंग एवं सामग्री वितरण के पर्याप्त प्रबंध कर लिये जाये। मतदान दलों में लगने वाले कर्मचारियों को विकासखंड स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जाए। प्रशिक्षण में मतदान दल के कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण किया जाए। मतदान के पूर्व सभी मतदाताओं को मतदाता-पर्ची का वितरण सुनिश्चित करें। इस दौरान राज्य निर्वाचन आयोग के ओएसडी श्री दुर्ग विजय सिंह, उप सचिव और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



**संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील मतदान केन्द्रों का भ्रमण कार्यपालिक दण्डाधिकारी और पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से करें। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करें। अभ्यर्थियों से प्राप्त होने वाली निक्षेप राशि का लेखा-जोखा स्पष्ट रखें। आदर्श आचरण सहिंता का पालन सुनिश्चित किया जाए।**

## संक्षिप्त समाचार

### यमुनानगर में ख़त्म हो रहा नशा कारोबार, एसपी की मुहीम के साथ क्राइम कण्ट्रोल रिफार्म आर्गेनाइजेशन भी कर रही कार्य



**आमिर अल्वी**

हरियाणा यमुनानगर के एसपी द्वारा लम्बे समय से नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिसमे कई संगठन भी प्रशासन का साथ दे रहे है। क्राइम कण्ट्रोल रिफार्म आर्गेनाइजेशन टीम भी लगातार प्रशासन के साथ मिलकर नशा मुक्ति अभियान में कार्य कर रही है जिससे अपराधों की संख्या में कमी आ सके। यमुनानगर एसपी कमलदीप गोयल जी के नेतृत्व में आज रायपुर कॉलोनी खजूरी रोड पर नशा मुक्त अभियान में थाना एसएचओ और उनकी टीम ने पूरा सहयोग किया घर घर जाकर जनता में जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमे क्राइम कण्ट्रोल रिफार्म आर्गेनाइजेशन के जिला अध्यक्ष से लेकर सदस्य तक मजूद रहे और प्रशासन को सहयोग दिया।

### विशाखापत्तनम से मंगवाया लाखों का गांजा जब्त, 2 गिरफ्तार

**देवराम ठाकुर**

**साउथ दिल्ली।** ड्रग गांजा तस्करी के मामले का खुलासा करते हुए साउथ दिल्ली के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने 56 किलो से ज्यादा फ़ाईन क्वालिटी का गांजा बरामद किया है। इस मामले में तस्करी में इस्तेमाल की जाने वाली गाड़ी को भी जब्त किया है। डीसीपी बेनिता मैरी जैकर के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजेंद्र उर्फ सोनू और परविंदर के रूप में हुई है। यह गाड़ी में गांजा की खेप लेकर 11 अलग-अलग पैकेट में रखकर तस्करी के लिए ले जा रहे थे। पूछताछ में पता चला कि यह दोनों लगभग तीन सालों से इस धंधे में शामिल हैं। पुलिस द्वारा जप्त किया गया गांजा इन्होंने विशाखापत्तनम से मंगवाया था। इसे आगे दिल्ली-एनसीआर में डिस्पोजल करना था। पकड़ा गया आरोपी राजेंद्र मथुरा का जबकि परविंदर दिल्ली का रहने वाला है।

### एसपी कमलदीप गोयल जी के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत 'सही राह' मुहिम चालु

**मोहम्मद आमिर अल्वी**

थाना सदर इंचार्ज बलराज सिंह ने डोर-टू-डोर कर लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया, यहां पर पहुंचने पर गांव के 8 लोग ऐसे मिले जो नशा करते थे जिससे उनका परिवार पूरी पूरी तरह से परेशान है उसके बाद थाना एस.एच.ओ बलराज जी ने उनका हाथ थामा और उनके परिवार को भरोसा दिया आपको घबराने की जरूरत नहीं पुलिस प्रशासन आपके साथ हैं और आपका इलाज कराया जाएगा, हॉस्पिटल में और वह भी बिल्कुल मुफ्त किया जाएगा। एसपी कमलदीप गोयल जी के नेतृत्व में मौके पर 'CRO TEAM' क्राइम कंट्रोल रिफॉर्म आर्गेनाइजेशन के जिला अध्यक्ष आमिर अल्वी, रोहित अमजद, मदत युवा संगठन से रुस्तम अली फुरकान चौधरी इनाम रिजवान डॉक्टर मनदीप सिंह राशिद जी मौजूद रहे।

### जन्मदिन के उपलक्ष्य में कराया गया सुंदरकांड का पाठ



**अंसार खान**

भारतीय जनता पार्टी के उभरते नेता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन सिंह रघुवंशी का युवा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया जन्मदिन। भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता गणों ने उभरते नेता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन सिंह रघुवंशी के निवास पर पहुंचकर जन्मदिन की दी शुभकामनाएं। भाजपा के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन सिंह रघुवंशी भाजपा के अच्छे स्वस्थ बहादुर एवं निडर नेता है जो हमेशा दूसरों की मदद के लिए तैयार रहते हैं जन्मदिन की शुभकामनाओं में उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष डॉ जयप्रकाश किरार, जनपद अध्यक्ष मकरंद सिंह पटेल, श्याम सिंह, रघुवंशी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश पाठक, शंकर सिंह जी माता वाले वरिष्ठ नेता भाजपा के विनोद साहू, अभिषेक राजपूत, विक्की भैया राजपूत समस्त ब्राह्मण महासभा समस्त हिंदू उत्सव समिति खेरापति माता मंदिर समिति आदर्श दुर्गा उत्सव समिति।

### कांग्रेस की किसान जन जागरण यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**अंसार खान**

कालापीपल विधानसभा के कांग्रेस विधायक कुणाल चौधरी के नेतृत्व में किसानों के हक की लड़ाई व किसानों के सम्मान में आज कांग्रेस द्वारा किसान जन जागरण पदयात्रा निकाली। यात्रा खरदोन कला से खोकरा कला तक निकाली गई खोकरा कला में विशाल आम सभा आयोजित की गई जिसमें आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी सीपी मित्तल ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जीतू पटवारी डॉ विक्रांत भूरिया कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह क्षेत्रीय विधायक कुणाल चौधरी सहित सभी वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया। विधायक चौधरी में महंगाई को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा चौधरी ने मीडिया से चर्चा में बताया जन जागरण यात्रा कांग्रेस पार्टी के आव्हान पर पूरे देश में निकाली जा रही है। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ इसरार खान ने किया अंत में आभार संजय गांधी ने माना।

# मध्य प्रदेश की माटी के लाल जितेंद्र की हेलीकॉप्टर क्रैश में हुई मौत

**राजेंद्र योगी**



सीहोर बुधवार 8 दिसंबर इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा, तमिलनाडु के कुन्नूर में हुए हेलीकॉप्टर क्रैश में चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉप सीडीएस विपिन रावत सहित इस हादसे में 13 लोगों की मृत्यु हुई। इस दुर्घटना में विपिन रावत व उनकी पत्नी मधुलिका सहित 11 अन्य लोगों की मौत हो गई, जिसमें मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के तहसील इछावर ग्राम धामंदा के नायक जितेंद्र वर्मा भी शामिल थे जानकारी के अनुसार जितेंद्र वर्मा पिता शिवलाल उम्र 35 वर्ष हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हो गए, जितेंद्र वर्मा लगभग 10 वर्ष पहले वायुसेना में गए थे, जवान जितेन की शादी 15 वर्ष पहले सोनू वर्मा से हुई हुई थी। जितेंद्र के परिवार में पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चे हैं जिसमें 4 साल की बिटिया और 1 साल का बेटा है, जवान जितेंद्र का एक छोटा भाई धर्मेंद्र और दो बहने रंजना मनीषा जिनकी शादी हो चुकी है अपने परिवार से मिलने पिछले माह नवंबर में घर आए थे! जिला सीहोर तहसील इछावर सहित ग्राम के लोगों में इस हृदय विदारक हादसे की खबर सुनते ही शहर सहित गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार प्रशासनिक अमला पहुंचा ग्राम धामंदा ग्रामीणों का जाना आना लगातार जारी जवान जितेंद्र के घर पर जैसे ही यह खबर उनके ग्रह ग्राम में पहुंची पूरा गांव व शहर मातम में डूब गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने व्यक्त किया दुख जवान जितेंद्र के निधन पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने ट्वीट कर उन्होंने लिखा मध्यप्रदेश की माटी के सपूत जितेंद्र कुमार को सादर श्रद्धांजलि जिस हृदय विदारक हेलीकॉप्टर हादसे में सीडीएस बिपिन रावत को हमसे छीन लिया उसी में सीहोर के पुत्र ने कर्तव्य निर्वाह करते हुए प्राण गवा दिए ईश्वर उन पुण्य आत्माओं को शांति प्रदान कर श्री चरणों में स्थान दें मध्य प्रदेश की माटी के सपूत जितेंद्र कुमार को सादर श्रद्धांजलि। जानकारी के अनुसार एमपी निवासी जितेंद्र के पार्थिव शरीर को राजधानी भोपाल उनके गृह निवास पर अंतिम संस्कार किया जाएगा भारत के सपूत शहीद जितेंद्र के घर पर बड़ी संख्या में अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों लोग एकत्रित है वही सीडीएस बिपिन रावत और उनकी पत्नी का अंतिम संस्कार शुक्रवार 10 दिसंबर को दिल्ली छावनी में किया जाएगा।

## ईमानदार पतासा व्यापारी ने लाखों की कीमत के आभूषण लौटाए

**राजेंद्र योगी**



देवास घोर कलयुग में सतयुग का परिचय देते हुए आज भी इमानदारी जिंदा है इसकी मिसाल देवास एमजी रोड एक किराए की दुकान में पतासा व्यापारी बाबूलाल जैन जो बरसों से पतासे की दुकान चलाते हैं श्री बाबूलाल जैन ने बताया की मेरी दुकान पर मंगलवार को कोई ग्राहक आए थे जिन्होंने यह बॉक्स जिसमें आभूषण है मेरी दुकान पर ही भूल गए में दुकान बंद कर घर चले गया था तभी दूसरे दिन मुझे मालूम पड़ा कि जिन लोगों के आभूषण खो गए हैं वह दुकान पर पूछने आए थे, तब मुझे पड़ोसी ने बताया अपनी बहन की शादी हेतु खरीदी करने के लिए आये जिले के आगरोद निवासी व्यक्तियो के द्वारा रिपेयर के लिए लाए गए सोने के बाजूबंद को एक पतासे की दुकान पर भूल गए तब मैंने उनसे कांटेक्ट कर उन्हें बुलाकर उन्हें सोने के बाजूबंद सही सलामत लौटाए। दरसल मंगलवार को देवास जिले के आगरोद के ग्राम उपड़ी घाट के कृष्णा राठौर पिता शैतान सिंह अपनी बहन की शादी की खरीददारी करने शहर आए थे। जहाँ वो अपने साथ करीब 3 तौले का सोने का बाजूबन्द भी रिपेयर कराने के लिए अपने साथ लाये थे। जिसकी कीमत तकरीबन 1.5 लाख रूपए है। जिसे वह खरीददारी करते वक़्त शहर के एम. रोड स्थित सुभाष चौक पर बाबूलाल जैन की पतासे की दुकान पर भूल गए। और वहां से चले गए। जिसके बाद मंगलवार को रात को उन्हें बाजूबन्द के खो जाने की याद आई, जिसके बाद उन्होंने अपने रिश्तेदारों से बात की और बाजूबन्द नहीं मिलने पर उसे खोजते खोजते एम. रोड स्थित बाबूलाल जैन की पतासे की दुकान पर पहुँचे परंतु उस समय तक बाबूलाल जी अपनी दुकान बंद करके जा चुके थे। जिसके बाद अगले दिन 8 दिसम्बर को वहा मौजूद लोगो से बाबूलाल को पता चला की आभूषण के मालिक उसे खोजते हुए आये थे।

## प्रदूषण को कम करने के लिए इलेट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा दिया जाएगा: परिवहन मंत्री

**देवेंद्र कुमार जैन**




परिवहन एवं राजस्व मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा कि परिवहन क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने एवं पर्यावरण को संरक्षण एवं संवर्धन के लिए यातायात के साधनों में डीजल एवं पेट्रोल के स्थान पर अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विकल्पों को अपनाया जाएगा। परिवहन मंत्री श्री राजपूत गोवा में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2030 तक एक बिलियन कार्बन उत्सर्जन को कम करने की प्रतिबद्धता के चलते राज्यों के परिवहन मंत्रियों की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा नीति आयोग के सहयोग से हरित मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कार्यशाला में केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डे, केंद्रीय राज्यमंत्री श्री कृष्णपाल सिंह, नीति आयोग के सचिव श्री अभिताभ कांत, केंद्रीय उद्योग सचिव श्री अभय गोयल सहित सभी राज्यों के परिवहन मंत्री उपस्थित थे। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के उपयोग एवं निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाना एवं योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2030 तक वाहनों की कुल बिक्री में कम से कम 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों का लक्ष्य रखा गया है। परिवहन मंत्री श्री राजपूत ने कहा इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से डीजल एवं पेट्रोल से होने वाले प्रदूषण को रोका जा सकेगा वहीं डीजल एवं पेट्रोल पर होने वाले व्यय में भी कमी आएगी। इसके साथ ही कच्चे तेल पर होने वाली विदेशी मुद्रा की बचत भी होगी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देने के लिए वाहनों के क्रय पर मोटर यान कर एवं पंजीयन शुल्क में छूट दे चुकी है।

**दिल्ली में शराब के ठेकों पर सियासत**

## नियमों का उलंघन कर खोली जा रही हैं शराब की दुकानें, कई जगह चल रहा प्रदर्शन

**एजेंसी**



दिल्ली सरकार के द्वारा एमपीडी 2021 के नियमों के विपरीत रिहायशी क्षेत्रों, स्कूलों और धार्मिक स्थलों के पास शराब की दुकानों को अलॉट करने को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने दिल्ली सरकार के नई आबकारी नीतियों का विरोध करते हुए इसे वापिस लेने की मांग शुरू कर दिया है। विधानसभा नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नई आबकारी नीतियों को लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। बिधूड़ी ने मांग किया है कि नई आबकारी नीतियों को वापिस कर हर वर्ग से ली जाने चाहिए। बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार को सुझाव दिया है कि वह नई शराब नीति को फिलहाल लागू करने से रोक दे। सभी वर्गों से सलाह-मशविरा करके इसकी समीक्षा करे। उसके बाद ही तय करे कि इसे लागू करना है या नहीं। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस बारे में जिद पर न अड़े और समाज के हित में नई शराब नीति को वापस लें। बिधूड़ी ने कहा है कि शराब के ये ठेके तमाम नियमों को ताक पर रखकर खोले जा रहे हैं जिससे हर जगह पर इनका भारी विरोध हो रहा है।

# दिल्ली के रोहिणी कोर्ट 102 के बाहर विस्फोट

## तीन से चार लोगों के घायल हाने की खबर, रोकी गई सभी अदालती कार्यवाही

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** एहतियात के तौर पर कोर्ट की सभी कार्यवाही रोक दी गई है। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है और किसी भी तरह की लापरवाही न हो इसका भी ध्यान रख रही है। दिल्ली के रोहिणी कोर्ट नंबर 102 के बाहर गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक धमाका हुआ जिसमें तीन से चार लोग घायल हो गए। लोगों को लगा था कि फिर से कोर्ट में गोली चली है। धमाका की आवाज सुनते ही कोर्ट में मौजूद लोगों में डर बैठ गया और जो जहां था वहां से सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की कोशिश करने लगा। हालांकि कुछ देर बाद खुलासा हुआ कि यह धमाका एक लैपटॉप में हुआ था जिसका कारण शॉर्ट सर्किट था। इसके बाद भी लोग दहशत में रहे। एहतियात के तौर पर कोर्ट की सभी कार्यवाही रोक दी गई है। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है और किसी भी तरह की लापरवाही न हो इसका भी ध्यान रख रही है।

**घटनास्थल पर फोरेंसिक और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड की टीमें**

दिल्ली पुलिस का कहना है कि रोहिणी कोर्ट में अदालत की कार्यवाही के दौरान एक लैपटॉप बैग में संदिग्ध विस्फोट हुआ। एक घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साक्ष्य जुटाने के लिए घटनास्थल को घेरे में लिया गया है। फोरेंसिक और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड की टीमें घटनास्थल का निरीक्षण कर रही हैं।

**पहले फैली थी गोली चलने की अफवाह**

अब तक मिली जानकारी के अनुसार जब कोर्ट में धमाके की आवाज सुनी गई तो अफवाह फैल गई कि कोर्ट में गोली चली है। कुछ दिन पहले हुई गोलीबारी की घटना जेहन में आते ही लोगों में हड़कंप मच गया। जब धमाके की बात पता चली तो तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई जिसके बाद दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। जो लोग घायल हुए ते उन्हें एंबुलेंस की मदद से नजदीक के हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद रोहिणी जिले के डीसीपी और एसीपी आरती शर्मा पुलिस फोर्स के साथ रोहिणी कोर्ट पहुंच गईं।

**जांच के बाद ही होगी औपचारिक पुष्टि**

जांच टीम इस मामले में कोई लापरवाही नहीं करना चाहती इसलिए जांच के बाद ही धमाके को लेकर कोई औपचारिक पुष्टि करेगी विस्टोफ कैसे और किसमें हुआ। अभी तक यह धमाका संदिग्ध ही बताया जा रहा है। मौके पर क्राइम और एफएसएल टीम दोनों ही मौजूद हैं।

**कुछ समय पहले ही हमलावरों ने कोर्ट रूम के अंदर की थी गोलीबारी**

कुछ समय पहले ही दो हमलावरों ने रोहिणी कोर्ट में एक गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने हमलावरों को घटना स्थल पर ही ढेर कर दिया था। जिसके बाद से ही कोर्ट में सुरक्षा के भी खास इंतजाम किए गए थे। इस बीच आज हुई ब्लास्ट ने सुरक्षा एजेंसियों को सकते में डाल दिया है।

### अध्यापक परमार का आत्मिक विदाई समारोह

**नूर मोहम्मद शेख**

बागली शिक्षक एक ऐसा व्यक्तित्व होता है जो अपनी शिक्षा से कई घरों में ज्ञान के उजाले प्रज्वलित कर देता है। ऐसे ही शिक्षक बागली तहसील के ग्राम धावड़िया में मूलचंद परमार रहे जिन्होंने 30 वर्षों से भी अधिक समय तक शिक्षा क्षेत्र में अपना अतुल्य योगदान दिया। अपने विनम्र व्यवहार और सभ्य आचरण से अध्यापकों के दिलों में बसे श्री परमार के समारोह मे क्षेत्रीय विधायक श्री पहाड़ सिंह कन्नौजे विधायक प्रतिनिधि कमल यादव। विदाई समारोह की इसी बेला में शिक्षक विक्रम सिंह परमार, लक्ष्मण परमार, जगदीश परमार ने अध्यापक मूलचंद परमार के जीवन काल में किए गए उत्कृष्ट कार्यों का विस्तृत वर्णन किया।

### शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से निकाला फ्लैग मार्च

**अज़ीम खान**

**बदायूं/सहसवान।** क्षेत्रधिकारी व थाना प्रभारी ने पूरी दल बल के साथ नवादा, बाजार विल्सनगंज, तहसील, रोड होते हुए बिसौली बस स्टैंड, पठान टोला, अकबराबाद यदि जगह पर फ्लैग मार्च निकाला वहीँ क्षेत्रधिकारी ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। वही रोड किनारे खड़ी बाइक वालों के लिए भी जम कर खदेड़ा जिसको लेकर रोड पर खड़ी करने वाले बाइक सवार लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ होटलों के लिए भी चेक किया गया जिससे कोई भी व्यक्ति होटलों पर बैठकर शराब का सेवन न कर सके थाना प्रभारी ने कहा कि अगर कोई भी ढाबा संचालक व होटल संचालक अपनी-अपनी दुकानों पर शराब पिलाता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी जैसे ही फ्लैग मार्च अकबराबाद चौराहे पर पहुंचा रोड किनारे खड़े ठेलों पर पी रहे शराबियों में हड़कंप मच गया पुलिस फोर्स को देख शराबी भाग खड़े हुए इससे पहले भी थाना प्रभारी द्वारा सख्त हिदायत ठेले वालों को दी जा चुकी है। कि कोई भी ठेलेवाला शराब बाजी कराता हुआ मिला तो उसकी खैर नहीं है! वहीं क्षेत्रधिकारी ने कहा अगर क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति गुंडा मवाली करता हुआ दिखाई दिया तो उसकी जगह सीधे जेल होगी गुंडा मवाली करने वाले लोग या तो सुधर जाएं वरना यह क्षेत्र छोड़कर चले जाएं।

## भोपाल के छोला मंदिर थाना इलाके में प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**सईद फ़राज़ अली**

पहले युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी की। इसके करीब चार घंटे बाद युवक ने अपने मामा के घर में फंदे पर लटक गया। फिलहाल, आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस दोनों के मोबाइल फोन की जांच कर रही है। पुलिस को युवक-युवती के पड़ोसियों ने बताया कि दोनों की करीबी दोस्ती थी। थाना प्रभारी अनिल मौर्य ने बताया कि गरीब नगर चांदबाड़ी में रहने वाली साक्षी साहू पिता रामदयाल साहू (21) 12वीं तक पढ़ाई करने के बाद घर में रहकर घरेलू कामकाज संभालती थी। रात करीब 8 बजे उसने घर में फांसी लगा ली। इसकी खबर पता चलते ही रात करीब 1 बजे साक्षी के घर से दो गली छोड़कर सुंदर नगर में रहने वाले उसके फ्रेंड दीपक विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय लक्ष्मीनारायण (21) ने अपने मामा के घर में फांसी लगाकर जान दे दी। साक्षी की मौत के बाद घबरा गया दीपकः साक्षी और दीपक विश्वकर्मा के प्रेम प्रसंग की जानकारी दोनों के परिजनों को थी। दीपक को रात को जब पता चला कि उसकी दोस्त साक्षी ने सुसाइड कर लिया है तो वह घबरा गया। परिजन उसे समझाते रहे। वह काफी तनाव में थे। इसके बाद परिजन उसे मामा जीतेन्द्र के घर छोड़ आए। मामा का घर उसके घर के पास ही है। जीतेन्द्र ने पुलिस को बताया कि दीपक ने रात 11 बजे के आसपास खाना खाया। रात 12 बजे तक दीपक पर जीतेन्द्र नजर रखे हुए थे। इसके बाद उन्हें नींद लग गई। रात करीब 1 बजे उनकी नींद खुली तो दीपक कमरे में नहीं मिला। उन्होंने तलाश शुरू की इसी बीच हाल में दीपक फंदे पर लटका मिला। तब तक काफी देर हो चुकी थी। शादी में जाति का अड़चनः युवक-युवती अलग-अलग जातियों के थे। दोनों शादी करना चाह रहे थे। लेकिन जाति अलग-अलग जाति के होने की वजह से परिवार की सहमति शादी के लिए नहीं बन पा रही थी। पुलिस को आशंका है कि इसी बात से दोनों काफी दुखी थे। फिलहाल, परिजनों के बयान नहीं हो सके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चालक को नशीला पदार्थ खिलाकर ई-रिक्शा, मोबाईल लूट ले गए चोर

**अज़ीम खान**

**बदायूं/सहसवान।** ई-रिक्शा चालक को नशीला पदार्थ खिलाकर लूट ले गए। ई-रिक्शा और मोबाईल ग्रामीणो की सूचना पर पुलिस ने पीछा कर ई रिक्शा किया बरामद एक बदमाश को लिया हिरासत में। ई रिक्शा चालक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घूरनपुर निवासी नब्बी पुत्र हबीब सहसवान में ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। परिजनो से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार करीब चार बजे तीन लोग कोलहाई तक जाने के लिए ई-रिक्शा किराये पर लेकर गए तो कोल्हाई पहुँचने के बाद आगे तक छोड़ने को कहकर ई-रिक्शा छोकरपुर पुलिया पर रोक लिया। किसी तरह उन्हे नशीला पदार्थ खिला दिया नशा होने पर उन्हे वहीं फेक दिया,और ई रिक्शा लेकर फरार हो गए आसपास खेतो मे काम कर रहे ग्रामीणो ने इसकी जानकारी डायल 112 को दी डायल 112 पर तेनात पुलिस ने इसकी सूचना मुजरिया पुलिस को दी। पुलिस ने बिल्सी रोड पर ई रिक्शा ले जा रहे बदमाशो का पीछा कर ग्राम रफीनगर के पास पुल से पहले दबोच लिया और ई-रिक्शा बरामद कर एक बदमाश को हिरासत मे ले लिया सूचना मिलते ही पारिजन घटना स्थल पर पहुँच गए और ई रिक्शा चालक नब्बी को सीएचसी सहसवान ले आए जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### हरदोई S P अजय कुमार द्वारा की गई मासिक अपराध गोष्ठी



**शाहवाज़ हुसैन ख़ान**

हरदोई 5.12.2021 को पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में कानून व्यवस्था की समीक्षा का आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए सभी थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थ से प्रति दिन वार्ता कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। निम्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए विशेष ध्यान केंद्रित करने को कहा हत्या, बलात्कार, लूट, डकैती, चोरी व अपहरण के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित कहा गया। अवैध शराब बिक्री मादक पदार्थ कच्ची शराब की बिक्री परिवहन पर शत प्रतिशत रोक लगाई जाए, आगामी विधानसभा चुनाव के दर्ष्ट्री गत हिस्ट्री शीटरो का सत्यापन कराते हुए प्रभावी कार्यवाही कराई जाए आगामी विधानसभा चुनाव के मद्दे नज़र अर्ध सैनिक बल व होम गार्ड के रुकने स्थान का भौतिक सत्यापन किया जाए।

### नवीन टॉकीज के मुख्य चौराहे पर मेन रोड की नाली का चेंबर करीब 8 दिन से टूटा नहीं हो रहा कार्य

**अंसार खान**



रायसेन जिले की तहसील बरेली में नवीन टॉकीज के मुख्य चौराहे पर मेन रोड की नाली का चेंबर करीब 8 दिन से टूटा हुआ पड़ा है जबकि यह मुख्य मार्ग चौराहे से हजारों टू व्हीलर वाहन प्रतिदिननिकलते हैं, हर पल दुर्घटना का खतरा बना रहता है। यह नाली का टूटा चेंबर किसी भी समय दुर्घटना को अंजाम दे सकता है लेकिन कोई भी नगर परिषद का कर्मचारी एवं अधिकारी इस टूटे हुए नाली के चेंबर की ओर ध्यान नहीं दे रहे यदि कोई दुर्घटना हो जाती है तो इसका जिम्मेदार कौन?जबकि नगर परिषद की कचरा गाड़ी प्रतिदिन इस टूटे चेंबर से अपना वाहन प्रतिदिन निकल रही है। इसके बाद भी टूटे चेंबर को नगर परिषद के कर्मचारी द्वारा भी नजरअंदाज कर दिया जाता है यह चल रहा है बरेली नगर परिषद के अधिकारियों का सिस्टम।

### एन.एच 58 पर गाजियाबाद से मेरठ की ओर सेनेट्री से लदे ट्रैक्टर ट्राली ने दो बाइक सवारों को अपनी चपेट में लिया

**भूपेंद्र सिंह पंवार**

मंगलवार शाम 6:10 बजे एक तेज रफ्तार सेनेट्री से लदे ट्रैक्टर ट्राली ने दो बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों बाइक सवार युवको के पैर टूटे व एक बाइक सवार के सर में भी चोट आ गई। 112 नम्बर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। मोके पर प्रत्यक्ष दर्शी लोगो ने बताया कि ट्रैक्टर गलत दिशा में बिना लाइट के तेज रफ्तार से आते हुवे टक्कर मार दी। मंगलवार शाम लगभग 6.10 बजे विक्रांत पुत्र राजवीर सिंह व राहुलपुत्र ओमकार सिंह ,पावली खुर्द मेरठ अपनी ड्यूटी से घर लौट रहा थे। ceret के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। घायलों को सुभारती हॉस्पिटल में भर्ती कराया गेया। दुर्घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। ट्रैक्टर मालिक ठेकेदार चरण सिंह, फूलबाग कालोनी मेरठ बताया गेया है।

### नियम के विरुद्ध चलने वाले वाहन चालकों के खिलाफ आरटीओ विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई

**ब्रज कुमार राठौर**

शाजापुर धोबी चौराहे पर मंगलवार को सुबह से ही आरटीओ विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही की गई वही आर टी ओ एपी श्रीवास्तव ने बताया कि नियम के विरुद्ध वहां चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई है वहीँ उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय चालक वाहनों के जरूरी कागजात कंप्लीट रखें, सरकारी आदेश के अनुसार अब बिना परमिट और बिना गाड़ी के कागजात वाले वाहन पर कार्यवाही के निदेश आये है, साथ ही अब जो भी वाहन आरटीयो द्वारा वाहन पकड़े जाएंगे अब उन्हें जप्त कर लिया जायेगा और कोर्ट से छुड़वाने पड़ेगा। इस लिए अब वाहन चलाने के पहले अपने वाहन से सम्बंधित सारे कागजात कंप्लीट साथ रखे।

---

पंजाब के पूर्व CM कैप्टन अमरिंदर बोले- मैं पंजाब का नंबर वन नेता

# पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर ने चंडीगढ़ में अपनी नई पार्टी का ऑफिस खोला

**एजेंसी**



**चंडीगढ।** पंजाब के पूर्व CM कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सोमवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 9 में अपनी नई पार्टी 'पंजाब लोक कांग्रेस' के ऑफिस की शुरूआत की। इसके बाद कड़े तेवर दिखाते हुए अमरिंदर ने कहा कि मेरे लिए चुनाव का कम समय कोई चुनौती नहीं है। इस समय पंजाब में मैं ही नंबर वन नेता हूं।

अमरिंदर ने कहा कि 1980 में अकाली दल के अजीत सिंह सरहदी को 14 दिन में हराया था। अकाली दल ने उन्हें 4 महीने पहले कैंडिडेट घोषित किया था, लेकिन मैं डेढ़ लाख वोटों से जीता था। कैप्टन ने पंजाब कांग्रेस प्रधान नवजोत सिद्धू के पाकिस्तान से व्यापार शुरू करने की वकालत पर तीखे तेवर दिखाए। उन्होंने कहा कि पहले पाकिस्तान हमारे सैनिकों को गोली मारना बंद करे, फिर बात करेंगे। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि हम लड़ाई के लिए तैयार हैं। 10 दिन पहले मेंबरशिप ड्राइव शुरू हो चुकी है। जल्द जिला स्तर पर ग्रुप बनाएंगे। कैप्टन ने कहा कि हमारा मकसद पंजाब जीतना है। हम जीतेंगे, इसमें कोई शक नहीं है। जल्द BJP के राष्ट्रीय प्रधान जेपी नड्डा और पंजाब इंचार्ज के साथ मीटिंग होगी। फिर शिअद (संयुक्त) के साथ मिलकर सीट एडजस्टमेंट करेंगे। **CM चन्नी के विज्ञापन देख हंसी आती है, नई सरकार में करप्शन बढ़ा** अमरिंदर ने कहा कि आजकल चन्नी सरकार अखबारों में पूरे पेज के विज्ञापन दे रही है। मुझे इन्हें देखकर हंसी आती है। किसी भी घोषणा की प्लानिंग से लागू करने तक 4 महीने से एक साल का वक्त लगता है। केंद्र सरकार समेत कई एजेंसियों से क्लीयरैंस लेनी होती है। यह सब ड्रामा कर रहे हैं। कैप्टन ने कहा कि चन्नी सरकार ने पंजाब का बेड़ा गर्क कर दिया है। सरकार में करप्शन बढ़ गया है। सीएम के हलके में ही अवैध रेत खनन हो रहा है।

## राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव का कार्यक्रम घोषित

**कमलपाल**




तद्नुसार इंदौर जिले में पहले चरण में चुनाव होंगे। इसके लिये 13 दिसम्बर को निर्वाचन की अधिसूचना जारी की जाएगी। इसी दिन से नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का सिलसिला शुरू हो जायेगा। जिले में 6 जनवरी को मतदान होगा। जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 दिसम्बर होगी। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) का कार्य 21 दिसम्बर को किया जायेगा। अभ्यर्थी 23 दिसम्बर को अपरान्ह तीन बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर उन्हें निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जायेगा। 6 जनवरी को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आवश्यकता अनुसार पंचायतों में मतदान होगा। पंच-सरपंच पद के लिये मतदान केन्द्र पर 6 जनवरी को मतदान समाप्ति के पश्चात मतगणना होगी। जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकासखण्ड मुख्यालय पर ईवीएम से 10 जनवरी को मतगणना का कार्य किया जायेगा। जिले में 11 जनवरी को पंच-सरपंच पद की मतगणना का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जायेगी। जनपद पंचायत सदस्य पद के लिये मतों की सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा 22 फरवरी को की जायेगी।

इसी दिन जिला पंचायत सदस्य पद के लिये मतों का विकासखण्ड स्तरीय सारणीकरण होगा। 23 फरवरी को जिला पंचायत सदस्य पद के लिये मतों का जिला मुख्यालय पर सारणीकरण होगा तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जायेगी।

## जनता में वैक्सीन को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है, सभी वर्ग के लोग लगवा रहे हैं वैक्सीन

**तालीम गोर**



कोरोना के 2 साल कोई भी भूला नहीं है और अब ओमीक्रॉन का भय लोगों में देखा जा सकता हैं। आज फिर से क्राइम कण्ट्रोल रिफार्म आर्गेनाइजेशन की टीम ने शास्त्री कॉलोनी कम्युनिटी सेंटर यमुनानगर हरियाणा 16वा वैक्सीनेशन कैंप लगवाया। जिसमें लगभग 210 डोज लगी। आज लोगों में फिर से वैक्सीन का उत्साह देखने को मिला, क्राइम कण्ट्रोल रिफार्म आर्गेनाइजेशन टीम की डिप्टी टीम ऑफिसर शालू चौहान ने एक बुजुर्ग महिला कमलेश 74 वर्ष जो चल नहीं सकती उसके घर जाकर उसको वैक्सीन लगवाई और एक बुजुर्ग व्यक्ति दर्शन कुमार 76 वर्ष को भी उसके घर जाकर वैक्सीन का टीका लगवाया। क्राइम कण्ट्रोल रिफॉर्म आर्गेनाइजेशन की डिप्टी टीम ऑफिसर शालू चौहान ने लोगों को जागरुक करते हुए बताया की कोरोना अभी गया नहीं है और अब तो ओमीक्रान नाम का वायरस भी आ गया हैं। इसलिए मास्क लगाएं और दूरी बनाकर रखें जिनकी वैक्सीन की पहली या दूसरी डोज नहीं लगी है, वह अपनी डोज लगाएं। तथा नशे से दूर रहें किसी भी परिवार में या पड़ोस में कोई भी नशा करता है तो आप cro team यानी क्राइम कण्ट्रोल रिफॉर्म आर्गेनाइजेशन से संपर्क कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के नेतृत्व में उस पीड़ित का मुफ्त में CRIME Control & Reform Organization (CRO TEAM) इलाज करवाएगी। मोके पर उपस्थित रहे, संस्था की डिप्टी टीम ऑफिसर शालू चौहान, ममता सैन, डिप्टी टीम ऑफिसर मुरसलीन, पूर्व पार्षद विजय बब्बर की पत्नी, समाजसेवी रेखा चौहान, नेहा, किरण, शर्मा, रितु, कंबोज, अनुज, धीमान, प्रभजोत, साबिया राव।

## कलेक्टर के निर्देशन में इंदौर में भू-माफियाओं के खिलाफ सतत कार्रवाई का सिलसिला जारी

**देवराम ठाकुर**

पीड़ति प्लांट धारकों को उनका हक दिलाने के लिये जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। इसी तारतम्य में अपर कलेक्टर डॉ. अभय बेडेकर द्वारा संतोषी माता गृह निर्माण सहकारी संस्था द्वारा निर्मित कॉलोनी के पीड़ति प्लांट धारकों की शिकायत पर कॉलोनाइजर्स को नोटिस जारी किये गये है। उल्लेखनीय है कि संतोषी माता गृह निर्माण सहकारी संस्था द्वारा निर्मित कॉलोनी के भूखण्डधारियो सर्व श्री नीलेश जैन, मांगीलाल जैन, अजिता कल्याणी व अन्य द्वारा अपर कलेक्टर डॉ. अभय बेडेकर के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की गई थी कि संस्था के कर्ताधर्ता अश्विन मेहता द्वारा कॉलोनी की 3.50 एकड़ भूमि अरूण डागरिया और चिराग शाह को बेची थी।

इस बेची गई भूमि पर पूर्व से ही लगभग 50 सदस्यों को भूखण्ड आवंटित किए जा चुके थे तथा कुछ भूखण्डों की रजिस्ट्री भी की जा चुकी थी। अरूण डागरिया व चिराग शाह द्वारा इस भूमि पर पुनः प्लॉट बेच दिए गए, जिससे पूर्व के भूखण्डधारी (जिन्हें संतोषी माता संस्था द्वारा प्लॉट दिए गए)



एवं वर्तमान भूखण्डधारको (जिन्हें अरूण डागरिया व चिरागशाह द्वारा प्लॉट बेचे गए) के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उक्त शिकायत पर त्वरित करवाई करते हुए अपर कलेक्टर डॉ. बेडेकर द्वारा अश्विन मेहता,अरुण डागरिया और चिराग शाह को नोटिस जारी कर तथ्यपरक उत्तर सहित 9 दिसंबर को दोपहर 2 बजे कलेक्टर कार्यालय कक्ष क्रमांक 103 में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के आदेश दिए गए हैं।

## अम्बेडकर कल्याण समिति ने महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**दयावान**



**रेवाड़ी।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर मानवता के मसीहा थे तथा सविधान के निर्माता थे। उक्त कथन कोसली हल्के से युवा समाजसेवी विजय गुडियानी ने व्यक्त किए। वे सोमवार को अम्बेडकर कल्याण समिति कोसली के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान था तथा वे बहुत बड़े अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, राजनीतिक, प्रतिभाशाली एवं जुझारू लेखक व राष्ट्रभक्त थे। बाबा साहब ने अपनी विद्वता की छाप समाज के हर क्षेत्र में छोड़ी तथा हिन्दू कोडबिल का क़ानून बनाकर महिलाओं को समानता का अधिकार एवं अपने हको की लड़ाई लड़ने का अधिकार दिलाया, जिसको कभी भुलाया नहीं जा सकता। समाज सेवी ने कहा कि बाबा साहब ने मजदूर तथा श्रमिको के लिए काम करने की अवधि 12 घंटे से घटाकर 8 घंटे करवाई। बाबा साहब महान शिक्षाविद थे तथा ज्ञान का अकूत भंडार थे। उन्होंने शिक्षित बनो- संगठित रहो- संघर्ष करो के नारे को अपनाकर समाज को मजबूत करने का काम किया। बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके पदचिन्हों पर चलकर एक स्वच्छ समाज का निर्माण करने का संकल्प लेंगे, यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गोरतलब है कि पीपली बस स्टैंड के समीप अंबेडकर पार्क में सोमवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर महा परिनिर्वाण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा बाबा साहब को नमन किया।

वहीं कोसली के एसडीएम होशियार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा अध्यक्षता समाजसेवी विजय गुड़यिानी ने की। एसडीएम ने कहा कि संविधान के रूप में बाबा साहब ने देश को एक पवित्र ग्रंथ भेंट किया, जो सर्वोच्च मार्गदर्शक है। आज हम सब मिलकर संविधान पढ़ने, समझने और आत्मसात करने का संकल्प दोहराएं।

### तार से भरा हुआ एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिरा

**सुनील पवार**

ग्रामपंचायत बीजलगांव के समीप खाल पर बनी पुलिया पर एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पुल से नीचे जा गिरा प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की ट्रैक्टर चालक गजराज सिंह राजपूत और उसका एक साथी नसरुल्लागंज से मकान बनाने का सामान सरिया और पटिया लेकर आ रहा था ग्राम बिजल गांव के पास खाल पर बनी पुलिया पर से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरा। ट्रैक्टर चालक व उसके साथी को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया ट्रैक्टर चालक व उसके साथी दोनों सुरक्षित है प्राथमिक उपचार के बाद चालाक गजराज को कमर में चोट लगने की वजह से हरदा ले गए वहां दोनों का इलाज चल रहा है दोनों करौंद माफी के निवासी है ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए ट्राली सहित सारा सामान खाल में गिर गया चालाक और उसके साथी ट्रैक्टर के सहारे लटके रहे ग्रामीणों ने जैसे-तैसे उन्हें बाहर निकाला बिजल गांव से करौंद के बीच में खाल पर बगैर रेलिंग की पुलिया बनी हुई है हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है दुर्घटना में किसी को कोई जनहानि नहीं हुई।

# कोरोना को लेकर प्रशासन सख्त: रोको टोको अभियान शुरू

**सैयद फ़राज़ अली**



सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क को लेकर कलेक्टर अरविंद दुबे एसपी विकाश कुमार शाहवाल के आदेश के बाद रायसेन जिले में भी मास्क का रोको-टोको अभियान शुरू किया गया है। प्रशासन के द्वारा नई गाइडलाइन भी जारी कर दी गई है, जिससे कोरोना की तीसरी लहर से बचा जा सके।

**बनाए जाएंगे नए हॉटस्पॉट...**

दरअसल नई गाइड-लाइन के तहत लोगों को कोविड नियमों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा। वहीँ अधिकारियों को कोरोना मरीज मिलते ही हॉट-स्पॉट चिन्हित कर संदिग्ध व्यक्तियों की टेस्टिंग करना अनिवार्य होगा। कलेक्टर दुबे द्वारा जारी निर्देशों के तहत आमजन को मास्क पहनना अनिवार्य होगा। साथ ही प्रशासनिक अमला बिना मास्क पहने व्यक्तियों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही भी करेगा। इतना ही नहीं बाजारों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में लगने वाली भीड़-भाड़ को भी नियंत्रित करने निर्देश दिए गए है।

**आइसोलेशन में रहेंगे विदेश से आने वाले...**

ओमीक्रॉन की दस्तक को देखते हुए विदेशों से आने वाले व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने निर्देश जारी किये गए है। कलेक्टर के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को अनिवार्यत 7 दिन के लिये होम क्वांरटाईन करें और 8वें दिन पर पुन- आरटीपीसीआर द्वारा जांच करें। पॉजीटिव पाए गए अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की व्होल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए सेम्पल संग्रहण करते हुए उन्हें पृथक से संस्थागत आईसोलेशन में रखा जाये।

वेरिएंट ऑफ कन्सर्न की प्रभावी निगरानी के लिये नियमित तौर पर भी होल जीनोम सिक्वेंसिंग सैम्पल संग्रहित कर निर्धारित प्रयोगशालाओं में प्रेषित करें।

**ये होंगे नियम...**

खांसते, छींकते समय मुँह ढकना अनिवार्य होगा।

कार्यक्रम में भीड़-भाड नियंत्रण और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य होगा।

कॉन्टेक्ट्स हिस्ट्री तैयार कर संदिग्ध व्यक्तियों की जाँच करना होगा।

कोरोना नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर सौ से पांच सौ रुपए तक और व्यापारियों पर 10 हजार तक जुर्माना वसूला जायेगा।

### परमजीत स्पोर्ट्स अकैडमी में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

**कृष्ण कुमार**



इंद्रावती चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हरियाणा राज्य सतर की कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न जिलों से आए पहलवानों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन परमजीत पहलवान कॉमनवेल्थ पदक विजेता की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पटौदी विधानसभा से विधायक सत्यप्रकाश जरा बता ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया कासन गांव से कृष्ण जैन राम भगत पहलवान सुंदर फौजी ओम दत्त शर्मा सुंदर पंडित कुश्ती रेफरी अभी नए प्रोग्राम में पहुंच कर प्रोग्राम की शोभा बढ़ाई तथा परमजीत पहलवान को इतने भव्य कार्यक्रम के लिए बधाई बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजवादी पार्टी में खलबली, चुनाव नजदीक आ रहे हैं मंत्रियों की भागमभाग

**हंसराज**

समाजवादी पार्टी के मंत्री रहे माननीय सुनील सिंह साजन लालगंज बैसवारा पहुंचकर उनका स्वागत किया गया। पूर्व विधान परिषद के सदस्य थे, चुनाव नजदीक आते ही सब पार्टी के नेता मंत्री जनता के बीच पहुंचने का प्रयास कर रहे है, टिकट के लिए होड़ मची हुई है माननीय मंत्री सुनील सिंह साजन जी जो समाजवादी पार्टी के माननीय अखिलेश यादव के काफी करीबी माने जाते हैं समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता भी हैं माननीय सुनील सिंह साजन। इनके साथ रायबरेली अध्यक्ष माननीय वीरेंद्र यादव उनका भी स्वागत किया गया। उन्होंने महंगाई बेरोजगारी का भी मुद्दा उठाया है और कहा हमारी सरकार आते ही हम बेरोजगारों को रोजगार देंगे। जितने भी बेरोजगार साथी रोजगार के लिए घूम रहे हैं, हमारी सरकार आते ही सभी को रोजगार मिलेगा।

### जैन धर्मार्थ औषधालय में मुफ्त कराई जा रही है आंखों की सर्जरी



**कृष्ण कुमार**

कासन गांव स्थित जैन धर्मार्थ औषधालय में हर मंगलवार को आंखों की सर्जरी फ्री कराई जाती है जिसमें सर्जन दिल्ली से आते हैं और यहां पर हर मंगलवार को लगभग 120 से 150 लोगों के आंखों की फ्री जांच कराई जाती है जिनमें बड़े बुजुर्ग लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। मानेसर नगर निगम से मेयर प्रत्याशी डॉ इंद्रजीत यादव जी ने पहुंच कर लोगों का हालचाल जाना और लोगों के लिए प्रसाद की व्यवस्था कराई। इस मौके पर डॉ इंद्रजीत यादव ने कहा मेरी तरफ से जो भी मदद होगी मैं उसके लिए तैयार रहूंगी और लोगों की सेवा करती रहूंगी।

### बैंक ने पातीराम की बिना मर्ज़ी के किया बीमा, पातीराम ने उठाई आवाज़ तो बैंक के चक्कर काटने को मजबूर पातीराम

**अज़ीम खान**



बदायूं/बिसौली-नगर की स्टेट बैंक मुख्य शाखा में तहसील क्षेत्र के ग्राम बिजौरी के रहने वाले पाती राम का खाता था। यह खाता उन्होंने बन्द करवाकर पैसे अपने दूसरे खाते में ट्रांसफर करने को कहा था। बैंक कर्मचारियों ने पैसे खाते में ट्रांसफर कर एक स्वास्थ्य बीमा के बदले में 10500 रुपये काट लिए। पातीराम के अनुसार उसने किसी तरह का कोई बीमा नही कराया था। वह काफी गरीब व्यक्ति है पंजाब में रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन कर रहा है। वह पढ़ा-लिखा नही है। केवल हस्ताक्षर करना जानता है। बैंक कर्मियों ने धोखे से खाता बन्द करने के एवज में किसी फॉर्म पर पाती राम से हस्ताक्षर करा कर 10500 की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खोल दी। जो पातीराम ने नही कराई थी। करीब एक महीने से पाती राम पंजाब से बिसौली स्टेट बैंक मुख्य शाखा के चक्कर काट रहा है। बैंक कर्मी पैसे वापस करने को मना कर रहे हैं। इसको लेकर पाती राम ने उच्चाधिकारियों को लिखकर पैसे वापस करवाने व इस कार्य में संलिप्त बैंक कर्मचारियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

### ट्रैक्टर ट्राली पलटने से रोड पर लगा जाम बाल-बाल बचे यात्री

**हंसराज**

रायबरेली जिले में थाना गुरबक्श गंज थानाक्षेत्र के कुछ ही दूरी पर रायबरेली और उन्नाव बॉर्डर के दोसड़का कानपुर रोड पर ट्रैक्टर ट्रॉली ओवरलोड लकड़ी से लदी ट्राली पलटी जिसके दोनों पाइए बाहर निकल गए और यात्रियों को रोड से आने जाने में बड़ी दिक्कत हो रही है इस तरह की दुर्घटनाओं से बाल-बाल बचे ऐसा जब होता है जब ओवरलोड लकड़ी लदी होती है तभी होता है यह सब ठेकेदारों की लापरवाही के कारण होता है ऐसी लापरवाही ठेकेदार ना करें।

### कनाकोर गन्ने के सेंटर पर किसानों के साथ की जा रही है खूब लूट

**भजन सिंह**

किसानों के गन्ने के साथ सेंटर इंचार्ज नूर मोहम्मद कर रहे है खूब लुटाई अधितर गन्ना तौल के सेंटरो पर भोले भाले किसानों को उनकी मेहनत करके उगाए गए गन्ने की तोल में घटतोली करके उन्हे बेवकूफ बनाते हैं। ऐसा ही एक मामला जनपद पीलीभीत के कनाकोर सेंटर नंबर A पर देखने को मिला जहां के किसान सेन्टर इंचार्ज के द्वारा की जा रही कटौती से बेहाल है किसानों ने बताया कि उनके गन्ने का धर्मकटा कराने के बाद भी 3 पर्तीशत कटौती की जाती है और सेन्टर के काटे पर तौलने पर 4 से 5 प्रतिशत की कटौती की जाती है सेन्टर इंचार्ज मौके पर नही थे इस वारे मैं जब सेन्टर के इंस्पेक्टर से बात की उन्होंने कहा ऐसा नहीं है सब ठीक चल रहा है इससे साफ जाहिर है की घटतोली का सारा कार्य सभी की मिलीभगत से चल रहा है नीचे से ऊपर तक सब गोलमाल में लिप्त है।

### दशहरा मैदान पर लोकल हॉकी प्रतियोगिता

**सैयद फ़राज़ अली**

छह दिवसीय लोकल हॉकि प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच के मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष अरविंद मालवीय की अध्यक्षता और पूर्व पार्षद शिवराज चौहान, निखिल खरे के मुख्य अतिथि में उद्घाटन मैच हिंदी स्पोर्ट्स और शाबा ईलेवन के बीच खेला गया। मैच के प्रारंभिक क्षणों में दोनों टीमें एक दूसरे के गोलपोस्ट में गोल करने के लिए तरसती दिखाई दी।

## जन-प्रतिनिधियों और नगरवासियों की सलाह से

# स्मार्ट सिटी में होने वाले कार्यों की प्राथमिकता तय होगी

**एनसीआर समाचार**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि स्मार्ट सिटी मिशन में जनता की आवश्यकता और शहर की प्राथमिकता के अनुसार जन-प्रतिनिधियों और नगरवासियों की सलाह से कार्यों की प्राथमिकता तय होगी तथा उसके अनुरूप ही निर्माण कार्य संचालित किए जाएंगे।




स्मार्ट सिटी निर्माण में सौन्दर्यीकरण के स्थान पर उपयोगिता और जनता की सुविधा को प्राथमिकता बनाया जाएगा। कोई भी नया टेण्डर नहीं होगा और जो कार्य आरंभ नहीं हुए हैं उनकी समीक्षा की जाएगी। राशि का मितव्ययी और सही उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वे स्वयं सातों स्मार्ट सिटी भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, ग्वालियर, सागर और सतना के जन-प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वर्ष 2019 में स्मार्ट सिटी मिशन में हुए कार्यों, उनके औचित्य, टेंडर प्रक्रिया, व्यय राशि तथा अनियमितताओं की जाँच की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में 6 हजार 600 करोड़ रूपए राशि से 587 योजनाएँ संचालित हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी सात शहरों में संचालित योजनाओं की वे स्वयं बिन्दुवार समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में स्मार्ट सिटी मिशन की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य नगरीय विकास को नई दृष्टि देना है। बड़े शहरों के साथ मझौले और छोटे शहरों का नियोजन भी भविष्य की व्यवहारिक आवश्यकताओं के अनुसार किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन के वित्तीय संसाधनों का उपयोग केवल स्मार्ट सिटी तक ही सीमित नहीं रहे। इसके वित्तीय संसाधनों का उपयोग संपूर्ण शहर के विकास में सुनिश्चित किया जाए। मूलभूत कार्यों के लिए स्मार्ट सिटी से नगर निगम या अन्य एजेंसियों को राशि हस्तांतरित करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

स्मार्ट सिटी मिशन को शहरों के विकास का इंजन बनाना है। मिशन में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग संपूर्ण शहर के अधोसंरचना विकास में किया जाए, यह केवल सौन्दर्यीकरण तक सीमित न रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल में बंद पड़े कैमरों और सागर के निर्माणाधीन लाखा बंजारा तालाब की धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन, नगर निगम एवं पुलिस सहित नगरीय प्रबंधन से संबंधित विभिन्न एजेंसियों से बेहतर समन्वय सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्टार्टअप्स इंक्यूबेशन सेंटरों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए।

मिशन में क्षेत्र आधारित विकास में मुख्य अधोसंरचना कार्य जैसे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और ट्रांसफर स्टेशन्स, जल प्रदाय, फ्लाई ओवर तथा ब्रिज, पार्क, उद्यान, खेल परिसर, ऊर्जा दक्ष लाईटिंग, पुरातत्व धरोहर संरक्षण में रिस्टोरेशन, लेक डेव्हलपमेंट, बायो मैथेनाइजेशन प्लांट, मल्टीलेवल पार्किंग व नॉन मोटराईज ट्रांसपोर्ट संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। पैन सिटी के अंतर्गत संपूर्ण शहर के लिए एकीकृत कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर, इंटेलीजेंट ट्रेफिक मैनेजमेंट, स्टार्टअप इंक्युबेशन सेंटर, स्मार्ट क्लास रूम, स्मार्ट पोल जैसी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। बैठक में स्मार्ट सिटी मिशन में ग्वालियर में सांस्कृतिक एवं पुरातत्व संग्रहालय, भोपाल की सदर मंजिल, ग्वालियर के टाउन हॉल, इंदौर की हरिराव होलकर छतरी एवं गांधी हॉल, ग्वालियर फोर्ट की फसाड लाइटिंग, उज्जैन के महाकाल मंदिर एवं निर्माणाधीन श्री महाकाल मंदिर परिसर, इंदौर की कान्ह नदी संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण परियोजना, जबलपुर के गुलउआ ताल, भोपाल के स्मार्ट पार्क, ग्वालियर की एनर्जी एफिशिएंट एलईडी स्ट्रीट लाइट, भोपाल के आर्च ब्रिज, सागर के निर्माणाधीन फ्लाईओवर, भोपाल, इंदौर एवं उज्जैन के बायोमिथिनेशन प्लांट, भोपाल एवं इंदौर के अपशिष्ट ट्रांसफर स्टेशन, सौर ऊर्जा संयंत्र जबलपुर, इंदौर की छप्पन दुकानें, जबलपुर के खेल परिसर, जबलपुर और इंदौर में चल रहे इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर की जानकारी दी गई।

## कलेक्ट्रेट के सभागृह कक्ष में सीईओ जिला पंचायत ने की पंचायत चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

**देवराम ठाकुर**

उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान जिला कार्यालय के प्रमुख द्वारा किसी भी अधिकारी कर्मचारी के अवकाश को स्वीकृत नहीं किया जाये । विशेष प्रकरणों में ही अवकाश की स्वीकृति दी जाये। सीईओ श्री मिश्रा ने कहा कि सभी जिला अधिकारी मतदान केन्द्रों का मुआयना करें खिड़की इत्यादि शीघ्र व्यवस्थित कर लिये जायें।




उन्होंने कहा कि विकलांग मतदाता को कोई परेशानी न हों इसके लिए सभी मतदान केन्द्रों पर रपटा अनिवार्य रूप से तैयार किया प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जाये। सीईओ श्री मिश्रा ने कहा कि पंचायत चुनाव की आचार संहिता के दौरान कोई भी नये कार्य संपादित नहीं किये जायेगें। उन्होंने कि स्वच्छता सर्वेक्षण के कार्यों में आचार संहिता का काई बंधन नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि जिले के कार्यालयों का निरीक्षण किया जो स्वच्छ कार्यालय होगा उसे पुरस्कृत किया जायेगा। सभी जिला अधिकारियों को स्वच्छता अभियान का पालन गंभीरता से करने के निर्देश दिये। सीईओ श्री मिश्रा ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने विभागों से संबंधित योजनाओं और उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। सीईओ श्री मिश्रा ने कहा कि निर्वाचन कार्य में शामिल अधिकारी कर्मचारियों की ट्रेनिंग शीघ्र कराई जाये। उन्होंने कहा कि बैरसिया विकासखण्ड के अधिकारी कर्मचारियों की ट्रेनिंग बैरसिया में और फंदा विकासखण्ड के अधिकारी कर्मचारियों की ट्रेनिंग फंदा में ही कराई जाये। फंदा विकासखण्ड के अधिकारी कर्मचारियों की निर्वाचन ड्यूटी बैरसिया विकासखण्ड के ग्रामों में लगाई जाये।

## अवैध टोस्ट फैक्ट्री को नगर निगम के अमले द्वारा जमींदोज कर दिया गया

**एनसीआर समाचार**

फैक्ट्री संचालकों द्वारा नगर निगम से बिना अनुमति लिये फैक्ट्री स्थापित की गई थी। नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिये नोटिस भी जारी किये गये थे। बिना अनुमति फैक्ट्री स्थापित करने व अतिक्रमण होने से निगम द्वारा प्रशासन द्वारा अवैध फैक्ट्री को जमीदोज कर दिया गया। उक्त फैक्ट्री फन एंड फ़ूड पर कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर मिलावट से मुक्ति अभियान अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा इस साल 23 सितंबर को नागझिरी इंडस्ट्रीयल एरिया देवास रोड स्थित टीम के साथ दबिश दी गई थी। दबिश में खाद्य



सुरक्षा अधिकारियों की टीम को बेकरी में कई अनियमितताएँ पाई गई थी। बेकरी में टोस्ट निर्माण में स्वास्थ्य के लिये हानिकारक प्रतिबंधित सेकरीन का उपयोग होना पाया गया। साथ ही कर्मचारियों द्वारा गंदगी के बीच टोस्ट का निर्माण किया जा रहा था। अधिकारियों की टीम को यहाँ निर्माण परिसर में जगह-जगह थूकने के निशान भी मिले, तथा कर्मचारियों द्वारा अपनी व्यैक्तिक स्वच्छता का ध्यान नहीं रखा जा रहा था। टीम को यहाँ कार्यरत कर्मचारियों के मेडिकल परीक्षण प्रमाण-पत्र भी नहीं मिले। टीम ने यहाँ से तैयार किये जा रहे टोस्ट एवं कच्ची खाद्य सामग्रियों व सेकरीन के सेम्पल लिये राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये, तथा मौके पर उपलब्ध लगभग 1736 किलोग्राम टोस्ट व खाद्य सामग्री जिसका मूल्य लगभग रूपये 1लाख 18 हजार रु जप्त किया गया था। खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट में टोस्ट में हानिकारक सेकरीन पुष्टि पाई गई एवं नमूनें मानव स्वास्थ्य के लिये असुरक्षित घोषित किये गये।

### मुन्सिफ कोर्ट की स्थापना हेतु वकीलों ने तहसील परिसर में किया धरना प्रदर्शन

## वकीलों ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अज़ीम खान**

**बदायूं/दातागंज।** वेलफेयर एसोसियन दातागंज के समस्त अधिवक्तागण 6 वें दिन भी हड़ताल पर रहे तथा तहसील परिसर दातागंज में सयुक्त रूप से समस्त वकीलों ने धरना प्रदर्शन करते हुए जिला सत्र एवं न्यायाधीश के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा।



अधिवक्तागण मुन्सिफ न्यायालय की स्थापना की मांग पिछले कई बर्षों से कर रहे हैं जिसके लिये पिछले कई वर्षों से हर शनिवार को हड़ताल पर रह रहे है विगत 2 दिसम्वर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं अधिवक्ताओं की मांग है कि वर्ष 2008 से दातागंज में मुन्सिफ न्यायालय स्वीकृत है उसके बाद भी आज तक मुन्सिफ मजिस्ट्रेट की तैनाती नहीं की गयी है जिसके कारण वादकारियों को वेवजह जिला मुख्यालय भागना पड़ता है जिसके कारण समय एंव धन की वर्वादी होती है पिछली वर्ष पूर्व में जिलाधिकारी के लिखित आदेश पर उपजिलाधिकारी के रिक्त न्यायालय को जिला सत्र एवं न्यायाधीश के हक में हस्तान्तरण कर दिया गया उसके उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा मरम्मत हेतु असमर्थता जतायी गयी तथा कहा गया कि यदि अधिवक्तागण सहमत हों तो भवन की रगाई पुताई एवं मरम्मत वार की तरफ से करा सकते हैं उसके उपरान्त बार वेलफेयर एसोसियन दातागंज ने अपने निजी धन से मुन्सिफ न्यायालय कोर्ट को तैयार करा दिया गया जो लगभग एक वर्ष से तैयार खड़ा है और तैनाती का इन्तजार कर रहा है उसके वाद भी मुन्सिफ मजिस्ट्रेट की तैनाती नहीं की गयी है इसी क्रम में मगंलवार को बार वेलफेयर एसोसियन दातागंज के अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में वैनर तले बैठकर धरना प्रदर्शन किया वार अध्यक्ष आराम सिंह यादव ने कहा कि हम समस्त अधिवक्तागण जनहित को ध्यान में रखते हुए पिछ्ले कई वर्ष से हर शनिवार को हड़ताल पर रहकर मुन्सिफ कोर्ट की स्थापना की मांग कर रहे है लेकिन अधिकारियों की हट धर्मिता के कारण मुन्सिफ कोर्ट की स्थापना नहीं हो सकी है हम सबने यह सकल्प लिया है जब तक दातागंज में मुन्सिफ कोर्ट की स्थापना नहीं हो जाती तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

## संभावित प्रत्याशी मुजीब ख़ान द्वारा पिछड़ा वर्ग दलित समारोह का भव्य आयोजन

**शाहवाज़ हुसैन ख़ान**

हरदोई शाहबाद 155 विधान सभा क्षेत्र शाहबाद से मुजीब ख़ान के द्वारा 7 नवम्बर 2021 की पिछड़ा दलित वर्ग का सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से अतिथि ज़िला अध्यछ हरदोई जितेन्द्र वर्मा जीतू एवम एम एल सी श्री राज्य पाल कश्यप रहे जितेन्द्र वर्मा जीतू ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। संभावित प्रत्याशी 155 विधान सभा मुजीब ख़ान ने बताया कि सपा में बूथ स्तर पर एक-एक कार्यकर्ता मजबूती से कार्य कर रहा है। मुजीब ख़ान ने कहा कि भाजपा सरकार सपा के कार्यकर्ताओ को भयभीत करने का कार्य कर रही है मुजीब ख़ान ने कहा कि 2022 में सरकार सपा सरकार बनने पर हर



कार्यकर्ता को सम्मानित किया जाएगा। जितेन्द्र वर्मा जीतू ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में सपा ऐतिहासिक जीत दर्ज कर इतिहास रचने वाली है मुजीब ख़ान ने किसानों एवम बेरोज़गारी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार हर मुद्दे पर फेल है मुजीब ख़ान ने बताया कि सपा सरकार बनने पर बिजली किसानों को बिजली मुफ़्त उपलब्ध कराई जायेगी 1500 rs पुरानी पेंशन योजना पुनः शुरू की जाएगी।

## एएसपीएएसपी के कुशल नेतृत्व में थाना सांडी प्रभारी निरीक्षक ने किया हत्या का सफ़ल खुलासा



**शाहवाज़ हुसैन ख़ान**

हरदोई 27 नवम्बर की रात सत्यम की संदिग्ध अवस्था में हुई हत्या की गुत्थी को श्रीमान एएसपी पूर्वी हरदोई के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक सांडी ने मुखबिर की सूचना पर सुलझा लिया थाना सांडी पर 27/11/2021 को पंजीकृत अभियोग 667/21 धारा 302 /201 में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त धीरज पुत्र सदा शिव सैनी जीतू पुत्र रामशंकर सैनी निवासी मोहल्ला नौशहरा कस्बा थाना सांडी को हरपालपुर रोड पर बरैलिया पुल के पास मुखबिर की सूचना पर समय करीब 9 बजे मुखबिर की सुचना पर गिरफ़्तार कर लिया गया सत्यम को ईट से कुचल कर एवम मफलर से गला कसकर जान से मार दिया गया और उसके शव को बोरे में भर कर छिपाने के उद्देश्य से यशोदा शुक्ल के मकान के पास मोहल्ला मुंशिगनज में फेंक दिया था।

### हम एक हैं द्वारा आज़ादी का अमृत महोत्सव पर मुशायरा का आयोजन




**सैयद फ़राज़ अली**

संस्था हम एक हैं के ज़ेरे एहतेमाम चोपाल पे मुशायरा जिसका मक़सद उर्दू शायरी को गांव-गांव व देहात में आम करना। जिस की सदारत जनाब एम. डब्लू अनसारी, (रिटायर्ड. डी.जी.पी. *६ गढ़) और मेहमान-ए-ख़ुसूसी जनाब मक़बूल वाजिद ने अदा की। जावेद बैग सहाब ने भी अपनी आमद दर्ज की। डॉ मोहम्मद आज़म सहाब ने अपने लाजवाब अंदाज़ में की। इन शुअरा हज़रात ने अपने कलाम से मैहफ़िल को गुलज़ार किया।

## हम फाउंडेशन के संगठन मंत्री व शाखा अध्यक्ष पहुंचे भोपाल



**राजेंद्र योगी**

हम फाउंडेशन भारत मध्यप्रदेश का गौरवमय कार्यक्रम भोपाल में होटल राजहंस में हम फाउंडेशन मध्यभारत के द्वारा आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में मुख्य अतिथि श्री निशिकांत चौधरी जी राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री के पी राही जी प्रदेश अध्यक्ष, श्री किशोर अग्रवाल जी राष्ट्रीय महामंत्री एवं श्री प्रमोद समाधिया मध्य भारत अध्यक्ष के द्वारा स्नेहिल सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्यो गरीब व जरूरतमंदो की सेवा हेतु प्रांतीय संगठन मंत्री हम फाउंडेशन मध्यप्रदेश वारिस अली एवं शाखा अध्यक्ष पं राकेश नागौरी सहित बागली शाखा के अनिल राठोर, नेमीचंद भुसारीया आदि को स्मृति चिन्ह देकर समानित किया गया।

### बोरतलाव के पीपरखार में एक युवक की हत्या का मामला

**नोहार कुमार सिन्हा**

हत्या के आरोपी को पुलिस ने वारदात के कुछ घंटे के भीतर गिरफ्तार भी कर लिया है। डोंगरगढ़ एसडीओपी के.के पटेल की अगुवाई में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक पीपरखार के 40 वर्षीय बालकिशन लोधी ने गांव के ही मंगल यादव को बकरा बेचा था। इसके बाद से बालकिशन लगातार मंगल पर बकरे की रकम देने के लिए दबाव बना रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कई बार कहा-सुनी भी हुई। अक्सर दोनों के बीच उधारी को लेकर झंझट भी होते थे। बालकिशन मंगल यादव के पास उसके घर पहुंचा और रकम की मांग करने लगा। इस बात से गुस्से में आकर मंगल यादव ने टंगिये से बालकिशन पर वार कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पासपोर्ट में नाम गलत होने से परेशान उमाशंकर




**हंसराज**

पासपोर्ट में नाम गलत होने के कारण कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसा जब होता है जब कुछ कर्मचारी की लापरवाही से हमारे पास पोस्ट या अन्य कोई भी आईडी में नाम गलत हो जाता है तो संशोधन कराने में बड़ी दिक्कत होती है ऐसा एक व्यक्ति के साथ हुआ शिवम यादव पुत्र उमाशंकर यादव उन्होंने अपना पासपोर्ट बनवाया था बाद में पता चला कि नाम ही गलत है ऐसे में वह विदेश नहीं जा पा रहे हैं काफी जगह गए और संशोधन कराने का प्रयास किया लेकिन हो नहीं पाया और वह बहुत ज्यादा परेशान हैं इस तरह की गलतियों आम जनता को झेलनी पड़ती हैं।

### हरियाणा के यमुनानगर में एसपी द्वारा चलाये जा रहे मुहीम नशा मुक्ति से जनता उत्साहित



**आमिर अल्वी**

एसपी कमलदीप गोयल जी के नेतृत्व में नशा मुक्त अभियान चलाया हुआ है जिसमें आज थाना पंसार में मीटिंग रखी गई जिसमें गांव रायपुर कॉलोनी के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। थाना अध्यक्ष बलराज ने सभी को इस मुहिम में सहयोग करने की अपील की और जो साथी नशा छोड़ना चाहते हैं वह थाने से संपर्क कर सकते हैं। जो इंसान नशा छोड़ना चाहते हैं उनकी हर संभव मदद की जाएगी, जिसमें उनकी दवाइयों का और रहने का इलाज बिल्कुल मुफ्त किया जाएगा। एसपी कमलदीप गोयल जी के नेतृत्व में मौके पर थाने में क्राइम कंट्रोल रिफॉर्म आर्गेनाइजेशन के जिलाध्यक्ष आमिर अल्वी, अमजद रोहित और मदद युवा संगठन से सोनू रिजवान इनाम साथी मौजूद रहे।

### पुलिस का नशे पर कड़ा प्रहार लगातार जारी, 52.39 ग्राम स्मैक (कीमत 5 लाख से अधिक) के साथ दंपत्ति गिरफ्तार



**साकिर खान**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उधम सिंह नगर के द्वारा जनपद में बढ़ रहे अवैध नशे के कारोबार में लिप्त लोगों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं सहायक पुलिस अधीक्षक काशीपुर के द्वारा प्रभारी एसओजी काशीपुर के निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया था उक्त टीम के द्वारा दिनांक 07/12/2021 को मोहल्ला किला सरस्वती शिशु मंदिर के पास से दो अभियुक्त गणों को कुल 52.39 ग्राम अवैध स्मैक बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया है। दोनों अभियुक्त गण पति पत्नी है जो कि आसपास के क्षेत्र के लोगों को स्मैक बेचकर पैसा कमा रहे थे, दोनों पति-पत्नी पूर्व में भी स्मैक बेचने व गैंगस्टर एक्ट मे जेल जा चुके हैं। पूछताछ में दोनों अभियुक्त गणों द्वारा उक्त स्मैक ठाकुरद्वारा क्षेत्र से लाना बताया गया है।

### उत्तराखंड में मंहगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी सहित भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ रैली



**कैंवर सिंह भंडारी**

सहित भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र सिंह भंडारी जी व अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती रजनी भंडारी जी रैली में शामिल हुए तथा जनसभा को सम्बोधित किया। इस रैली में भारी जनसमूह ने भागीदारी की। माननीय पूर्व कैबिनेट मंत्री भण्डारी जी पूरे उत्तराखंड प्रदेश के, सर्वमान्य नेता हैं। विकास पुरुष है।इनका जनाधार सभी जगह पर है। हर वर्ग के चहेते हैं। यही कारण है कि हर क्षेत्र/जिला/प्रदेश में इनकी बढ़ती लोकप्रियता से हर रैली/जनसभाओं में इनकी प्रतिभागिता की अपेक्षा अधिक रहती है।

---

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति में व्यावसायिक शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा देने की प्रभावी पद्धति का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा**

# योग को खेल के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा: चौहान

**देवेन्द्र कुमार जैन**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि योग को खेल के रूप में विकसित कर शालेय शिक्षा के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाएगा। प्रदेश में जन-जन तक योग के विस्तार के लिए योग आयोग का गठन किया जाएगा। योग की शिक्षा को शालेय स्तर पर जोड़ने से शिक्षा को रूचिकर बनाने और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संवर्धन में सहायता मिलेगी। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार किया जा रहा है। विद्यार्थियों को विभिन्न सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिक्षा को रूचिकर बनाने की दिशा में जारी इन प्रयासों से निजी स्कूलों की ओर जन-सामान्य का आकर्षण कम होगा। इस दिशा में जारी गतिविधियों के परिणाम शीघ्र ही प्रदेशवासियों को देखने को मिलेंगे। शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान, कौशल और नागरिकता के संस्कार देना है। प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में व्यावसायिक शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा देने की प्रभावी पद्धति का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान 7 दिसंबर को मंत्रालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लिए गठित टास्क फोर्स की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इंदर सिंह परमार, विद्या भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामकृष्ण राव तथा राष्ट्रीय महामंत्री श्री राम अरावकर, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरूण शमी सहित टास्क फोर्स के सदस्य तथा विषय-विशेषज्ञों ने भाग



लिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों में श्रम की प्रतिष्ठा को स्थापित करने की आवश्यकता है। गत वर्षों में शिक्षा व्यवस्था ने काम करने की प्रवृत्ति और श्रम के प्रति सम्मान के भाव को कम किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्थानीय कौशल और महत्वपूर्ण व्यवसायिक शिल्प सीखने के स्पष्ट प्रावधान हैं। इन गतिविधियों से विद्यार्थियों में श्रम की प्रतिष्ठा और श्रम कर रहे लोगों के प्रति सम्मान का भाव जागृत करने में मदद मिलेगी। इस दिशा में टास्क फोर्स को गंभीरता से कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि केवल शालाओं में प्रवेश के लिए ही नहीं अपितु कक्षा 5वीं से 6वीं और कक्षा 8वीं से 9वीं में प्रवेश के लिए भी स्कूल चले अभियान चलाया जाए। कक्षा 6 और कक्षा 9 में ड्राप आउट की संख्या में कमी लाने के लिए यह गतिविधि आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शिक्षा को अधिक से अधिक रूचिकर और गतिविधि केंद्रित बनाने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण, शालेय शिक्षा में आईटी के उपयोग, बच्चों के लिए त्रि-भाषा योजना के क्रियान्वयन तथा पलायन करने वाले परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा की विशेष व्यवस्था करना आवश्यक है। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसमें राज्य पाठ्यचर्या के लिए 4 फ्रेमवर्क समूह और स्टेट केरीकुलम फ्रेमवर्क के विकास के लिए राज्य स्तर पर 25 फोकस ग्रुप गठित किए गए हैं। टास्क फोर्स में 24 अशासकीय सदस्य तथा 26 शासकीय सदस्य हैं। विद्या भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामकृष्ण राव ने सुझाव दिया कि वैश्विक परिदृश्य और स्थानीय परिस्थितियों को जोड़ते हुए पुस्तकें विकसित की जाएँ। शिक्षकों की सोच को सकारात्मक बनाने और उनकी डिजिटल लिटरेसी पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है। शिक्षा व्यवस्था को भारतीय संस्कृति, जीवन मूल्य, परम्पराओं और भारतीय शिक्षा पद्धति के आधार पर विकसित करना होगा। स्थानीय आवश्यकताओं और कला संसाधनों की मैपिंग करते हुए उद्यम तथा क्षमता विकास की गतिविधि आधारित सीखने की प्रक्रियाओं को शालेय स्तर पर लागू करना आवश्यक है।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस: सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक: संभागायुक्त बामरा

**एनसीआर समाचार**

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (सेवानिवृत्त) श्री यशवंत कुमार सिंह ने मंगलवार को संभागायुक्त श्री गुलशन बामरा को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का प्रतीक ध्वज लगाया और प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया गया।

संभागायुक्त ने झंडा दिवस निधि के रूप में अपनी ओर से सहयोग राशि प्रदान की। इस दौरान संभागायुक्त ने कहा कि झंडा दिवस सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सैनिक देश की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं के कारण कर्तव्य पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त हो जाते हैं। इन सैनिकों को स्मरण करने



और सम्मान देने तथा देश के नागरिकों द्वारा सैनिकों के प्रति सम्मान भाव प्रकट करने के लिए प्रतिवर्ष 7 दिसंबर सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर मोटर वाहनों में लगने वाले कार ध्वज तथा प्रतीक ध्वज वितरित किए जाते हैं। वितरण द्वारा संग्रहित राशि से शहीद सैनिकों के आश्रित परिजनों, दिव्यांग सैनिकों, पूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण तथा पुनर्वास से संबंधित आर्थिक सहायता योजनाएं संचालित की जाती हैं। देश में यह दिवस 1949 से प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है।

## नगर बागली में रोको टोको अभियान, घर-घर दस्तक देकर किया जा राहा टीकाकरण



**नूर मोहम्मद शेख**

नगर के आखिरी छोर पर ईट भट्टों पर पहुंचकर भी किया गया टीकाकरण, स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद बागली की टीम लगातार पहुंच रही है। क्षेत्रवासियों के पास बागली पिछले कुछ दिनों से खबरें सुनने को मिल रही है कोरोना अपने नए वेरिएंट ओमिक्रान के साथ फिर दस्तक दे रहा है, जोकि यकीनन चिंता का विषय है। लेकिन हमें डरने के बजाय, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ-साथ स्वास्थ्य पर पूर्ण रुप से ध्यान देने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद के कर्मचारी अधिकारी तो अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहे हैं। लेकिन आमजन को भी अब सतर्क होने की जरूरत है, यह बात भी आम जनता धीरे-धीरे समझने लगी है। नगर बागली के रहवासियों ने भी चल रहे टीकाकरण अभियान में सहयोग कर किसी ने प्रथम किसी ने दूसरा डोज लगवाया। स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ प्रेम वास्केल, क्षेत्रवासियों को टीके लगा रही हैं। वहीं नगर परिषद बागली के कर्मचारी लायक अली ,गोविंद राठौर, जमील शेख, राजकुमार अजमेरा ने भी आमजन को जागरूक कर टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया।

### छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को वैक्सीनेशन के लिए किया प्रेरित

जिले में कोरोना संक्रमण के नियंत्रण एवं बचाव हेतु महाअभियान चलाकर सभी पात्र लोगों का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। जिले में बुधवार को चलाए गए महाअभियान के तहत अधिक से अधिक पात्र लोगों को वैक्सीन की द्वितीय डोज लगाए जाने के लिए सॉची, गैरतगंज, सिलवानी, बेगमगंज सहित अन्य ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया।

## एक अनोखी पहल: वर वधु ने बाबा साहेब की प्रतिमा को साक्षी मान किया विवाह

**राजेंद्र योगी**

ग्राम आमलाताज मे भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा को साक्षी मानकर विवाह सम्पन्न किया, बाबा साहेब के सविधान की शपथ लेकर वर माला पहना कर पति पत्नी बंधन मे बंधे सारे रीती रीवाज को तियाग कर समाज मे नई मिशाल कायम की आमलाताज के मुकेश बागड़िया वर ने भोपाल निवासी वर्षा वधू से विवाह बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष शपथ लेकर पति-पत्नी के बंधन में बंधे !

भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पदाधिकारी द्वारा पति-पत्नी का प्रमाण पत्र दिया जाएगा तथा गांव की परंपरा अनुसार घर परिवार व ग्रामीणों को भोजन कराया जाएगा समाज के रीति रिवाज व फिजूलखर्ची को देखते हुए नवयुवक जोड़े ने समाज को एक संदेश देते हुए सिंपल शादी कर एक



अनोखी पहल की शुरुआत की है ,इस विवाह के उपरांत परिवार सहित सभी ने बर बधू को आशीर्वाद दिया ! इस अवसर पर भीम आर्मी एकता अध्यक्ष व तहसील उपाध्यक्ष संतोष बागड़यिा ग्राम उपाध्यक्ष दीपक टाटिया मीडिया प्रभारी जोगेंद्र सिंह बागड़ीया सचिव देवकरण बागड़िया दिनेश बागड़िया राजन आचार्य जी अरविंद बगड़िया विशेष प्रवक्ता आत्माराम बागड़यिा वह गांव के सदस्य बलवान बागड़िया दयाराम बागड़िया जसपाल दगोलियां वर वधु के परिवार सहित आदि लोग मौजूद रहे !

## मुकुंदपुर टाइगर सफारी मनोरम स्थलों में एक है : राज्यपाल

**एनसीआर समाचार**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मुकुंदपुर टाइगर सफारी विन्ध्य के मनोरम स्थलों में से एक है। सफेद बाघ विश्व को रीवा की देन है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को मुकुंदपुर टाइगर सफारी पूरी तरह से जीवंत करता है। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने7 दिसंबर को रीवा जिले के महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी मुकुंदपुर भ्रमण के दौरान यह बात कही।

राज्यपाल ने सबसे पहले रायल बंगाल टाइगर को देखा। इसके बाद उन्होंने सफेद बाघों का अवलोकन किया। राज्यपाल श्री पटेल ने टाइगर सफारी के भालू, चीतल, सांभर तथा अन्य वन्य जीवों का अवलोकन किया। उन्होंने टाइगर सफारी में जाकर खुले में विहार कर रहे सफेद बाघों को भी देखा। भ्रमण के समय राज्यपाल को पूर्व मंत्री एवं विधायक रीवा श्री



राजेन्द्र शुक्ल ने मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी के स्थापना के प्रयासों तथा सफेद बाघों के इतिहास के संबंध में जानकारी दी। टाइगर सफारी के संचालक संजय रायखेरे ने टाइगर सफारी में उपलब्ध सुविधाओं तथा वन्य जीवों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने बदवार में स्थित सोलर पावर प्लांट का भ्रमण किया। प्लांट के सभागार में अधिकारियों द्वारा रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर पावर प्लांट की स्थापना तथा विकास से जुड़ी जानकारियों का प्रस्तुतिकरण किया गया। बताया गया कि सोलर पावर प्लांट से 750 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। इसमें से 78 प्रतिशत बिजली मध्यप्रदेश राज्य को तथा 22 प्रतिशत दिल्ली मेट्रो को दी जा रही है। इसकी कुल लागत 4500 करोड़ रुपए है। यह प्लांट 1672 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थापित है। इससे 25 वर्षों में मध्यप्रदेश को 2026 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ होगा। सोलर पावर प्लांट में तीन निजी कंपनियों की इकाइयाँ बिजली उत्पादन के लिए स्थापित हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने व्यू प्वाइंट से सोलर प्लांट के विहंगम दृश्य का अवलोकन किया। उन्होंने सोलर पावर प्लांट की स्थापना को शानदार उपलब्धि बताया। राज्यपाल ने सोलर पावर प्लांट में कार्यरत मजदूरों के संबंध में भी जानकारी ली। इसके बाद राज्यपाल ने रीवा-सीधी मार्ग में निर्माणाधीन टनल का अवलोकन किया। टनल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। इसका निर्माण पूरा होने से रीवा-सीधी के बीच आवागमन सुगम होगा और समय एवं ईधन की बचत होगी। भ्रमण के समय कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन, ऊर्जा विकास निगम के सीईओ तथा सोलर पावर प्लांट के अधिकारी उपस्थित रहे।

**कोविड-19** | **दुनिया में एक बार फिर से कोरोना के नए वेरिएंट का हड़कंप मचा हुआ है**

# मुख्यमंत्री चौहान ने किया वैक्सीनेशन केन्द्र का निरीक्षण

**एनसीआा समाचार**

नागरिकों से बातचीत की, उन्हें समझाइश भी दी, वैक्सीन के दोनों डोज़ हैं जरूरी, 16 और 22 दिसम्बर को भी लगेंगे टीके। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सभी नागरिक वैक्सीन के दोनों डोज़ लगाकर कोरोना से बचने का सुरक्षा कवच प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत भोपाल के लालघाटी क्षेत्र, एयरपोर्ट रोड स्थित शासकीय नवल शाह हाई स्कूल में टीकाकरण कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विद्यालय में संचालित टीकाकरण केंद्र की व्यवस्थाएं भी देखीं। मुख्यमंत्री श्री



चौहान ने टीका लगवाने आए नागरिकों से बातचीत की और उन्हें वैक्सीनेशन के महत्व की जानकारी दी। उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित भी किया। कलेक्टर भोपाल श्री अविनाश लवानिया उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वैक्सीन का दूसरा डोज़ लगवाने आयी दाता कॉलानी निवासी सुश्री संगीता साही से भी बातचीत की और उसके अनुरोध पर साथ में तस्वीर भी खिंचवाई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि दुनिया में एक बार फिर से कोरोना के नए वेरिएंट का हड़कंप मचा हुआ है। तीसरी लहर की आशंका बताई जा रही है। दूसरी लहर में हम सभी ने अनेक कष्ट सहे हैं, इसलिए प्रदेशवासियों से प्रार्थना है कि पहली कोशिश यही हो कि हम तीसरी लहर आने ही न दें। वैक्सीन के दोनों डोज़ लगवाएं ताकि किसी संकट में न पड़ें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना के किसी भी वेरिएंट से बचाव का उपाय वैक्सीनेशन ही है। हम सभी को तीसरी लहर का मुकाबला करने के लिए तैयार रहना है। इसके लिए चेहरे को ढंकने या मास्क का उपयोग करने, परस्पर दूरी रखने और अनावश्यक भीड़-भाड़ से बचने की आवश्यकता है। फेस मॉस्क एक कारगर उपाय है, इससे 90 प्रतिशत बचाव हो जाता है। इसे वैज्ञानिकों ने भी माना है। इन सावधानियों के साथ ही वैक्सीनेशन का लाभ लेना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने यह वैक्सीन निःशुल्क रूप से नागरिकों को उपलब्ध करवाई है। यदि वैक्सीन के दोनों डोज़ लग जाते हैं तो संक्रमण का खतरा न्यूनतम हो जाता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में जनजागरूकता के फलस्वरूप प्रथम डोज़ 94 प्रतिशत और द्वितीय डोज़ 71 प्रतिशत लोगों ने लगा लिया है। संपूर्ण पात्र आबादी को दोनों डोज़ लगवाना है। जिन्होंने दूसरा डोज़ नहीं लगवाया है और यदि संक्रमण फैलता है तो वे अपने साथ ही पड़ोसियों और अन्य लोगों को संकट में डालने का कार्य करते हैं। इसलिए जिन भी व्यक्तियों ने दूसरा डोज़ नहीं लगवाया है वे इसे अनिवार्य रूप से लगवा लें। बहुत कम ऐसे लोग होंगे जिन्हें पहला डोज़ भी नहीं होगा। उन्हें भी प्राथमिकता से पहला डोज़ लगवा लेना चाहिए। मध्यप्रदेश में आज 08 दिसम्बर के पश्चात 16 एवं 22 दिसम्बर को वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत विभिन्न केन्द्रों पर टीकाकरण किया जाएगा। संक्रमण का बेहतर मुकाबला करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति स्वयं के साथ अन्य सभी को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें। हम से कोई नहीं चाहता कि कभी फिर से लॉकडाउन लगे, जिन्दगी ठहर जाए या व्यापार-धंधे ठप हो जाएं, इंसान की जिन्दगी संकट में पड़े, ऐसा कोई नहीं चाहता। इसके लिए हर व्यक्ति वैक्सीन के दोनों डोज़ लगवाना सुनिश्चित करें।

## संपादकीय

# आजादी का अमृत महोत्सव तो मना रहे हैं लेकिन समस्याओं के रूप में विष भी खूब बिखरा पड़ा है

भारत को अपनी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मनाते हुए अतीत का जिया गया वह कालखण्ड भूलाना होगा जो हर क्षण कृतभूलों का पश्चाताप देता रहा, अपराध-बोध कराता रहा? क्यों हमारी व्यवस्था भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है? क्यों आजादी के 75 वर्षों के बाद भी राष्ट्रीय चरित्र नहीं बन पाया है? भले ही स्वतंत्रता ही देशवासियों के लिए सबसे बड़ा अमृत है और इस अमृत को प्राप्त करने के लिए ही देश के लाखों बेटे-बेटियों ने बलिदान दिए। अफसोस तो इस बात का है कि इस बहुमूल्य आजादी को राजनीतिक स्वार्थों के लिये कभी साम्प्रदायिकता की भेंट चढ़ाया तो कभी भाषाई विवादों में उलझाया। अपनी ही जड़ों से काटने एवं आत्मविस्मृति का षड्यंत्र चलता रहा। कभी शासन, सत्ता, संग्रह और पद के मद में चूर आदमी ने आतंक फैलाया तो कभी हिंसा का ताण्डव किया। यहां बड़ा गंभीर प्रश्न है, एक अमृत सागर मंथन से मिला, एक अमृत स्वतंत्रता के साथ देशवासियों को मिलना था, पर ऐसा लगता है कि वह अमृत आमजन को पूरी तरह नहीं मिला। आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए हमारा सबसे बड़ा संकल्प सशक्त भारत, ईमानदार भारत एवं विकसित भारत का होना चाहिए। क्या कारण है कि जन्मभूमि को जननी समझने वाला भारतवासी आज भूख और अभावों से आकुल होकर विदेश की ओर भागता है और वहां जाकर सम्पन्न हो जाता है? और यह भी नहीं कि बाहर जाने वाला हर व्यक्ति दक्ष होता है। क्या कारण है कि भारत की आजादी के इतने वर्षों बाद भी हम अपने ही देशवासियों को दो वक्त की रोटी जुटाने के भी काबिल नहीं बना पाये हैं? कारण है- शासन, सत्ता, संग्रह और पद के मद में चूर देश का राजनीतिज्ञ, जिसने जनतंत्र द्वारा प्राप्त अधिकारों का दुरुपयोग किया और जनतंत्र की रीढ़ को तोड़ दिया है। कृषि प्रधान देश को कुर्सी-प्रधान देश में बदल दिया है। सरकारें हैं-प्रशासन नहीं। कानून है-न्याय नहीं। साधन हैं-अवसर नहीं। भ्रष्टाचार की भीड़ में राष्ट्रीय चरित्र खो गया है। उसे खोजना बहुत कठिन काम है। बड़े त्याग और सहिष्णुता की जरूरत है। उसे खोजने के लिए आंखों पर से जातीयता, क्षेत्रीयता, भाषा और साम्प्रदायिकता का काला चश्मा उतारना होगा। विघटनकारी प्रवृत्तियों को त्याग कर भावनात्मक एकता के वातावरण का निर्माण करना होगा। हथकण्डों की चुनाव-प्रणाली में सुधार कर बुरे और बुरे में से कम से कम बुरे को नहीं, अपितु अच्छे और अच्छे में से सबसे अधिक अच्छे को चुने जाने का वातावरण बनाना होगा। विघटन के कगार पर खड़े राष्ट्र को बचाने के लिए राजनीतिज्ञों को अपनी संकीर्ण मनोवृत्ति को त्यागना होगा। ऐसा कर पायेंगे, तभी हमारा आजादी का अमृत महोत्सव मनाने का कोई अर्थ है। सागर मंथन का अमृत तो केवल चार स्थानों पर गिरा, जो पवित्र तीर्थ बन गए, पर आजादी का अमृत तो समूचे राष्ट्र में गिरा, फिर भी जनता के हाथ में कुछ नहीं आया, कोरा स्वार्थी एवं संकीर्ण राजनेताओं में बंट गया। भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, रामप्रसाद बिस्मिल, लाहिड़ी, अशफाक और चंद्रशेखर आजाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आदि ने जिस अमृत को सुरक्षित भारत की भावी पीढ़ियों के लिए रखा था, वह तो रास्ते में बंट गया। उस अमृत पर तो कोरी राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकी गयीं, अपने-अपने स्वार्थ सिद्ध किये गये, देश को भुला दिया गया। यही कारण है कि 75 वर्षों के कालखण्ड में राष्ट्र मजबूत होने की बजाय दिन-ब-दिन कमजोर होता गया। राष्ट्र कभी भी केवल व्यवस्था पक्ष से ही नहीं बनता, उसका सिद्धांत एवं चरित्र पक्ष भी सशक्त होना चाहिए। किसी भी राष्ट्र की ऊंचाई वहां की इमारतों की ऊंचाई से नहीं मापी जाती बल्कि वहां के नागरिकों के चरित्र से मापी जाती है। उनके काम करने के तरीके से मापी जाती है। हमारी सबसे बड़ी असफलता है कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी राष्ट्रीय चरित्र नहीं बन पाया। राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रास हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर दिया गया है। इस तरह से जन्मे हर स्तर पर भ्रष्टाचार ने राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा कर दी है। दुःखद स्थिति है कि जिस दिन अमृत महोत्सव का प्रारंभ हो रहा था, उसी दिन सागर से निकले हलाहल विष से भी बुरा समाचार मिला कि इंटरनेशनल ट्रांसपेरेंसी संस्था ने भारत को दुनिया के सबसे भ्रष्ट दस देशों में रखा है। यानी हम भ्रष्ट हो गए। यह सत्य है कि जब राजनीति भ्रष्ट होती है तो इसकी परछाइयां दूर-दूर तक जाती हैं। प्रबुद्ध मत है कि गांधीजी ने नैतिकता दी, पर व्यवस्था नहीं। जो नैतिकता दी वह एक महान राष्ट्रीय मुक्ति के संघर्ष की नैतिकता थी। हालांकि गांधीजी ने उस नैतिकता को स्थायी जीवन मूल्य बनाया था। पर सत्ता प्राप्त होते ही वह नैतिकता खिसक गई। जो व्यवस्था आई उसने विपरीत मूल्य चला दिये। हमारी आजादी की लड़ाई सिर्फ आजादी के लिए थी- व्यवस्था के लिए नहीं थी। भ्रष्टाचार का विष पीते-पीते भारत की जनता बेहाल हो गई। हजारों लोग बेकसूर जेलों में पड़े हैं। रोटी के लिए, शिक्षा के लिये, चिकित्सा के लिये, रोजगार के लिए तरसते हैं। उपचार के लिए अस्पतालों के धक्के खाते हैं। आयुष्मान जैसी योजना भी भारत में भ्रष्टाचार की शिकार हो गई। कुछ सत्तापतियों की सात पीढ़ियां सुरक्षित हो गयीं। आज हमारी व्यवस्था चाहे राजनीति की हो, सामाजिक हो, पारिवारिक हो, धार्मिक हो, औद्योगिक हो, शैक्षणिक हो, चरमरा गई है। दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलते हैं कि गांधी बहुत पीछे रह जाता है। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। प्रगतिशील कदम उठाने वालों ने और समाज सुधारकों ने अगर व्यवस्था सुधारने में मुक्त मन से सहयोग नहीं दिया तो आजादी के कितने ही वर्ष बीत जाये, हमें जैसा होना चाहिए, वैसा नहीं हो पायेंगे। 130 करोड़ की आबादी का यह देश ऐसे खिलाड़ी तैयार नहीं कर सका, जो क्षण का सही उपयोग करते और देश का सिर ऊंचा कर देशवासियों को क्षण की कीमत समझा देते। घड़ी में तो सबके 24 घण्टे होते हैं, न किसी के कम और न ज्यादा। अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता से जब हमारे खिलाड़ी छोटे-मोटे तमगे लिये लौटते हैं, उस दिन बूढ़ा हिमालय ज़ार-ज़ार रोता है, क्योंकि हिमालय की ही कन्दराओं में बैठकर कितने ही ऋषि-मुनियों ने "क्षण" की व्याख्या की थी। हमारे वेद, शास्त्र, उपनिषद्, ऋषि, मुनि, अवतार सदा कहते रहे हैं कि "जीवन में क्षण का बहुत महत्व है"। भगवान महावीर कहते हैं- "खणं जाणहि" क्षण को पहचानो। प्रति क्षण जागरूक रहो। क्षण भर भी प्रमाद मत करो। जीवन क्षणभंगुर है। "क्षण" खेल में ही महत्व नहीं रखता, जीवन में भी उतना ही महत्व रखता है- क्षण-क्षण समाप्त हो रहे जीवन में। जो राष्ट्र क्षण का उपयोग नहीं करता, वह भला जीवन्त राष्ट्र कैसे कहलाएगा।

# उप्र चुनावों में इस बार श्रीकृष्ण बनेंगे भाजपा के चुनावी सारथी!

संजय सक्सेना

भारतीय जनता पार्टी ने रामलला के नाम पर कई चुनाव लड़ और जीत के देख लिये, लेकिन अब जबकि अयोध्या में रामलला के मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ हो चुका है और अब वहां सियासत चमकाने का कोई मौका नहीं बचा है तो बीजेपी ने अपना फोकस अयोध्या से हटाकर प्रभु श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में केन्द्रित कर लिया है। बीजेपी 2022 के विधानसभा चुनाव में रामलला की तर्ज पर ही प्रभु श्रीकृष्ण को अपना नया सारथि बनाने जा रही है।

**उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते ही राजनीतिक पार्टियों ने अपनी बिसात बिछाना शुरू कर दिया है। चुनाव में अयोध्या में मंदिर निर्माण, अब्बाजान, जिन्ना, कलाम, पलायन, मुस्लिम तुष्टिकरण, साम्प्रदायिकता, किसान, गन्ना सबके नाम पर राजनीति हो रही है।**

इसका वैसे किसी को कोई खास आभास नहीं था लेकिन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के मथुरा वाले बयान ने बीजेपी की भविष्य की राजनीति का जैसे खाका ही खींच कर रख दिया है। इस बयान के बाद मथुरा पर सियासत तेज हो गई है जिसमें उपमुख्यमंत्री ने कहा था, 'अब मथुरा की तैयारी है'। मौर्या के इस बयान से विपक्ष बौखला गया है तो बीजेपी मौर्या के बयान के 'ताप' को नापने में लगी है। यदि बीजेपी की अपनी हिन्दुत्व वाली सियायत में मौर्या का बयान फिट बैठ गया तो अगले वर्ष होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव ही नहीं आगे के भी कई लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनावों में श्रीकृष्ण जन्मभूमि का मुद्दा अयोध्या की तरह गरमाता रहेगा। दरअसल, उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते ही राजनीतिक पार्टियों ने अपनी बिसात बिछाना शुरू कर दिया है। चुनाव में अयोध्या में मंदिर निर्माण, अब्बाजान, जिन्ना, कलाम, पलायन, मुस्लिम तुष्टिकरण, साम्प्रदायिकता, किसान, गन्ना सबके नाम पर राजनीति हो रही है, तो भला भगवान भी इस चुनाव में उतरे बिना कैसे बच सकते थे। हर बार राम जन्मभूमि मंदिर को मुद्दा बनाने वाली बीजेपी ने अब श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है, तो इस पर किसी को कोई आश्चर्य नहीं है। बीजेपी आलाकमान ने कभी काशी और मथुरा पर खुलकर कोई बयान नहीं दिया हो, लेकिन अक्सर बीजेपी के नेता और हिन्दूवादी संगठन सार्वजनिक मंचों से 'अभी मथुरा-काशी बाकी है' का नारा लगाते रहते हैं। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने गत दिनों जब एक ट्वीट कर 'मथुरा की तैयारी है' की बात की तो यूपी का सियासी पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। केशव प्रसाद मौर्या ने अपने इस ट्वीट को अपने ट्विटर प्रोफाइल पर पिन भी कर दिया है। उप-मुख्यमंत्री के ऐसे ट्वीट के कई निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। आखिर बीजेपी की क्या मजबूरी थी जो अचानक उसको भगवान श्रीकृष्ण को




अपना सारथी बनाने की जरूरत पड़ गई। दरअसल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि का मुद्दा सालों से चलता आ रहा है। मगर अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बनाने की बीजेपी की मुहिम के चलते ही बीजेपी के अंदरखाने श्रीकृष्ण की जन्मस्थली को लेकर कहीं कोई ज्यादा सक्रियता नहीं देखी गई।

यह मामला तब सुर्खियों में आया जब मथुरा के तीन याचिकाकर्ताओं- रंजना अग्निहोत्री, विष्णु शंकर जैन, हरिशंकर जैन और तीन अन्य ने मथुरा की जिला कोर्ट में एक याचिका दाखिल की। याचिका में कहा गया था कि मुसलमानों की मदद से शाही ईदगाह ट्रस्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर कब्जा कर लिया और ईश्वर के स्थान पर एक ढांचे का निर्माण कर दिया। भगवान श्रीविष्णु के आठवें अवतार श्रीकृष्ण का जन्मस्थान उसी ढांचे के नीचे स्थित है। इसको लेकर मथुरा की कोर्ट में एक सिविल मुकदमा दायर किया गया और 13.37 एकड़ पर दावा करते हुए स्वामित्व मांगने के साथ ही शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग की गई थी। बताते चलें कि मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद श्रीकृष्ण जन्मभूमि से ठीक वैसे ही लगी हुई बनी है जैसे मुगल काल में काशी में बाबा भोलेनाथ के मंदिर के बगल में ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण कराया गया था। अयोध्या में रामलला का मंदिर ध्वस्त करके कथित तौर पर बाबरी मस्जिद बनवाई गई थी। इतिहासकार कहते हैं कि औरंगजेब ने प्राचीन केशवनाथ मंदिर को नष्ट कर दिया था और शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कराया था।

1935 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वाराणसी के हिंदू राजा को जमीन के कानूनी अधिकार सौंप दिए थे जिस पर मस्जिद खड़ी थी। 1951 में श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट बनाकर यह तय किया गया कि वहां दोबारा भव्य मंदिर का निर्माण होगा और ट्रस्ट उसका प्रबंधन करेगा। 1958 में श्रीकृष्ण जन्म स्थान सेवा संघ नाम की संस्था का गठन किया गया। कानूनी तौर पर इस संस्था को जमीन पर मालिकाना हक हासिल नहीं था लेकिन इसने ट्रस्ट के लिए तय सारी भूमिकाएं निभानी शुरू कर दीं। इस संस्था ने 1964 में पूरी जमीन पर नियंत्रण के लिए एक सिविल केस दाखिल किया, लेकिन 1968 में खुद ही मुस्लिम पक्ष के साथ समझौता कर लिया। 1968 के समझौते के अनुसार, शाही ईदगाह कमिटी और श्री कृष्णभूमि ट्रस्ट के बीच एक समझौता हुआ जिसके अनुसार, जमीन ट्रस्ट के पास रहेगी और मस्जिद के प्रबंधन अधिकार मुस्लिम कमिटी को दिए जाएंगे। अब प्रभु श्रीकृष्ण के भक्तों द्वारा इसी समझौते को कोर्ट में चुनौती दी जा रही है। इसमें भी बीजेपी फिलहाल पर्दे के पीछे से रोल निभा रही है, लेकिन कब वह इस मसले पर फ्रंटफुट पर आ जाए कोई नहीं जानता है। इसकी वजह भी है।

सबसे बड़ी वजह तो यही है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के पक्ष में फैसला आने और मंदिर निर्माण शुरू होने के बाद से बीजेपी के पास चुनावी रैलियों और घोषणापत्र में भुनाने के लिए हिंदू वोटों के ध्रुवीकरण से जुड़ा कोई मुद्दा नहीं रह गया था, इसी के चलते बीजेपी को हिन्दू वोटों को बीजेपी के पक्ष में जोड़े रखने की दिक्कतें आ रही हैं। जबकि मुस्लिम वोट एकजुट होकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में खड़ा नजर आ रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लोगों की आस्था और धर्म से जुड़े मुद्दे हमेशा से ही चुनाव में अहम भूमिका निभाते आए हैं। इसके आगे की बात की जाए तो पिछले कुछ वर्षों में धर्म और राजनीति का काफी घालमेल हो गया है। वैसे तो हिन्दू कभी कट्टर नहीं रहा है, लेकिन जिस तरह से कांग्रेस और बाद में समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और लालू प्रसाद यादव तथा ममता बनर्जी जैसे नेताओं ने खुलकर मुस्लिम कार्ड खेलना शुरू किया, उससे हिन्दुओं में भी कट्टरता साफ नजर आने लगी है। उन्हें (हिन्दुओं को) लगता है कि हिन्दुस्तान में ही उनके साथ दोयम दर्ज का व्यवहार किया जाता है। तमाम पिछली गैर-बीजेपी सरकारों ने हिन्दुओं की आवाज को सुनने की ही जरूरत नहीं समझी, जिसकी वजह से उसने अपने पक्ष में खड़ी नजर आने वाली बीजेपी को हाथों हाथ लिया। अयोध्या में रामलला के मंदिर का रास्ता मोदी और योगी राज में भी प्रशस्त हो पाया, इसलिए हिन्दू मथुरा में भी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि बीजेपी की सरकार यहां भी श्रीकृष्ण भक्तों को इंसाफ दिलाएगी। उत्तर प्रदेश हो, उत्तर भारत हो या यूं कहें कि पूरा देश...भगवान श्रीकृष्ण हर जगह किसी न किसी रूप में पूजे जाते हैं।

श्रीरामजन्मभूमि के साथ लोगों की जैसी भावनाएं जुड़ी हुई हैं, वैसे ही श्रीकृष्ण जन्मभूमि को लेकर भी भावनाएं जुड़ी हुई हैं। ऐसे में बीजेपी के पास एक अच्छा मौका है कि इन्हीं भावनाओं को भुनाकर श्रीकृष्ण जन्मभूमि को एक बड़ा मुद्दा बनाया जाए। श्रीकृष्ण जन्मभूमि इस चुनाव में एक बड़ा मुद्दा बनकर उभरेगा, इसके संकेत खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही अपने एक भाषण के दौरान दे चुके हैं। अयोध्या में दीपोत्सव के मौके पर सीएम योगी ने कहा था, '1990 में राम मंदिर बोलना अपराध माना जाता था, यह लोकतंत्र की ताकत है कि जो 31 साल पहले रामभक्तों पर गोलियां चलाते थे आज आपकी ताकत के सामने झुके हैं।

# दूसरी लहर के दौरान लूट मचाने वाले अस्पतालों की पहचान कर उनका ऑडिट कराना जरूरी

दीपक कुमार त्यागी

देश ने अभी कुछ माह पूर्व 15 अगस्त 2021 को 75वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से कोरोना गाइडलाइंस का पालन करते हुए मनाया था। लाल किले की प्राचीर से हर वर्ष विभिन्न प्रकार की घोषणाओं के बाद भी आजादी के 75 वर्ष बाद भी देश बहुत सारी ज्वंलत समस्याओं से रोजाना संघर्ष कर रहा है। चिंता की बात यह है कि बहुत सारे देशवासियों के लिए रोजी-रोटी, कपड़ा-मकान, शिक्षा-चिकित्सा हासिल करना आज भी बहुत बड़ी चुनौती बना हुआ है। सभी जानते हैं कि वर्ष 2020 से दुनिया की तरह हमारा देश भी भयावह कोरोना महामारी से जूझ रहा है, लेकिन अच्छी बात यह है कि अब देश की जनता कोरोना की दूसरी प्रचंड लहर के प्रकोप से काफी हद तक उबर गयी, आज धरातल पर हालात धीरे-धीरे सामान्य होने के कगार पर हैं। हालांकि विशेषज्ञ अभी भी लोगों की लापरवाही के चलते भविष्य में कोरोना की तीसरी लहर आने का अंदेशा व्यक्त कर रहे हैं। क्योंकि दूसरी भयावह लहर के लिए जिम्मेदार कोरोना के डेल्टा वैरिएंट के बाद दुनिया पर कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन का खतरा मंडरा रहा है, कोरोना विशेषज्ञों को ओमिक्रॉन के डेल्टा से तेज फैलने की आशंका है। चिंता की बात यह है कि कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन भारत में भी पहुंच गया है। देशवासियों को उम्मीद है कि केंद्र व राज्य सरकारें कोरोना की तीसरी संभावित लहर से लड़ने के लिए धरातल पर पूर्ण रूप से तैयार होंगी क्योंकि देश में अप्रैल व मई के माह में आयी कोरोना की दूसरी बेहद प्रचंड लहर ने हमारे देश की कामचलाऊ चिकित्सा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी थी।



धरातल पर बने भयावह हालात ने हर वर्ग के जनमानस के दिलोदिमाग को झकझोर कर रख दिया था। आजादी के 75वें वर्ष में अब भविष्य में उस तरह की स्थिति उत्पन्न होने से देश को बचाना है। हालांकि देश के स्वास्थ्य क्षेत्र की स्थिति समझने के लिए उससे जुड़े कुछ आंकड़ों पर गौर करें तो चिकित्सा क्षेत्र की स्थिति पहले से ही अच्छी नहीं है। हमारे देश में डॉक्टर, नर्स, प्रशिक्षित सहयोगी स्टाफ, अस्पताल आदि की तय मापदंड के अनुसार बहुत ज्यादा कमी है। ₹नेशनल हेल्थ प्रोफाइलर₹ के मुताबिक भारत अपने स्वास्थ्य क्षेत्र पर जीडीपी का महज 1.02 फीसदी खर्च करता है, जोकि श्रीलंका, भूटान और नेपाल जैसे हमारे ग़रीब पड़ोसी देशों की तुलना में भी कम है। हालांकि केंद्र की मोदी सरकार भविष्य में चिकित्सा बजट को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी कुछ दिन पहले अपने वाराणसी दौरे के दौरान ₹पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन₹ को लॉन्च किया था। उस समय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने जानकारी दी थी कि इस मिशन के अन्तर्गत देश में हर स्तर पर मजबूत हेल्थ इंफ्रा बनाने की योजना है, जिसके लिए आगामी 5 वर्ष में 64,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें सरकार का मुख्य लक्ष्य ब्लॉक, जिला, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर टेस्टिंग सुविधा के लिए लेबोरेटरी तैयार करना है, इस योजना में अगले 5 वर्षों में एक जनपद में औसतन 90-100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र के लिए यह मोदी सरकार की एक बहुत अच्छी पहल साबित हो सकती है। हालांकि यह तो आने वाला समय ही तय करेगा कि वास्तव में यह प्रयास धरातल पर अमलीजामा लिये नजर आयेंगे या सिर्फ यह चुनावी जुमला ही साबित होंगे। लेकिन फिलहाल हम ₹ग्लोबल बर्डेन ऑफ डिजीज स्टडी 2021₹ के अनुसार गुणवत्ता और उपलब्धता के मामले में देश की स्थिति देखें तो भारत की 180 देशों में 145वीं रैंकिंग है, जो किसी भी देश की जनता को स्वस्थ रखने के दृष्टिकोण से बेहद चिंताजनक स्थिति है। जबकि भारत का संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को ₹अनुच्छेद 21₹ के तहत जीने का अधिकार देता है और जीवन जीने के लिए किसी भी व्यक्ति का स्वस्थ होना बेहद आवश्यक है। देश में ₹स्वास्थ्य का अधिकार₹ प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन फिर भी आजादी के 75वें वर्ष में भी देश में चिकित्सा व्यवस्था बेहाल है। जिस तरह से लोगों को विभिन्न कारणों से कोरोना की दूसरी लहर के दौरान इलाज के लिए चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न प्रकार की बेहद जटिल समस्याओं का सामना करना पड़ा था, उसने देश के बहुत सारे छोटे व बड़े पांच सितारा अस्पतालों की अच्छी व बुरी हर तरह की सच्चाई को देशवासियों के सामने लाने का कार्य किया था। कोरोना के बेहद भयावह दौर ने एक तरफ तो ईमानदारी से कार्य करने वाले देश के चंद अस्पताल प्रबंधन की पहचान करवाने का कार्य किया था, वहीं दूसरी तरफ देश के उन बहुत सारे अस्पतालों के प्रबंधन के भयावह चेहरे को भी सभी देशवासियों के सामने लाने का कार्य किया था, जिन्होंने आपदाकाल में भी चिकित्सा व्यवस्था को मानव सेवा की जगह स्वयंसेवा मानकर केवल नोट छापने की मशीन मान लिया था।वैसे भी कोरोना की दूसरी लहर के समय उत्पन्न भयावह स्थिति के चलते आज बहुत सारे लोगों की मांग है कि कोरोना काल में इलाज करने वाले सभी अस्पतालों की विस्तार से जांच करा कर उनके चिकित्सा बिलों की स्क्रूटनी व ऑडिट किया जाये। क्योंकि सरकार के द्वारा उस आपदाकाल में लूट मचाने वाले अस्पतालों के प्रबंधन की पहचान करके इनको सजा देना अभी बाकी है, जिसको अंजाम देने के लिए कोरोना काल का सभी अस्पतालों का विस्तृत ऑडिट काफी है। वैसे भी बड़े पैमाने पर लोगों का मानना है कि महामारी में कुछ लोगों के अत्यधिक धन कमाने के लोभ-लालच ने बहुत सारे अस्पतालों को संगठित अपराध करने का सबसे बड़ा व सुरक्षित अड्डा बना दिया था। अंधाधुंध पैसे कमाने के लालच में बहुत सारे अस्पतालों के प्रबंधन मानवता के दुश्मन बन गये थे।

# मोदी के बाद कौन संभालेगा नेतृत्व ? योगी दोबारा जीते तो मिल जायेगा इस प्रश्न का जवाब

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश में चुनावी राजनीति चरम पर है। नेताओं के बीच श्रेष्ठता की दौड़ चल रही है। सभी अपने आप को सर्वश्रेष्ठ-ईमानदार और विरोधियों को निकम्मा-नाकारा बताने में जुटे हैं। छोटे हों या बड़े दल के रहनुमा, सब इस जतन में लगे हैं कि कैसे मतदाताओं का दिल और दिमाग जीता जाए। इसके लिए साम-दाम-दंड-भेद सभी हथकंडों का सहारा लिया जा रहा है। अपनी बात मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए सोशल साइट्स से लेकर पुराने तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें सबसे अधिक प्रचलित तरीका है चुनावी यात्राओं का 'खेला'। बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर करीब-करीब सभी दलों के बीच अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर यात्राएं निकालने की होड़ मची हुई है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच चुनावी यात्राएं निकालने की दौड़ के बीच सत्तारुढ़ बीजेपी भी इसमें पीछे नहीं है। बीजेपी भी यात्राओं की राजनीति में 'डुबकी' लगाए जा रही है। पहले जन आशीर्वाद यात्रा निकाल चुकी भारतीय जनता पार्टी अब प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से कई यात्राएं निकालने की तैयारी कर रही है। योगी सरकार की उपलब्धियां बताने और विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए बीजेपी 15 दिसंबर के बाद अवध, काशी, ब्रज, गोरखपुर, कानपुर, बुंदेलखण्ड और पश्चिमी क्षेत्र से यात्राएं निकालेगी। यह यात्राएं सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में जाएंगी। इन यात्राओं के जरिए बीजेपी धार्मिक और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के एजेंडे को धार देगी। इन यात्राओं का समापन लखनऊ में प्रधानमंत्री मोदी की रैली के रूप में होगा। बीजेपी की यात्राओं के माध्यम से पार्टी के बड़े नेता केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के साढ़े सात वर्ष और योगी सरकार के पांच वर्ष की उपलब्धियां लेकर जनता के बीच जाएंगे। बीजेपी को उम्मीद है कि यह यात्राएं क्षेत्रवाद, जातिवाद, तुष्टिकरण और वंशवाद की सीमाओं को तोड़ेगी। बात इससे आगे की कि जाए तो बीजेपी तैयारी इस बात की भी कर रही है कि विपक्ष उसे हिन्दुत्व के मोर्चे पर मात देने की कोशिश नहीं करे। जिस तरह से गैर बीजेपी दलों के नेता मंदिर-मंदिर जाकर अपने को हिन्दू साबित करने में लगे हैं। उससे चौकन्नी बीजेपी इस लड़ाई को और आगे ले जाए तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए क्योंकि बीजेपी के लिए हिन्दुत्व की पिच पर बैटिंग करना अन्य दलों से काफी आसान है। इसलिए अयोध्या में मंदिर निर्माण और वाराणसी में बाबा भोलेनाथ के मंदिर में आलीशान कॉरिडोर बनाकर भव्यता देने के बाद बीजेपी के शीर्ष नेताओं ने मथुरा की भी बात शुरू कर दी है। यहां तक कि यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या तक ट्विट करके कह रहे हैं, 'अब मथुरा की तैयारी है।' मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली का विवाद भी लगभग अयोध्या में राम लाल के जैसा ही है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की सियासत को भी मथुरा मुद्दा उठाकर बीजेपी बैकफुट पर लाना चाहती है क्योंकि अखिलेश कई बार भगवान श्रीकृष्ण को यदुवंशी बताकर उन्हें अपना वंशज बताते रहे हैं, लेकिन प्रभु श्रीकृष्ण की जन्मस्थली को उनकी खोई हुई पहचान फिर से मिल सके इसके लिए समाजवादी पार्टी ने कभी कुछ नहीं किया, क्योंकि उसको लगता है कि ऐसे मुद्दे उठाने से उसका मुस्लिम वोट बैंक खिसक सकता है। इसीलिए मौर्या के 'मथुरा की तैयारी है' वाले बयान के बाद विपक्ष आग बबूला हो गया है।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रात: 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

**एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अत: भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें**

## संक्षिप्त समाचार

### 15 साल में पहली बार हुआ ऐसा! इस मामले में भारत से पिछड़ा ब्राजील

**नई दिल्ली।** एक्सपोर्ट के मामले में भारत ने एक बड़ा परचम लहराया है। आपको बता दें कि, अरब देशों को पछाड़ते हुए भारत ने फूड एक्सपोर्ट करने के मामले में ब्राजील को पीछे छोड़ दिया है। मंगलवार को रॉयटर्स को अरब-ब्राजील चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 15 वर्षों में पहली बार अरब राज्यों को पछाड़ते हुए खाद्य निर्यात में ब्राजील को पीछे छोड़ दिया है और इसका मुख्य कारण कोरोना महामारी है। इस महामारी के कारण साल 2020 में ट्रेड फ्लो में बाधा आई है। आपको बता दें कि, अरब दुनिया ब्राजील के सबसे महत्वपूर्ण व्यापार भागीदारों में से एक है, लेकिन कोरोना महामारी के चलते अरब देशों और ब्राजील के बीच की दूरी का असर ग्लोबल लॉजिस्टिक सेवाओं पर देखने को मिला है। इसी कारण से फूड एक्सपोर्ट करने के मामले में भारत से ब्राजील देश पिछड़ गया।

आकंड़ो के मुताबिक, ब्राजील के 8.15 फीसदी के मुकाबले भारत ने 8.25 फीसदी हिस्से पर कब्जा बनाया है। ब्राजील द्वारा जारी किए गए डेटा के मुताबिक, 22 लीग सदस्यों द्वारा आयात किए गए उत्पादों में ब्राजील का हिस्सा 8.15% था, जबकि भारत ने उस व्यापार का 8.25% कब्जा कर लिया है। इसकी वजह से ब्राजील का 15 सालों का लाभ एकदम से खत्म हो गया है। सऊदी अरब में ब्राजील के शिपमेंट में 30 दिन लगते थे लेकिन अब यहीं 60 दिनों तक का समय लग सकता है।अरब लीग को ब्राजील का कृषि निर्यात पिछले साल केवल 1.4% बढ़कर 8.17 बिलियन डॉलर हो गया। चेंबर के आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल जनवरी और अक्टूबर के बीच, कुल बिक्री 6.78 बिलियन डॉलर रही, जो 5.5% अधिक थी।चेंबर के डेटा के मुताबिक, ब्राजील का ऐसे पिछड़ने के पीछे एक और बड़ा कारण है। चीन ने महामारी के दौरान अपनी फूड इंवेटरी को बढ़ाया जिसके कारण ब्राजील के ट्रेड में दिक्कतें बढ़ने लगीं। सऊदी अरब जैसे प्रमुख देशों के साथ ब्राजील के कुछ बिजनेस को बिल्कुल बदल कर रख दिया।

### ड्रैगन को झटका, चीन के आर्थिक वृद्धि में आई गिरावट

**बीजिंग।** चीन का निर्यात सालाना आधार पर नवंबर में 21.4 प्रतिशत बढ़कर 325 अरब डॉलर पर पहुंच गया लेकिन इस दौरान आर्थिक वृद्धि में गिरावट दर्ज की गई। चीन के सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार नवंबर में उसका निर्यात 21.4 प्रतिशत बढ़ गया। इसी वर्ष के अक्टूबर महीने के दौरान चीन के निर्यात में हालांकि 27.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वही पिछले महीने में चीन का आयात भी 31.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 253.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। अक्टूबर में उसका आयात 20.6 प्रतिशत था। चीन के निर्यात को विदेशी मांग से ऐसे समय में बढ़ावा मिला है जब अन्य देशों को कोरोना वायरस महामारी के कारण कई तरह की दिक्कतें का सामना करना पड़ रहा है। चीन का वैश्विक व्यापार अधिशेष पिछले साल की तुलना में 4.9 फीसदी घटकर 71.7 अरब डॉलर हो गया। यह अक्टूबर के रिकॉर्ड 84.5 अरब डॉलर से कम होने के बावजूद उसके सबसे अधिक अधिशेष में से एक है।

### हिंदुस्तान यूनिलीवर के सीएमडी संजीव मेहता होंगे फिक्की के अगले अध्यक्ष, उदय शंकर की लेंगे जगह

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान यूनिलीवर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव मेहता उद्योग मंडल फिक्की के अगले अध्यक्ष होंगे। फिक्की ने सोमवार को बताया कि उसकी 18 दिसंबर को होने वाली 94वीं वार्षिक आमसभा में मेहता को नया अध्यक्ष चुना जाएगा। वह मौजूदा अध्यक्ष उदय शंकर की जगह लेंगे। मेहता फिलहाल फिक्की के वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व निभा रहे हैं। वह इंडियन सकूल ऑफ बिज़नेस के बोर्ड में निदेशक होने के अलावा ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल ट्रस्ट के सदस्य भी हैं। इसके साथ ही वह हार्वर्ड बिज़नेस स्कूल के दक्षिण एशिया सलाहकार बोर्ड में भी शामिल हैं।

### भारत के लिए cryptocurrency नहीं है सही, RBI के पूर्व गवर्नर ने दिया बड़ा बयान

**कोलकाता।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा कि देश में क्रिप्टोकरेंसी को मंजूरी दिए जाने पर केंद्रीय बैंक धन आपूर्ति और मुद्रास्फीति प्रबंधन पर नियंत्रण खो सकता है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी (एनवाईयू) स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस द्वारा आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए राव ने यह भी कहा कि भारत में केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) जारी करने का मामला शायद मजबूत ना हो क्योंकि इसमें पूंजी नियंत्रण का पहलू शामिल है। उन्होंने बुधवार को कहा, क्रिप्टो एल्गोरिदम की मदद से चलता है और डर है कि केंद्रीय बैंक धन की आपूर्ति और मुद्रास्फीति प्रबंधन पर नियंत्रण खो सकता है। ऐसी भी चिंताएं हैं कि क्रिप्टो मौद्रिक नीति को बाधित करेगा। पूर्व गवर्नर ने कहा, क्रिप्टो पूंजी नियंत्रण से बाहर जा सकता है; कागजी मुद्रा आरक्षित मुद्रा से जुड़ी हुई है। 2008 से 2013 तक रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे राव ने कहा कि सीबीडीसी को भी मजबूत डेटा संरक्षण कानूनों की जरूरत है।

### मारुति सुजुकी ने तोड़ा रिकॉर्ड, बलेनो की अब तक 10 लाख यूनिट बिकीं

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसकी प्रीमियम हैचबैक बलेनो ने 10 लाख इकाई की कुल बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने एक बयान में कहा, अक्टूबर 2015 में पेश किए गए और कंपनी की प्रीमियम खुदरा चेन नेक्सा के माध्यम से बेचे जाने वाले मॉडल ने नवंबर 2018 में कुल पांच लाख इकाइयों की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया था और इस साल नवंबर में इसने 10 लाख इकाई का मुकाम हासिल कर लिया।

कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि पेश किए जाने के बाद से, बलेनो प्रीमियम हैचबैक वर्ग में सबसे आगे रही है और इसने 25 प्रतिशत से अधिक की बाजार हिस्सेदारी हासिल की है। उन्होंने उम्मीद जताया कि यह मॉडल भविष्य में और नयी ऊंचाइयां छुएगा। बलेनो कार 1.2-लीटर पेट्रोल इंजन से लैस है और यह ग्राहकों को सुजुकी की स्मार्ट हाइब्रिड तकनीक का विकल्प प्रदान करती है। देश के 248 शहरों में स्थित नेक्सा के 399 आउटलेट के माध्यम से इसकी बिक्री की जाती है।


आरबीआई गवर्नर ने दी जानकारी

# डिजिटल पेमेंट करना अब हो सकता है महंगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने डिजिटल पेमेंट को लेकर बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने कहा भारतीय रिजर्व बैंक डिजिटल भुगतान पर शुल्क वसूलने के लिए एक चर्चा पत्र जारी करेगा।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्ति कांत दास ने आज मौद्रिक नीति की चौथी द्विमासिक नीति को पेश किया। इसके साथ ही शक्ति कांत दास ने बैठक की नतीजों की घोषणा करते हुए ब्याज दर को स्थिर रखने का ऐलान किया। देश में यूपीआई पेमेंट महंगा हो सकता है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने डिजिटल पेमेंट को लेकर बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने कहा भारतीय रिजर्व बैंक डिजिटल भुगतान पर शुल्क वसूलने के लिए एक चर्चा पत्र जारी करेगा। इससे इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले वक्त में हमें और आपको डिजिटल पेमेंट की एवज में एक शुल्क का भुगतान करना होगा। आरबीआई गवर्नर ने कहा, आरबीआई यूपीआई आधारित फीचर फोन उत्पाद लांच करने की तैयारी कर रहा है।



**देश में बड़ा है डिजिटल पेमेंट**

गौरतलब है कि वर्ष 2016 में हुई नोटबंदी के बाद से भारत में डिजिटल पेमेंट का चलन बहुत तेजी से बढ़ा है। कोरोना वायरस दौरान डिजिटल पेमेंट का ग्राफ बहुत तेजी से ऊंचाई पर गया है। लोगों ने संक्रमण से बचने के प्रयास में डिजिटल पेमेंट पर बहुत भरोसा किया। भारत में डिजिटल पेमेंट की रफ्तार में लगातार इजाफा हो रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार गूगल पे, पेटीएम, फोन पे, और भीम ऐप जैसे दूसरे यूपीआई प्लेटफार्म पर करीब 122 करोड़ का लेनदेन हुआ है। इसकी तुलना 5 साल पहले की स्थिति से करें तो इसमें 550 फ़ीसदी का इज़ाफ़ा हुआ है। 2016-17 में 1004 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन किए गए थे। यह आंकड़ा 2020 21 में 5554 करोड़ पहुंच गया। 2021 के अप्रैल मई माह में डिजिटल ट्रांजैक्शन 2020 की तुलना में 100% ज्यादा हुआ।

**क्या है यूपीआई**

सभी डिजिटल पेमेंट यूपीआई बेस होता है। इसे यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस कहते हैं, एक डिजिटल पेमेंट का तरीका है जो मोबाइल ऐप के जरिए काम करता है। ऐप के जरिए आप तुरंत और सुरक्षित भुगतान कर सकते हैं। इस दौरान अगर आपका पैसा फस जाता है तो बैंक खाते में रिफंड हो जाएगा। यूपीआई के साथ हर तरह के बिलों का भुगतान करने के साथ ऑनलाइन फंड ट्रांसफर या दोस्तों को पैसे भी भेज सकते हैं। इन मोबाइल ऐप को आपको मोबाइल नंबर और बैंक खातों से जोड़ना होगा।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा

# कोविड-19 के कारण हुआ 30,000 करोड़ का नुकसान



एजेंसी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि कोविड-19 संकट के कारण राज्य पर 30,000 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ पड़ा है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2019-20 में राज्य को 8,000 करोड़ रुपये और 2020-21 में 14,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान हुआ।

मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय बैंक अधिकारियों की समिति (एसएलबीसी) की बैठक में कहा, ''इसके अलावा, हमें कोविड -19 महामारी के नियंत्रण और प्रबंधन पर 8,000 करोड़ रुपये खर्च करने पड़े। यानी कुल मिलाकर राज्य पर 30,000 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ पड़ा है।''उन्होंने कहा, ''कोविड-19 महामारी के कारण खासकर ग्रामीण

**वित्त वर्ष 2019-20 में राज्य को 8,000 करोड़ रुपये और 2020-21 में 14,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान हुआ**

क्षेत्रों में आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। एक तरफ हमें राजस्व का नुकसान हुआ और दूसरी तरफ हमें लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिये अधिक राशि खर्च करनी पड़ी।'' रेड्डी ने कहा कि हालांकि राज्य केवल बैंकों की मदद से स्थिति से पार पाने में सफल रहा। इस बैठक में वित्त मंत्री बी राजेंद्रनाथ, कृषि मंत्री के कन्ना बाबू, मुख्य सचिव समीर शर्मा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राज किरण राय, एसएलबीसी के संयोजक वी ब्रह्मानंद रेड्डी और अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# जूम कॉल में 900 कर्मचारियों को लगा बड़ा झटका

## Better.com के सीईओ ने एक झटके में निकाला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत समेत दुनियाभर के तमाम देश कोरोना महामारी की मार झेल रहे हैं। ऐसे में देश की ज्यादातर कंपनियों ने कोरोना के खतरे को देखते हुए अपने कर्मचारियों को 'वर्क फ्रॉम होम' जैसी सुविधाएं दी हुई हैं। इसी बीच खबर सामने आ रही है कि Better.com ने एक जूम कॉल के दौरान अपने 900 कर्मचारियों को निकाल दिया है। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक Better.com के सीईओ विशाल गर्ग ने 1 दिसंबर को एक जूम कॉल के दौरान कंपनी में काम कर रहे भारत और अमेरिका के 900 कर्मचारियों को निकाल दिया है। वायरल वीडियो में विशाल गर्ग को सुना जा सकता है। जिसमें उन्होंने कहा कि यह वो खबर नहीं है जिसे आप सुनना चाहते हैं। यदि आप इस जूम कॉल पर हैं तो आप उस ग्रुप का हिस्सा हैं जिसे बंद किया जा रहा है। आपकी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती हैं। अपने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विशाल गर्ग ने बताया कि मैं आपके पास कोई अच्छी खबर लेकर नहीं आया हूं। बाजार बदल गया है, जैसा कि आप जानते हैं और हमें जीवित रहने के लिए इसके साथ आगे बढ़ना होगा ताकि उम्मीद है कि हम अपने मिशन को आगे बढ़ा सकें। यह वह खबर नहीं है जिसे आप सुनना चाहते हैं। लेकिन यह मेरा फैसला था और मैं चाहता था कि तुम मेरी बात सुनो। यह वास्तव में चुनौतीपूर्ण निर्णय रहा है।

**900 कर्मचारियों को क्यों निकाला गया ?**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विशाल गुप्ता ने 900 कर्मचारियों को इसलिए कंपनी से निकाल दिया क्योंकि कर्मचारियों पर ठीक से काम न करने और ग्राहक चुराने का आरोप था। वहीं एक अन्य अधिकारी ने बताया कि कर्मचारियों ने अपना काम सही से नहीं किया। जिसकी वजह से उन्हें निकाला गया।

### गुजरात के मुख्यमंत्री निवेशक शिखर सम्मेलन से पहले दुबई में करेंगे प्रचार-प्रसार



**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन से पहले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने के लिए बुधवार को दुबई में प्रचार-प्रसार करेंगे। सम्मेलन गांधीनगर में जनवरी में होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''पटेल संयुक्त अरब अमीरात के उद्योग जगत प्रमुखों के साथ अलग-अलग बैठक करेंगे। वह दुबई में चल रहे 'दुबई एक्सपो' में भारत के मंडप का भी दौरा करेंगे।'' 'वायब्रेंट' गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन 10 से 12 जनवरी को होगा। विज्ञप्ति के अनुसार 'वायब्रेंट' गुजरात शिखर सम्मेलन की तैयारी के सिलसिले में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल आठ दिसंबर को दुबई में प्रचार-प्रसार करेंगे। इस दौरान गुजरात के उद्योग राज्यमंत्री जगदीश पांचाल और अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारी मुख्यमंत्री के साथ होंगे।

# अब पीएफ खाते से भर सकते हैं LIC प्रीमियम, जानें शर्तें और क्या मिलेगी सुविधा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जीवन बीमा पॉलिसी का प्रीमियम समय से अगर नहीं भरा जाए तो ग्राहकों को काफी समसम्या का सामना करना पड़ता है। बता दें कि, अगर आप समय पर प्रीमियम नहीं भरते है तो इससे बीमा कवर होने का खतरा बढ़ा रहता है जिससे बाद में क्लेम मिलने में काफी परेशानी आती है। लेकिन अगर आपके पास भरतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी है तो आप बहुत ही आसानी से समय पर अपना प्रीमियम भर सकते है।




इसका उपाय है यह कि आप ईपीएफ यानि की कर्मचारी भविष्य निधि के अपने अकाउंट का इस्तेमाल कर सकते हैं लेकिन कुछ शर्तों के साथ। अगर आप भी अपना प्रीमियम समय से ईपीएफ के खाते से भरना चाहते है तो इन नियमों का खास ध्यान रखना होगा।टैक्स सलाहकार के.सी. गोदुका के मुताबिक, जीवन बीमा पॉलिसी और ईपीएफ दोनों काफी महत्वपूर्ण हैं और इनपर निवेश करने से धारा 80 सी के तहत टैक्स छूट मिलती है। अगर आप मुश्किल समय में है और प्रीमियम भरने में समस्या आ रही है तो आप ऐसे समय में ईपीएफ से एलआईसी का प्रीमियम भर सकते हैं। बता दें कि अगर आप ईपीएफ के खाते से एलआईसी का प्रीमियम भरने का सोच रहे है तो सबसे पहले जान ले कि आपके ईपीएफ अकाउंट में कम से कम एलआईसी के दो साल के प्रीमियम के बराबर की रकम उपलब्ध होनी चाहिए। इसके बाद आप अपना एलआईसी का पॉलिसी नंबर और

**अगर आपके पास भरतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी है तो आप बहुत ही आसानी से समय पर अपना प्रीमियम भर सकते है**

ईपीएफको लिंक करेंगे। लिंक करने से पहले ईपीएफओ को फॉर्म 14 भरना होगा। यह एक तरह का परमिशन लेटर होगा जिसमें आपकी ओर से ईपीएफओ को एलआईसी का प्रीमियम भरने की सहमति दी जाएगी।

इन सबके होने के बाद एलआईसी प्रीमियम सही समय पर आपके ईपीएफ अकाउंट से कट जाएगा। ग्राहकों को इस बात का ध्यान रखना होगा कि यह सवुधिा केवल एलआईसी के प्रीमियम के भुगतान के लिए उपलब्ध होगा। किसी दूसरी बीमा कंपनी का प्रीमियम आप ईपीएफ के खाते से नहीं भर सकेंगे। साथ ही यह सुविधा केवल सालाना प्रीमियम वाली पॉलिसी पर ही उपलब्ध होगा न कि तिमाही और छमाही प्रीमियम के लिए।

मौद्रिक समीक्षा | RBI की Monetary Policy के बारे में सरल भाषा में समझें,

# शक्तिकांत दास के फैसले से आपके जीवन पर क्या असर होगा?

एजेंसी

**नइई दिल्ली।** भारतीय रिर्जव बैंक ने प्रेस कॉनफ्रेंस करते हुए मौद्रिक समीक्षा नीति के नतीजे जारी किए। इसमें नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। रेपो रेट 4 फीसदी और रिवर्स रेपो रेट 3.35 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। रिजर्व बैंक के आप बोलचाल की भाषा में समझें तो वो देश के सभी बैंकों का प्रधानमंत्री है।

देश में जितने भी सरकारी या गैर-सरकारी बैंक हैं इनकी निगरानी करना रिजर्व बैंक का काम है। रिजर्व बैंक एक पॉलिसी बनाकर इन बैकों को देती है जिसके आधार पर बैंकों को अपना काम करना होता है। भारतीय रिर्जव बैंक ने आज प्रेस कॉनफ्रेंस करते हुए मौद्रिक समीक्षा नीति के नतीजे जारी किए। इसमें नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। रेपो रेट 4 फीसदी और रिवर्स रेपो रेट 3.35 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद अपने संबोधन में कहा कि भरोसेमंद, मजबूत और समावेशी पुनरुद्धार बनाये रखना केंद्रीय बैंक का मिशन है।

आरबीआई गवर्नर की 10 बड़ी बातें

भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि रेपो रेट बिना किसी बदलाव के साथ 4% रहेगा।

रिवर्स रेपो रेट भी बिना किसी बदलाव के साथ 3.35% रहेगा।

मार्जिनल स्टैंडिंग




फैसिलिटी(MSF) रेट और बैंक रेट बिना किसी बदलाव के साथ 4.25% रहेगा।

2021-22 में रियल जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 9.5% पर बनाए रखा गया है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक(CPI) मुद्रास्फीति 2021-22 में 5.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

पेट्रोल, डीजल पर करों में कटौती से मुद्रास्फीति में टिकाऊ आधार पर कमी आएगी।

बैंकों के लिये विदेशों में स्थित शाखाओं में पूंजी लगाने, लाभ भेजने के नियम को सुगम बनाया।

डिजिटल भुगतान के लिये ग्राहकों पर लगने वाले शुल्कों की समीक्षा का प्रस्ताव।

यूपीआई (यूनिफाइड पेंमेंट इंटरफेस) के जरिये लेन-देन बढ़ाने पर जोर।

मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक सात-नौ फरवरी, 2022 को होगी।

**रेपो रेट क्या होते हैं?**

रिजर्व बैंक का काम होता है नीतिगत दरों पर फैसला करना। नीतिगत दर जिनके आधार पर रिजर्व बैंक और दूसरे कमर्शिल बैंकों के बीच लेन-देन होता है। बाकी सारे बैंक लोन लेते हैं रिजर्व बैंक से कम समय के लिए। वो लोन जिस दर पर लिया जाता है उसे रेपो रेट कहते हैं। रेपो मतलब रिजर्व बैंक दूसरे बैंकों को कितने ब्याज पर पैसा दे रहा है।

**मौद्रिक नीति की समीक्षा क्यों?**

आरबीआई हर दूसरे महीने मौद्रिक नीति की समीक्षा करता है। समीक्षा में अर्थव्यवस्था से जुड़े पक्षों को बारिकी से परखा जाता है। आरबीआई अर्थव्यवस्था में पैसों की आपूर्ति को नियंत्रित करता है। नीतिगत ब्याज दरें घटाने या बढ़ाने का फैसला लिया जाता है।

मौद्रिक नीति के लक्ष्य

महंगाई पर लगाम लगाना

बाजार में स्थिर कीमतें कायम रखना


तय आर्थिक विकास दर का लक्ष्य हासिल करना

रोजगार के अवसर तैयार करना

# लोकतंत्र की रक्षा करना हमारे समय की चुनौती: जो बाइडन

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकतांत्रिक मानदंडों और मूल्यों की रक्षा करना वर्तमान समय की चुनौती है। बाइडन ने विश्व के नेताओं को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए लोकतांत्रिक नवीनीकरण के लिए एक महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा की, जिसके तहत उनका प्रशासन वैश्विक लोकतांत्रिक नवीनीकरण रणनीति के वास्ते42.44 करोड़ अमेरिकी डालर मुहैया कराने पर विचार कर रहा है। बाइडन की पहल के तहत व्हाइट हाउस द्वारा लोकतंत्र पर आयोजित शिखर सम्मेलन में भारत सहित 80 से अधिक देशों के नेताओं ने हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को इस डिजिटल शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले हैं। बाइडन ने लोकतंत्र पर पहले शिखर सम्मेलन की शुरुआत करते हुए कहा, ''सार्वभौमिक मानवाधिकारों और



दुनिया भर में निरंतर एवं खतरनाक चुनौतियों के मद्देनजर लोकतंत्र के समर्थन की जरूरत है। मैं इस शिखर सम्मेलन की इसलिए मेजबानी करना चाहता था क्योंकि यहां अमेरिका में, हम सभी जानते हैं कि हमारे लोकतंत्र को नवीनीकृत करना और हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करने के वास्ते निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है।'' लोकतंत्र के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों पर विचार साझा करते हुए बाइडन ने कहा कि तानाशाहों के बाहरी दबाव के बावजूद वे अपनी शक्ति बढ़ाने, निर्यात करने और दुनिया भर में अपने प्रभाव का विस्तार करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि निरंकुश दमनकारी नीतियों और प्रथाओं को आज की चुनौतियों से निपटने के अधिक कुशल तरीके के तौर पर पेश करने का प्रयास करते हैं। बाइडन ने साथ ही विश्व के नेताओं का इसके लिए आह्वान किया कि वे आपस में सहयोग करें और यह दिखायें कि लोकतंत्र क्या दे सकता है।बाइडन ने साथ ही कहा कि यह साथी नेताओं के लिए लोकतंत्र को मजबूत करने के प्रयासों को दोगुना करने के लिए एक महत्वपूर्ण समय है। उन्होंने उल्लेख किया कि उन्हें खुद उनके प्रयासों में तब सफलता मिली जब देश में मतदान अधिकार विधेयक पारित हुआ। उन्होंने अमेरिका में लोकतांत्रिक संस्थाओं और परंपराओं के लिए अपनी चुनौतियों का उल्लेख किया। बाइडन ने दो दिवसीय डिजिटल शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा, ''यह एक जरूरी मामला है। हम जो आंकड़े देख रहे हैं वह काफी हद तक गलत दिशा की ओर इशारा कर रहे हैं।'' इस शिखर सम्मेलन में ऐसे विषयों पर चर्चा हो रही है जिसका उल्लेख बाइडन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपने पहले वर्ष की प्राथमिकता के तौर पर पूर्व में किया है। उन्होंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि अमेरिका और समान विचारधारा वाले सहयोगियों को दुनिया को यह दिखाने की जरूरत है कि लोकतंत्र, समाज के लिए, निरंकुश शासन व्यवस्था से कहीं बेहतर है।

## इजराइल की पीएम बेनेट बोले- बिपिन रावत एक अनुभवी नेतृत्वकर्ता और इजराइल के सच्चे मित्र थे

एजेंसी

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत को ''अनुभवी नेतृत्वकर्ता'' और उनके देश का ''सच्चा मित्र'' बताया। तमिलनाडु के कुन्नूर में बुधवार को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) का एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें जनरल रावत, उनकी पत्नी और सशस्त्र बलों के 11 अन्य कर्मियों की मृत्यु हो गई थी। इजराइल के शीर्ष नेतृत्व ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जनरल रावत के अकस्मात निधन पर भारत सरकार और लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री बेनेट ने ट्वीट किया, ''भारत में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। उनकी आत्मा को शांति मिले।'' उन्होंने कहा, ''जनरल बिपिन रावत महान नेतृत्वकर्ता और इजराइल के सच्चे मित्र थे। इस कठिन घड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत के लोगों को इस दुख को सहन करने की ताकत



मिले।'' पूर्व में इजराइल के रक्षा बलों के चीफ ऑफ स्टॉफ के रूप में कार्य कर चुके रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज ने भी संवेदना व्यक्त की। गैंट्ज ने ट्विटर पर लिखा, ''हादसे में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल रावत, उनकी पत्नी एवं अन्य लोगों के मारे जाने की घटना पर मैं इजराइल के रक्षा प्रतिष्ठान की ओर से संवेदना जताता हूं और भारत के लोगों और भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान के प्रति अपना व्यक्तिगत दुख व्यक्त करना चाहता हूं।''

विदेश मंत्री यायर लापिड ने ट्वीट कर इस हादसे पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, ''इजराइल के लोगों की ओर से मैं प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल रावत, उनकी पत्नी और अन्य 11 भारतीय सैन्य कर्मियों की मृत्यु पर भारत के लोगों और सरकार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।''

## संक्षिप्त समाचार

### इंडोनेशिया में 2005 के हमले में शामिल इस्लामिक आतंकवादी को उम्र कैद की सजा

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की एक अदालत ने एक इस्लामिक आतंकवादी को बुधवार को उम्र कैद की सजा सुनाई। उसे 2005 में एक बाजार में हमले में इस्तेमाल बम को तैयार करने का दोषी पाया गया, जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई थी और वह 16 साल से गिरफ्तारी से बचा रहा था। उपिक लवंगा 'प्रोफेसर' के रूप में जाना जाता है और वह जेमाह इस्लामिया आतंकवादी नेटवर्क का प्रमुख सदस्य है। इस संगठन को अमेरिका ने आतंकवादी समूह घोषित किया है। इस समूह को इंडोनेशिया के बाली में 2002 के बम हमले समेत अन्य तथा फिलीपींस में हुए हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। बाली के हमले में 202 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें से ज्यादातर विदेशी पर्यटक थे। पूर्वी जकार्ता जिला न्यायालय ने 43 वर्षीय लवंगा को पोसो जिले के टेंटेना बाजार में 28 मई, 2005 को हुए हमले में संलिप्त होने का दोषी पाया। इस हमले में 22 लोगों की मौत हो गई थी और 91 घायल हो गए थे, जिनमें से ज्यादातर ईसाई थे। मध्य सुलावेसी प्रांत के पोसो में मुस्लिम-ईसाई के बीच संघर्ष में 1998-2002 के बीच कम से कम 1,000 लोगों की मौत हुई थी। लवंगा ने कहा कि वह इस फैसले पर याचिका दायर करेगा। उसने यह दलील दी कि उसने बम बनाने में मदद जरूर की लेकिन हमले नहीं किए और उसे यह पता नहीं था कि बम का इस्तेमाल कैसे किया जाएगा। लवंगा पोसो से 2005 के हमले के बाद फरार हो गया था और एक किसान के रूप में पत्नी और बच्चे के साथ लामपुंग में रह रहा था।

### पाकिस्तान में दही खरीदने के लिए ड्राइवर ने रोक दी ट्रेन, वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

**लाहौर ।** पाकिस्तान में एक ट्रेन चालक और उसके सहायक को लाहौर में एक रेलवे स्टेशन के निकट दही खरीदने के लिए ट्रेन रोकने के आरोप में सेवा से निलंबित कर दिया गया। मीडिया में आई खबर से बुधवार को यह जानकारी मिली। डॉन की खबर के अनुसार रेल मंत्री आजम खान स्वाती ने मंगलवार को चालक और उसके सहायक को निलंबित कर दिया। इनका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी प्रसारित हो रहा है, जिसमें चालक को दही खरीदने के लिए प्रांतीय राजधानी में काहना कच्चा रेलवे स्टेशन के नजदीक ट्रेन रोकते हुए देखा जा सकता है। खबर में कहा गया कि इस वीडियो के सामने आने के बाद रेलवे विभाग को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटना, यात्री सुरक्षा और घटते राजस्व की वजह से यह विभाग पहले से ही निशाने पर है। मंत्री ने कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान रेलवे के लाहौर प्रशासन को चालक राना मोहम्मद शहजाद और उनके सहायक इफ्तिखार हुसैन को निलंबित करने का आदेश दिया।

### एंजेला मर्केल की विदाई, जर्मनी के नए चांसलर बने ओलाफ स्कोल्ज

**बर्लिन।** जर्मनी की संसद ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद देश के नौवें चांसलर के तौर पर ओलाफ स्कोल्ज को निर्वाचित किया। इसके साथ ही एंजेला मर्केल के 16 साल के कार्यकाल के बाद यूरोपीय संघ के सबसे घनी आबादी वाले देश में एक नए युग की शुरुआत हो गयी है। स्कोल्ज सरकार जर्मनी के आधुनिकीकरण और जलवायु परिवर्तन से लड़ने की भारी उम्मीदों के बीच कार्यभार संभालने जा रही है लेकिन अभी उसके सामने देश में कोरोना वायरस महामारी से निपटने की चुनौती है। स्कोल्ज को बुधवार को 395 सांसदों का समर्थन मिला। उनके तीन दलों वाले गठबंधन के पास 736 सीट वाले संसद के निचले सदन में 416 सीटें हैं। जर्मनी के राष्ट्रपति चांसलर के तौर पर स्कोल्ज के नाम की औपचारिक घोषणा करेंगे और संसद के अध्यक्ष आज ही उन्हें शपथ दिलाएंगे।

### चीन ने शीतकालीन ओलंपिक के अमेरिकी बहिष्कार का विरोध किया, जवाबी कदम की चेतावनी दी

**बीजिंग।** व्हाइट हाउस द्वारा बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक 2022 के ''राजनयिक बहिष्कार'' की घोषणा किए जाने के बाद चीन ने मंगलवार को कड़ा विरोध दर्ज कराया और कहा कि यह ओलंपिक भावना के विपरीत है। इसने अमेरिका को ''ठोस जवाबी कदम'' की भी चेतावनी दी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने सोमवार को चीन के शिनजियांग प्रांत में अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ कथित मानवाधिकार उल्लंघन का हवाला देते हुए घोषणा की कि अमेरिका बीजिंग में आयोजित होने जा रहे शीतकालीन ओलंपिक का राजनयिक बहिष्कार करेगा। यह एक ऐसा कदम है जो दोनों देशों के बीच पहले से ही चली आ रही तल्खी को और बढ़ाने का काम करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने अमेरिकी घोषणा की निंदा करते हुए कहा कि शिनजियांग में उइगर मुसलमानों के खिलाफ नरसंहार का आरोप वाशिंगटन द्वारा गढ़ा गया सदी का झूठ है। उन्होंने कहा कि वैचारिक पूर्वाग्रह, झूठ और अफवाहों के आधार पर अमेरिका बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक को बाधित करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह उसके दुर्भावनापूर्ण इरादों को और उजागर करेगा तथा उसकी विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाएगा। झाओ ने कहा कि अमेरिकी बहिष्कार ओलंपिक चार्टर सिद्धांत के विपरीत है और चीन ठोस जवाबी कदम उठाएगा। उन्होंने चार फरवरी से 20 फरवरी तक बीजिंग और पड़ोसी हेबेई प्रांत के नगरों में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक के लिए निमंत्रण भेजे जाने से पहले ही राजनयिक बहिष्कार का फैसला किए जाने पर अमेरिका की निंदा की।

### पाकिस्तान में भी आ गया ओमीक्रोन का पहला मामला, 65 वर्ष की महिला पाई गई पॉजिटिव

**कराची।** पाकिस्तान में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमण का पहला संदिग्ध मामला सामने आया है। कराची की महिला के ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमित होने की आशंका जतायी गई है।सिंध प्रांत की स्वास्थ्य मंत्री डॉ. अजरा फजल पुचुहो ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुष्टि के लिए जीनोमजांच करायी जा रही है। उन्होंने मीडिया से कहा, ''कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज के नमूने की जीनोमिक जांच पूरी नहीं हुई है लेकिन संक्रमण के लक्षणों को देखकर लगता है कि यह ओमीक्रोन है।'' मंत्री ने कहा कि मरीज की आयु 57 वर्ष है लेकिन स्थानीय समाचार चैनलों ने बताया कि इलाज के लिए एक निजी अस्पताल गयी महिला की आयु करीब 65 वर्ष है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मरीज में संक्रमण के कोई लक्षण नहीं हैं और उसे घर पर पृथक वास में रहने को कहा गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि ओमीक्रोन बहुत संक्रामक स्वरूप है।

## श्रीलंकाई नागरिक की लिंचिंग पर बोले इमरान खान, धर्म के नाम पर हिंसा बर्दाश्त नहीं

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार धर्म के नाम पर भीड़ की हिंसा को बर्दाश्त नहीं करेगी और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को नहीं बख्शेगी। वह मारे गए श्रीलंकाई नागरिक प्रियंता कुमारा के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय में आयोजित एक शोक सभा को संबोधित कर रहे थे, जिनकी पिछले हफ्ते पंजाब प्रांत के सियालकोट में ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और उसके शव को आग लगा दी थी। उन्होंने कहा, ''धर्म की आड़ में हिंसा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।''

खान ने कहा कि सियालकोट की घटना ने देश को ऐसी घटनाओं को समाप्त करने के लिए एक बिंदु पर ला खड़ा किया है। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि पाकिस्तान में लोग पवित्र पैगंबर के नाम पर दूसरों की हत्या कर रहे हैं और ईशनिंदा के आरोपी जेलों में सड़ रहे हैं क्योंकि वकील और न्यायाधीश ऐसे मामलों में सुनवाई करने से डरते हैं। खान ने कहा कि पाकिस्तान एकमात्र ऐसा देश है जिसकी स्थापना इस्लाम के नाम पर हुई थी, लेकिन सियालकोट जैसी घटनाएं शर्म की बात हैं। उन्होंने कहा कि हम पूरी तरह से अलग दिशा में जा रहे हैं और राष्ट्र को पैगंबर के जीवन



का अध्ययन करना चाहिए। कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के समर्थकों सहित 800 से अधिक लोगों की भीड़ ने पिछले शुक्रवार को लाहौर से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित सियालकोट जिले में एक कपड़ा कारखाने पर हमला किया था और ईशनिंदा के आरोप में इसके महाप्रबंधक प्रियंता कुमारा दियावदनागे की हत्या कर दी थी तथा उनके शव को आग लगा दी थी।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक, इस बर्बर घटना में दियावदनागे की लगभग सभी हड्डियां टूट गई थीं और उनका शरीर 99 फीसदी जल गया था। दियावदनागे का शव सोमवार को श्रीलंका भेज दिया गया था। पाकिस्तान के फैसलाबाद में एक कारखाने में मैकेनिकल इंजीनियर की नौकरी मिलने के बाद दियावदनागे 2011 में पाकिस्तान पहुंचे थे। एक साल बाद, वह सियालकोट की राजको इंडस्ट्रीज में महाप्रबंधक के रूप में शामिल हो गए और वह इस कारखाने में काम करने वाले एकमात्र श्रीलंकाई नागरिक थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी निलुशी और 14 तथा नौ वर्षीय दो बेटे हैं। निलुशी ने पाकिस्तान सरकार से अपने पति की हत्या के मामले में न्याय और मुआवजे की अपील की है तथा पाकिस्तानी धरती पर सभी श्रीलंकाई लोगों की सुरक्षा का आग्रह किया है। खान ने कहा कि सियालकोट के व्यापारिक समुदाय ने मृतक श्रीलंकाई नागरिक के परिवार के लिए 100,000 डॉलर एकत्र किए हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को जीवनपर्यंत अवधि के लिए उनका (मृतक) मासिक वेतन मिलेगा। प्रधानमंत्री ने फैक्टरी प्रबंधक मलिक अदनान की भी प्रशंसा की, जिन्होंने श्रीलंकाई नागरिक की जान बचाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यह सराहनीय है कि एक व्यक्ति ने अपने जीवन की परवाह किए बिना दूसरे व्यक्ति की जान बचाने की कोशिश की।

## पत्रकार जमाल खशोगी का हत्यारा गिरफ्तार, बढ़ सकती हैं सउदी के प्रिंस की मुश्किलें?

एजेंसी

सऊदी पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या का रहस्य लगता है अब जल्द ही खुलने वाला है। फ्रांसीसी पुलिस ने मंगलवार को एयरपोर्ट ने हत्या में शामिल एक संदिग्ध सदस्य को गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि यह वहीं सदस्य है जिसने पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या की थी। फ्रांसीसी कानून प्रवर्तन सूत्रों ने कहा कि सदिग्ध व्यक्ति पेरिस से रियाद के लिए उड़ान भरने वाला था तभी पुलिस ने इसे एकपोर्ट पर पकड़ लिया।

सऊदी दूतावास ने कि पुलिस से व्यक्ति को छोड़ने की मांग

सऊदी पत्रकार जमाल खशोगी की मंगेतर ने पुलिस के इस कदम की तारीफ की हैं और कहा कि 2018 की हत्या में उसकी भूमिका के लिए उस पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। लेकिन पेरिस में सऊदी दूतावास ने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति का ₹इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। इसलिए किंगडम के दूतावास को उनकी तत्काल रिहाई की उम्मीद है।

पुलिस ने किसे किया है गिरफ्तार?

एक फ्रांसीसी पुलिस स्रोत और एक न्यायिक स्रोत ने उस सऊदी रॉयल गार्ड के एक पूर्व सदस्य के रूप में खालिद एध अल-ओताबी है। यह वही नाम है जिसकी पहचान अमेरिका और ब्रिटिश प्रतिबंध सूची में की गई है, और एक संयुक्त राष्ट्र-कमीशन रिपोर्ट, जैसा कि किया गया था। पुलिस सूत्र के अनुसार, जिस पुलिस ने उसे हिरासत में लिया था, वह तुर्की द्वारा जारी 2019 के गिरफ्तारी वारंट पर काम कर रही थी, जिस देश में खशोगी की हत्या हुई थी।

जमाल खशोगी की हत्या

2 अक्टूबर 2018 को अमेरिका स्थित पत्रकार और सऊदी अरब सरकार के आलोचक जमाल खशोगी इस्तांबुल में सऊदी वाणिज्य दूतावास गए, जहां उनकी हत्या कर दी




गई। उसके बाद के महीनों में, उनकी मृत्यु कैसे हुई, उनके अवशेषों का क्या हुआ, और कौन जिम्मेदार था, इस पर परस्पर विरोधी कथाएँ सामने आईं। सऊदी अधिकारियों ने कहा कि पत्रकार को राज्य में लौटने के लिए मनाने के लिए भेजे गए एजेंटों की एक टीम द्वारा ₹ऑपरेशन₹ में मार दिया गया था, जबकि तुर्की के अधिकारियों ने कहा कि एजेंटों ने सऊदी सरकार के उच्चतम स्तरों के आदेश पर काम किया।

जमाल खशोगी कौन थे?

एक प्रमुख सऊदी पत्रकार के रूप में, उन्होंने विभिन्न सऊदी समाचार संगठनों के लिए अफगानिस्तान पर सोवियत आक्रमण और दिवंगत अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन के उदय सहित प्रमुख कहानियों को कवर किया। दशकों तक, 59 वर्षीय सऊदी शाही परिवार के करीबी थे और उन्होंने सरकार के सलाहकार के रूप में भी काम किया। लेकिन वह पक्ष से बाहर हो गये और 2017 में अमेरिका में आत्म-निर्वासित निर्वासन में चले गये। वहां से, उन्होंने वाशिंगटन पोस्ट में एक मासिक कॉलम लिखा जिसमें उन्होंने किंग सलमान के बेटे क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की नीतियों की आलोचना की। लंबे समय तक जमाल खशोगी की मौत के पीछे क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का ही हाथ बताया गया था।

सुर्खियां | अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने की निंदा

## आंग सान सू को होगी 100 साल से अधिक की सजा

एजेसी

म्यांमार की अपदस्थ नेता आंग सान सू की पर चल रहे कई मुकदमों में से पहले में उन्हें देश के कोविड प्रतिबंधों के उल्लंघन पर दो साल की जेल की सजा सुनाई गई है और अगर वह अन्य सभी मामलों में भी दोषी पाई जाती हैं - तो उन्हें 100 साल से अधिक की सजा मिल सकती है।

फरवरी में देश की सत्ता सेना के नियंत्रण में आने के बाद से सू की नजरबंद है। वह अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार करती हैं। फैसले और जेल की सजा की संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ और यूके सरकार सहित कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने निंदा की है, जिन्होंने मुकदमे को ''राजनीति से प्रेरित'' बताया। सरकारी टेलीविजन के अनुसार, उन्हें मूल रूप से चार साल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन देश के सैन्य प्रमुखों द्वारा उसे आधा कर दिया गया। यह घटनाक्रम 2015 के हालात से एकदम अलग है, जब दुनिया ने उनकी पार्टी की शानदार चुनावी जीत का जश्न मनाया और उन्होंने सरकार



**राजनीति से प्रेरित मुकदमों में सू की को 100 बरस से अधिक की सजा हो सकती है।अधिकारियों को दीर्घकालिक अलगाववादी विद्रोहों का भी सामना करना पड़ रहा था और 2017 में, पश्चिमी रखाइन राज्य में रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ एक सैन्य कार्रवाई में हजारों लोग बांग्लादेश भाग गए।**

के सलाहकार की भूमिका निभाई। उन्हें 2008 में सैन्य जुंटा द्वारा देश के संविधान द्वारा राष्ट्रपति पद पर कब्जा करने से रोका गया था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की पहली नागरिक सरकार में सत्ता के केंद्र के रूप में स्वीकार किया गया था। 1989 से 2010 की अधिकांश अवधि के दौरान घर में नजरबंद रहने के बाद, नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) पार्टी का नेतृत्व करने वाली आंग सान सू की की चुनावी सफलता को व्यापक रूप से उनके महत्वपूर्ण क्षण और म्यांमार में लोकतंत्र के लिए एक प्रमुख अवसर के रूप में देखा गया। लेकिन उनका उद्भव जितनी तेजी से हुआ था, पराभव भी उतनी ही तेजी से हुआ। आंशिक रूप से सरकार की जटिल प्रणाली के परिणामस्वरूप, जिसने सेना के लिए उच्च स्तर की राजनीतिक शक्ति को प्रभावी ढंग से संरक्षित किया, म्यांमार में परिवर्तन की गति धीमी रही। अधिकारियों को दीर्घकालिक अलगाववादी विद्रोहों का भी सामना करना पड़ रहा था और 2017 में, पश्चिमी रखाइन राज्य में रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ एक सैन्य कार्रवाई में हजारों लोग बांग्लादेश भाग गए। नरसंहार के आरोपों के बीच, एनएलडी सरकार के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन कम होने लगा।

यह आंग सान सू की की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के लिए एक बड़ा झटका था और संकट पर उनकी चुप्पी के कारण 2001 में उन्हें दिए गए नोबेल शांति पुरस्कार को रद्द करने के लिए व्यापक आह्वान किया गया। अंतर्राष्ट्रीय निंदा तब और बढ़ गई जब वह दिसंबर 2019 में नरसंहार के दावों के खिलाफ म्यांमार का बचाव करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में पेश हुई।

## पाकिस्तान हो रहा और गरीब, पेट्रोल की कीमत 145; आम जनता का हाल-बेहाल

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** विपक्ष के विरोध के बीच घटती प्रति व्यक्ति आय पाकिस्तान की सत्ताधारी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ(PTI) के



सामने चुनौतियां बढ़ती नजर आ रही है। इसके अलावा, पीटीआई सरकार के कई गलत फैसलों के कारण अमेरिकी डॉलर पाकिस्तानी रुपये के मुकाबले मजबूत है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति काफी बड़े संकट का सामना कर रही है। बता दें कि, पाकिस्तान में मंहगाई 9 फीसदी तक ऊपर पहुंच गई है। द न्यूज इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की प्रति व्यक्ति की आय साल 2018 में 1482 डॉलर से घटकर 2021 में 1260 तक पहुंच गई है। इसके अलावा, भारत के पड़ोसी देश की अर्थव्यवस्था में 16 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। बता दें कि, साल 2008-13 के दौरान पाकिस्तान का सकल घरेलू उत्पाद 36 फीसदी की उछाल के साथ दर्ज किया गया था। इस समय पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी सत्ता में बनी हुई थी। वहीं साल 2013-2018 के बीच पाकिस्तान की GDP में 36 फीसदी का और उछाल आया था। विपक्ष के विरोध के बीच घटती प्रति व्यक्ति आय पाकिस्तान की सत्ताधारी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ(PTI) के सामने चुनौतियां बढ़ती नजर आ रही है। इसके अलावा, पीटीआई सरकार के कई गलत फैसलों के कारण अमेरिकी डॉलर पाकिस्तानी रुपये के मुकाबले मजबूत है। एएनआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान रुपये के कमजोर होने से प्रति लीटर पेट्रोल की कीमत अब लगभग 145.82 रुपये तक पहुंच गई है। फिलहाल पाकिस्तान सरकार देश में महंगाई के पीछे वैश्विक महंगाई को कारण बता रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान दौरे पर पहुंची वेस्टइंडीज टीम की तीन खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव, नहीं खेलेंगे मैच

**कराची।** बायें हाथ के तेज गेंदबाज शेल्डन कोटरेल और आलराउंडर रोस्टन चेज तथा काइल मायर्स नौ दिसंबर को यहां पहुंचने पर कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। इन तीनों के अलावा टीम प्रबंधन का एक गैर कोचिंग सदस्य भी पॉजिटिव पाया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने बयान में यह जानकारी दी। पॉजिटिव पाए गए चारों लोगों का टीकाकरण पूर्ण हो चुका है और उनमें कोई लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं। इन्हें अब 10 दिन तक पृथकवास पर रहना होगा जिसके बाद इनका दोबारा परीक्षण होगा। सीडब्ल्यूआई के सीईओ जॉनी ग्रेव ने कहा, ''पाकिस्तान पहुंचने पर हमारे परीक्षण में चार कोविड-19 पॉजिटिव मामलों की पुष्टि हुई है। यह पुष्टि उस समय हुई है जब खिलाड़ी और स्टाफ अपने कमरों में पृथकवास से गुजर रहे हैं। हमारी तैयारी की योजनाओं को इससे झटका लगने के बावजूद हमें भरोसा है कि दौरा जारी रहेगा क्योंकि पाकिस्तान पहुंचने से पहले बाकी सभी का पीसीआर परीक्षण का नतीजा नेगेटिव आया था और कराची पहुंचने के बाद भी उनके दो पीसीआर नतीजे नेगेटिव आ चुके हैं।'' उन्होंने कहा, ''कैरेबियाई प्रीमियर लीग से पहले से ही हमारे कई खिलाड़ी जैविक रूप से सुरक्षित माहौल का हिस्सा हैं लेकिन इसके बावजूद क्रिकेट दौरे से कोविड-19 संक्रमण के खतरे को पूरी तरह खत्म कर पाना असंभव है।'' ग्रेव ने कहा, ''हमारी टीम से तीन खिलाड़ियों के बाहर होने से हमारी तैयारियों पर गंभीर असर पड़ेगा लेकिन बाकी टीम अच्छी स्थिति में है।'' पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला सोमवार को यहां नेशनल स्टेडियम में शुरू होगी।

### त्रिपुरा ने प्लेट ग्रुप में नगालैंड को 10 विकेट से दी मात

**जयपुर।** त्रिपुरा ने रविवार को यहां विजय हजारे ट्राफी प्लेट ग्रुप मैच में नगालैंड को 10 विकेट से हराकर राष्ट्रीय एक दिवसीय टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत दर्ज की जबकि मेघालय ने भी मिजोरम की चुनौती को पस्त करते हुए लगातार चौथी जीत अपने नाम की। त्रिपुरा के लिये अनुभवी एम मुरासिंह ने शानदार प्रदर्शन किया जिनके पांच विकेट से टीम ने नगालैंड को 14 ओवर में 48 रन पर समेट दिया। त्रिपुरा ने 10.1 ओवर में जीत दर्ज कर अपना नेट रन रेट 2.739 कर दिया जो मेघालय के 1.475 से काफी आगे है। मेघालय के कप्तान और विकेटकीपर पुनीत बिष्ट ने 142 रन (129 गेंद, 20 चौके और एक छक्के) से अपनी टीम को 49 ओवर में 237 रन बनाने में मदद की। इसके जवाब में मिजोरम के कप्तान और विकेटकीपर उदय कौल ने 109 (123 गेंद, 10 चौके, एक छक्का) की पारी खेली लेकिन यह भी उन्हें जीत दिलाने के लिये काफी नहीं रही और टीम 19 रन से हार गयी। मेघालय और त्रिपुरा के बीच मंगलवार को होने वाले मुकाबले से पता चलेगा कि कौन सी टीम अगले चरण के लिये क्वालीफाई करेगी। अन्य मैचों में अरूणाचल प्रदेश को मणिपुर से आठ विकेट से जबकि सिक्किम को बिहार से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

### इंग्लैंड को एक और करारा झटका,धीमी ओवर गति के लिये इंग्लैंड की पूरी मैच फीस कटी

**दुबई।** पहले एशेज टेस्ट मैच में करारी हार से आहत इंग्लैंड को तब एक और करारा झटका लगा जब आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गये इस मैच में धीमी ओवर गति के लिये उस पर मैच फीस का 100 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और इसके साथ ही उसे आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पांच अंक भी गंवाने पड़े। आईसीसी से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक तय समय में पांच ओवर कम गेंदबाजी करने के आरोप में एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी डेविड बून ने यह फैसला सुनाया। आस्ट्रेलिया ने यह मैच नौ विकेट से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनायी। खिलाड़ियों और टीम के सहयोगी सदस्यों के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 (न्यूनतम ओवर-गति से संबंधित) में आवंटित समय में ओवर पूरा करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार तय समय में ओवर पूरा करने में विफल रहने पर हर ओवर के लिए एक अंक काटने का प्रावधान है। इसके मुताबिक इंग्लैंड के कुल अंकों में से पांच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक काट लिए गए हैं। इसके साथ ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रेविस हेड आईसीसी आचार संहिता के स्तर एक के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। हेड ने खिलाड़ियों एवं टीम के सहयोगी सदस्यों के आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन किया था, जो किसीअंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अपशब्दों (अभद्र भाषा) के इस्तेमाल से जुड़ा है। इसके अलावा, हेड के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह 24 महीने की अवधि में उनका यह पहला अपराध था। यह घटना गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 77वें ओवर में हुई।

विराट कोहली नहीं छोड़ना चाहते थे कप्तानी

# बीसीसीआई का फैसला, रोहित को सौंपी जिम्मेदारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ऐसा होना ही था और बुधवार को बीसीसीआई ने विराट कोहली को भारत की एक दिवसीय टीम के कप्तान पद से हटाकर बागडोर रोहित शर्मा को सौंप दी। कोहली पहले ही टी20 कप्तानी छोड़ चुके थे। पता चला है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें स्वेच्छा से वनडे टीम की कप्तानी से हटने के लिये पिछले 48 घंटों का इंतजार किया लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। लेकिन 49वें घंटे में रोहित शर्मा को यह पद गंवा बैठे जो होना ही था। शायद किसी को यह बताने के लिये उसका समय हो चुका है, कोहली की बर्खास्तगी के बारे में बीसीसीआई के बयान में जिक्र भी नहीं किया गया जिसमें सिर्फ कहा गया कि चयन समिति ने आगे बढ़ने के दौरान रोहित को वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों का कप्तान बनाने का फैसला किया है। कोहली ने बस यूं ही अपनी कप्तानी गंवा दी। बीसीसीआई और राष्ट्रीय चयन समिति ने कोहली को कप्तानी से हटा दिया जिनकी महत्वाकांक्षा शायद 2023 वनडे विश्व कप में घरेलू सरजमीं पर भारतीय टीम की अगुआई करने की होगी। जिस क्षण भारत टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर हुआ, कोहली को कप्तानी से हटाया जाना तय हो गया था लेकिन बीसीसीआई अधिकारी पिछले साढ़े चार वर्षों से टीम के कप्तान को सम्मानजनक रास्ता देना चाहते थे। अंत में ऐसा लगता है कि कोहली ने बीसीसीआई से कहा कि उन्हें बर्खास्त करके दिखाओ और खेल की शीर्ष संस्था ने आगे बढ़कर ऐसा ही किया और फिर उनके सामने इसे स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। कोहली की कप्तानी का दौर खुद में एक शानदार दास्तां रहा है। 'कूल' महेंद्र सिंह धोनी ने अपने नेतृत्व में कोहली को तैयार किया और फिर जब उन्हें लगा कि समय आ गया तो उन्होंने सफेद गेंद की जिम्मेदारी उन्हें सौंप दी। अगले दो वर्षों में कोहली टीम के ताकतवर कप्तान बन गये जो अपने हिसाब से चीजें करता।

फिर उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित की गयी प्रशासकों की समिति थी जिन्होंने उनकी हर मांग (कुछ सही और कुछ गलत) को पूरा किया। फिर पारंपरिक प्रशासकों की वापसी हुई जिसमें बहुत ताकतवर सचिव और अध्यक्ष थे जो खुद ही सफल कप्तानी के बारे में जानकारी रखते थे। अंत में सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों के लिये दो अलग अलग कप्तानों की कोई जगह नहीं रही।

### कप्तानी छोड़ने के लिए विराट को मिला था 48 घंटे का अल्टीमेटम नहीं किया कोई फैसला तो रोहित को बनाया गया कप्तान

आईसीसी टी20 विश्व कप 2021 से पहले विराट कोहली ने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था। जिसके बाद रोहित शर्मा को टी20 कप्तान बना दिया गया था। लेकिन अब विराट कोहली से वनडे कप्तानी छीन ली गई है। दरअसल, भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने विराट कोहली को स्वेच्छा से वनडे टीम की कप्तानी छोड़ने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था लेकिन उन्होंने कप्तानी नहीं छोड़ी। हालांकि बीसीसीआई ने विराट कोहली की बर्खास्तगी के बारे में कोई बयान साझा नहीं किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक चयन समिति ने रोहित शर्मा को वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों का कप्तान बनाने का फैसला किया है। माना जा रहा है कि विराट कोहली साल 2023 में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप की अगुवाई करना चाहते थे लेकिन टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के चलते उनके स्थान पर रोहित शर्मा को कप्तान बना दिया गया। हिंदी समाचार एजेंसी 'भाषा' की रिपोर्ट के मुताबिक टी20 विश्व कप 2021 के सुपर-12 से भारतीय टीम के बाहर होने के बाद विराट कोहली को कप्तानी से हटाया जाना तय माना जा रहा था।
लेकिन बीसीसीआई अधिकारी पिछले साढ़े चार सालों से टीम के कप्तान को सम्मानजनक रास्ता देना चाहते थे। अंत में ऐसा लगता है कि विराट कोहली ने बीसीसीआई से कहा कि उन्हें बर्खास्त करके दिखाओ और खेल की शीर्ष संस्था ने आगे बढ़कर ऐसा ही किया और फिर उनके सामने इसे स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। विराट कोहली ने बतौर कप्तान 95 मैचों में 72.65 के औसत से 5449 रन बनाए हैं। जिसमें 21 शतकीय और 27 अर्धशतकीय पारियां शामिल हैं।

# विजय हजारे ट्रॉफी: कप्तान सुभ्रांशु का शानदार शतक, ओडिशा ने आंध्र को हराया

एजेंसी

**मुंबई।** कप्तान सुभ्रांशु सेनापति के शतक से ओडिशा ने विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए में बुधवार को यहां आंध्र को 63 रन से हराया जबकि गुजरात और विदर्भ ने भी अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया।



गुजरात ने जम्मू-कश्मीर को पांच विकेट से हराया जबकि विदर्भ ने हिमाचल प्रदेश को सात विकेट से शिकस्त दी। ओडिशा ने सुभ्रांशु के 116 रन के अलावा सलामी बल्लेबाज संदीप पटनायक (57) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 92 और गोविंद पोदार (46) के साथ तीसरे विकेट की 124 रन की साझेदारी की बदौलत 50 ओवर में पांच विकेट पर 278 रन बनाए। सुभ्रांशु ने 120 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के जड़े। विकेटकीपर बल्लेबाज राजेश धूपर ने भी 17 गेंद में नाबाद 28 रन बनाए। आंध्र की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पांचवें ओवर में 17 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए थे। टीम इस खराब शुरुआत से नहीं उबर पाई और अंततः 46.3 ओवर में 215 रन पर सिमट गई। रिकी भुई 74 रन के साथ आंध्र के शीर्ष स्कोरर रहे जबकि मनीष गोलामारू ने 41 गेंद में 48 रन का योगदान दिया।

ओडिशा की ओर से जयंत बेहड़ा ने 24 रन देकर चार जबकि देवव्रत प्रधान ने 56 रन देकर दो विकेट चटकाए। दूसरी तरफ गुजरात ने चिंतन गजा (30 रन पर चार विकेट) और हेमंग पटेल (29 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी से जम्मू-कश्मीर को 42.1 ओवर में 171 रन पर समेटने के बाद 79 गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 172 रन बनाकर जीत दर्ज की। गुजरात की ओर से भार्गव मेराई ने 83 गेंद में पांच चौकों की मदद से नाबाद 57 रन बनाए जबकि रिपल पटेल ने 33 रन की पारी खेली।

एक अन्य मैच में कप्तान रिषी धवन (61) के अर्धशतक के बावजूद हिमाचल की टीम 46 ओवर में 213 रन पर सिमट गई। विदर्भ की ओर से यश ठाकुर ने 53 रन देकर पांच विकेट चटकाए जबकि अक्षर वखारे और दर्शन नालकंडे ने दो-दो विकेट हासिल किए।

## श्रीलंका के क्रिकेट स्टेडियम के दो कर्मचारियों की हाथी के हमले में मौत

**स्टेडियम के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका क्रिकेट के अधिकारियों ने बताया कि यह घटना मंगलवार हम्बनटोटा के सूरियावेवा में स्थित स्टेडियम के बाहर हुई जब दो कर्मचारी अपना काम खत्म करने के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे**

एजेंसी

**कोलंबो।** महिंदा राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के दो कर्मचारियों की हाथी के हमले में मौत हो गई। स्टेडियम के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अधिकारियों ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात हम्बनटोटा



के सूरियावेवा में स्थित स्टेडियम के बाहर हुई जब दो कर्मचारी अपना काम खत्म करने के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इन दोनों कर्मचारियों के शव लगभग 500 मीटर की दूरी पर मिले। एक कर्मचारी का शव मोटरसाइकिल के समीप मिला जबकि दूसरा शव झाड़ियों के पास मिला। ये दोनों व्यक्ति लंका प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट के इस महीने होने वाले फाइनल के लिए मैदान पर काम कर रहे थे।

## भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी कोविड पॉजिटिव, कोरिया के खिलाफ मैच रद्द

एजेंसी

**डोंगहे।** एशियाई चैम्पियंस ट्राफी में हिस्सा ले रही भारतीय महिला हॉकी टीम की एक सदस्य कोविड-19 के लिये पॉजिटिव पायी गयी है जिसके कारण मेजबान और गत चैम्पियन कोरिया के खिलाफ बुधवार को होने वाला उसका मैच रद्द कर दिया गया। हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने पुष्टि की कि एक खिलाड़ी का परीक्षण नतीजा पॉजिटिव आया है जिसके बाद एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) ने अपने ट्विटर हैंडल पर बयान जारी किया लेकिन संबंधित खिलाड़ी की जानकारी नहीं दी। एएचएफ ने ट्वीट किया, ''एशियाई हॉकी महासंघ को यह सूचित करते हुए खेद है कि टीम इंडिया के नियमित कोविड परीक्षण के दौरान कल एक नतीजा पॉजिटिव आया है। '' एएचएफ ने कहा, ''कोरिया और भारत के बीच आज दोपहर तीन बजे होने वाले मुकाबले का आयोजन नहीं होगा। जल्द ही आगे की जानकारी दी जाएगी। '' पॉजिटिव नतीजे के बाद हालांकि टूर्नामेंट में भारत के बाकी बचे मैचों को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। भारत को अपने अगले मैच में गुरुवार को चीन से भिड़ना है। महामारी ने मंगलवार को ही टूर्नामेंट को प्रभावित कर दिया था जब भारत का मलेशिया के खिलाफ दूसरा मैच कोविड से जुड़े मुद्दों के कारण रद्द कर दिया गया था।

मलेशिया को प्रतियोगिता के कम से कम पहले दो दिन बाहर रहना पड़ा क्योंकि उसकी एक खिलाड़ी नूरुल फ़ैज़ाह शफ़ीक़ाह ख़लीम का दक्षिण कोरिया पहुंचने पर किया गया कोविड-19 का परीक्षण पॉजिटिव आया था। सूत्रों के अनुसार मलेशिया की तरह भारतीय दल को भी एक खिलाड़ी का परीक्षण पॉजिटिव आने के बाद पृथकवास पर रहना पड़ सकता है। पिछली बार के उप विजेता भारत ने इससे पहले थाईलैंड को 13-0 से करारी शिकस्त दी थी जिसमें ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर ने पांच गोल किये थे।

# टेस्ट रैंकिंग में तीन भारतीयों ने लगाई लंबी छलांग

एजेंसी

**दुबई।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बुधवार को जारी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गये जबकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल और न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने भी लंबी छलांग लगायी है। अग्रवाल मुंबई में दूसरे टेस्ट में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे थे। इस मैच में उन्होंने 150 और 62 रन की पारियां खेली थीं जिससे वह पुरूषों की बल्लेबाजी रैंकिंग में 30 पायदान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गये। वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 10वें पायदान से महज एक स्थान नीचे हैं जो उन्होंने नवंबर 2019 में हासिल की थी। मुंबई में जन्में पटेल एक टेस्ट पारी में सभी 10 विकेट चटकाने वाले तीसरे क्रिकेटर बने थे तथा उन्होंने जिम लेकर और अनिल कुंबले की बराबरी की थी। उन्होंने मैच में 14 विकेट चटकाये थे जिससे वह 23 पायदान के फायदे से 38वें स्थान पर पहुंच गये हैं। बायें हाथ के स्पिनर की पिछली



सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 53 थी और श्रृंखला की शुरूआत में वह 62वें स्थान पर थे। मुंबई टेस्ट आईसीसी विश्व चैम्पियनशिप का हिस्सा था और इसके बाद रैंकिंग में लाभ हासिल करने वाले अन्य खिलाड़ी भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (21वें पायदान से 45वें स्थान), तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (चार पायदान से 41वें स्थान) और न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल (26 पायदान के फायदे से 78वें स्थान) हैं। भारत की 372 रन की जीत में प्रत्येक पारी में चार चार विकेट हासिल करने के बाद अश्विन ने शीर्ष रैंकिंग के गेंदबाज पैट कमिंस के बीच अंतर कम कर दिया। अश्विन को 43 रेटिंग अंक का फायदा हुआ जिससे उनके 883 अंक हो गये हैं। इससे वह तीसरे स्थान पर काबिज जोश हेजलवुड से 67 अंक आगे हैं। वह आल राउंडर सूची में एक पायदान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गये जबकि साथी रविंद्र जडेजा सूची में चौथे स्थान पर खिसक गये जिसमें वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर शीर्ष पर काबिज हैं। होल्डर एक पायदान के फायदे से बुधवार को अपडेट की गयी गेंदबाजों की सूची में 14वें स्थान पर पहुंच गये हैं। इस सूची में गॉल टेस्ट के प्रदर्शन को भी रखा गया है जिसमें श्रीलंका ने 164 रन की जीत से श्रृंखला में 2-0 से जीत हासिल की थी और वह आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। क्रेग ब्रेथवेट (10 पायदान ऊपर 39वें स्थान पर) और नक्रुमाह बोनर (17 पायदान ऊपर 42वें स्थान पर) वेस्टइंडीज के लिये बल्लेबाजी सूची में फायदा हासिल करने वाले खिलाड़ी हैं। लेकिन गॉल टेस्ट के बाद जिसे सबसे ज्यादा फायदा हुआ, वह 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे धनंजय डि सिल्वा हैं जो दूसरी पारी में नाबाद 155 रन की बदौलत 12 पायदान के फायदे से 21वें स्थान पर पहुंच गये। स्पिनर लसिथ एम्बुलडेनिया और रमेश मेंडिस को भी रैंकिंग में लाभ मिला है। एम्बुलडेनिया (सात विकेट से) पांच पायदान के फायदे से 32वें जबकि मेंडिस 11 विकेट से 18 पायदान की उछाल से 39वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। बल्लेबाजों में रोहित शर्मा और विराट कोहली क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर बरकरार हैं। रोहित मुंबई टेस्ट में नहीं खेले थे जबकि कोहली ने शून्य और 36 रन बनाये थे।

सराहनीय | नाथन लियोन अब तक 101 टेस्ट मैचों में 403 विकेट ले चुके हैं

# 400 विकेट लेने वाले सातवें स्पिनर बने नाथन लियोन

**लियोन ने 2010 में एडीलेड ओवल में मैदानकर्मी के रूप में नौकरी शुरू की थी और इसके एक साल बाद उन्होंने अपना पहला टेस्ट मैच खेला। इस 34 वर्षीय ऑफ स्पिनर ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और अब तक वह 101 टेस्ट मैचों में 403 विकेट ले चुके हैं।**

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** कभी पिच क्यूरेटर के रूप में काम करने वाले नाथन लियोन शनिवार को टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट लेने वाले दुनिया के 17वें और आस्ट्रेलिया के तीसरे गेंदबाज बन गये। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के सातवें स्पिनर हैं। लियोन ने 2010 में एडीलेड ओवल में मैदानकर्मी के रूप में नौकरी शुरू की थी और इसके एक साल बाद उन्होंने अपना पहला टेस्ट मैच खेला। इस 34 वर्षीय ऑफ स्पिनर ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और अब तक वह 101 टेस्ट मैचों में 403 विकेट ले चुके हैं। लियोन ने पहले एशेज टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड के डाविड मलान के रूप में अपना 400वां विकेट लिया। वह लेग स्पिनर शेन वार्न (708) और तेज



गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा (563) के बाद तीसरे आस्ट्रेलियाई गेंदबाज हैं जो इस मुकाम पर पहुंचे। विश्व क्रिकेट में लियोन यह उपलब्धि हासिल करने वाले 17वें गेंदबाज हैं। श्रीलंका के ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन 800 विकेट लेकर इस सूची में शीर्ष पर हैं। लियोन इस मुकाम पर पहुंचने वाले दुनिया के सातवें स्पिनर बन गये हैं। भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने हाल में यह उपलब्धि हासिल की थी। टेस्ट क्रिकेट में 400 से अधिक विकेट लेने वाले स्पिनरों में मुरलीधरन और वार्न के बाद अनिल कुंबले (619), रंगना हेराथ (433), अश्विन (427), हरभजन सिंह (417) और लियोन का नंबर आता है। इनके अलावा 10 तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन (632), मैकग्रा, स्टुअर्ट ब्रॉड (524), कर्टनी वाल्श (519), डेल स्टेन (439), कपिल देव (434), रिचर्ड हैडली (431), शॉन पोलाक (421), वसीम अकरम (414) और कर्टली एंब्रोस (405) इस सूची में शामिल

हैं।ब्रिसबेन, कभी पिच क्यूरेटर के रूप में काम करने वाले नाथन लियोन शनिवार को टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट लेने वाले दुनिया के 17वें और आस्ट्रेलिया के तीसरे गेंदबाज बन गये। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के सातवें स्पिनर हैं। लियोन ने 2010 में एडीलेड ओवल में मैदानकर्मी के रूप में नौकरी शुरू की थी और इसके एक साल बाद उन्होंने अपना पहला टेस्ट मैच खेला। इस 34 वर्षीय ऑफ स्पिनर ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और अब तक वह 101 टेस्ट मैचों में 403 विकेट ले चुके हैं। लियोन ने पहले एशेज टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड के डाविड मलान के रूप में अपना 400वां विकेट लिया। वह लेग स्पिनर शेन वार्न (708) और तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा (563) के बाद तीसरे आस्ट्रेलियाई गेंदबाज हैं जो इस मुकाम पर पहुंचे। विश्व क्रिकेट में लियोन यह उपलब्धि हासिल करने वाले 17वें गेंदबाज हैं। श्रीलंका के ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन 800 विकेट लेकर इस सूची में शीर्ष पर हैं। लियोन इस मुकाम पर पहुंचने वाले दुनिया के सातवें स्पिनर बन गये हैं। भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने हाल में यह उपलब्धि हासिल की थी। टेस्ट क्रिकेट में 400 से अधिक विकेट लेने वाले स्पिनरों में मुरलीधरन और वार्न के बाद अनिल कुंबले (619), रंगना हेराथ (433), अश्विन (427), हरभजन सिंह (417) और लियोन का नंबर आता है। इनके अलावा 10 तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन (632), मैकग्रा, स्टुअर्ट ब्रॉड (524), कर्टनी वाल्श (519), डेल स्टेन (439), कपिल देव (434), रिचर्ड हैडली (431), शॉन पोलाक (421), वसीम अकरम (414) और कर्टली एंब्रोस (405) इस सूची में शामिल हैं।

# मुश्किल में जैकलीन फर्नांडीज! 200 करोड़ की ठगी मामले में ED के कड़े सवालों का कर रही हैं सामना



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को मुंबई हवाई अड्डे पर विदेश जाने वाली उड़ान पर सवार होने से रोके जाने के दो दिन बाद जैकलीन फर्नांडीज कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच में पूछताछ के लिए जांच एजेंसी के सामने पेश हुई। ईडी द्वारा जैकलीन फर्नांडीज से कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के जबरन वसूली मामले में की जा रही है। रविवार को ईडी द्वारा उनके खिलाफ जारी किए गए लुक-आउट-सर्कुलर के आधार पर, जैकलीन को मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों द्वारा देश से बाहर जाने से कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया था। हाल ही में सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ चार्जशीट में ईडी ने सुकेश चंद्रशेखर के साथ जैकलीन फर्नांडीज की संलिप्तता का जिक्र किया था। इंडिया टुडे पर छपी खबरों के अनुसार सुकेश ने जेल में रहने के दौरान जैकलीन फर्नांडीज को 10 करोड़ रुपये से अधिक का उपहार भेजा था। सूत्रों ने कहा कि सुकेश ने जैकलीन के लिए मुंबई से चेन्नई के लिए एक चार्टर्ड फ्लाइट भी बुक की, जब वह जमानत पर बाहर थे। ईडी को यह भी संदेह है कि सुकेश ने एक व्यवसायी की पत्नी से जबरन वसूली की, जो बड़ी राशि जैकलीन फर्नांडीज को दी गई थी। हालांकि, जैकलीन ने कहा है कि वह एक पीड़ित है और उसने जांचकर्ताओं के साथ सहयोग बढ़ाया है। एजेंसी ने जैकलीन को ताजा समन जारी कर उन्हें आठ दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया था। अधिकारियों नेयह जानकारी दी थी कि ईडी जैकलीन से कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर और अन्य के खिलाफ चल रही धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ करेगी। अधिकारियों ने बताया कि अभिनेत्री को बुधवार को एजेंसी के समक्ष पेश होकर सवालों के जवाब देने और अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। प्रवर्तन निदेशालय पहले भी इस मामले के संबंध में दो बार जैकलीन से पूछताछ कर चुका है। गौरतलब है कि ईडी ने चंद्रशेखर और उसकी अभिनेत्री पत्नी लीना मारिया पॉल के खिलाफ 200 करोड़ रुपये से अधिक के धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में जैकलीन से पहले भी पूछताछ की थी।

# हॉलीवुड की तरह भारतीय सिनेमा में काम करने वाले कलाकारों को भी मिलनी चाहिए रॉयल्टी : रवि किशन




भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि किशन ने लोकसभा में मांग की कि फिल्म जगत के कलाकारों को पर्दे पर उनके दिखने की अवधि अनुरूप रॉयल्टी मिलनी चाहिए। शून्यकाल में इस विषय को उठाते हुए रवि किशन ने कहा कि हॉलीवुड और चीन के फिल्म जगत में कलाकारों के लिए रॉयल्टी की व्यवस्था है और ऐसा हिंदी, भोजपुरी तथा दक्षिण सिनेमा में काम करने वाले कलाकारों के लिए भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभिनय के दौरान कलाकारों की पर्दे पर जितनी उपस्थिति रहती है, उस लिहाज से उन्हें फिल्म रिलीज होने के बाद टेलीविजन चैनल आदि पर दिखाये जाने के लिए भी रॉयल्टी मिलनी चाहिए जिसकी एक सीमा तय की जा सकती है। शून्यकाल में वाईएसआरसीपी के पी वी मिथुन रेड्डी ने आंध्र प्रदेश के कडप्पा और चित्तूर में बाढ़ से हुए नुकसान के लिए केंद्र से आकलन करने की मांग की। केरल से माकपा के ए एम आरिफ ने मुल्लापेरियार बांध का विषय उठाया तो तमिलनाडु के कुछ सदस्य उनकी बात का विरोध करते हुए देखे गये। तृणमूल कांग्रेस की शताब्दी राय ने कहा कि देशभर में दूरदर्शन के अनेक केंद्र बंद होते जा रहे हैं, जो चिंता की बात है। उन्होंने सरकार से इस बारे में भी विचार करने को कहा कि दूरदर्शन नुकसान में क्यों है जबकि अन्य निजी चैनल लाभ कमा रहे हैं।

## मॉडलिंग की दुनिया में सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर का डेब्यू




भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज और मास्टरब्लास्टर कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर ने मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा है। सारा तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर करके इसकी जानकारी दी। उनका यह वीडियो एक क्लॉथिंग ब्रांड AJIO LUXE के विज्ञापन के लिए शूट किया गया है। डेब्यू के साथ ही सारा तेंदुलकर लाइमलाइट में आ गयी है। सारा तेंदुलकर का यह वीडियो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इस एड वीडियो में सारा तेंदुलकर बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही है। सारा के साथ अभिनेत्री बनिता संधू और तानिया श्रॉफ भी नजर आ रही हैं। वीडियो को अब तक 80 से ज्यादा लाइक मिल चुके हैं। सोशल मीडिया यूजर उनकी इस वीडियो पर दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा कि आप सुंदर और बहुत अच्छी हैं मैं आपको ढेर सारा प्यार करता हूं। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा कि सारा को फैशन की एक नई दुनिया में देखकर अच्छा लगा। सारा तेंदुलकर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है और इंस्टाग्राम पर उनके 1.6 मिलियन फॉलोवर्स है। उनकी फैन फॉलोइंग और लोकप्रियता बॉलीवुड के किसी स्टार किड से कम नहीं है। वो अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती है। हाल ही में उनकी डिनर डेट की एक तस्वीर सोशल मीडिया काफी वायरल हुई थी। सारा फ़लिहाल यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में पढाई कर रही है और अपना ज्यादातर समय लंदन में ही गुजारती है।

## केवल ब्रा पहनकर कैमरे के सामने आयीं उर्फी जावेद, जालीदार टॉप पहनकर ढके अंग



ओटीटी से पहले ही हफ्ते बाहर होने के बाद से ही प्रतियोगी उर्फी जावेद सुर्खियों में बनीं हुई है। चर्चा में बनें रहने का कारण है उनका फैशन सेंस। अजीबोगरीब टाइप के कपड़े डिजाइन करके वह पहनती हैं और मीडिया के कैमरों के सामने पोज देती नजर आती है। यहीं नहीं उर्फी जावेद सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में उर्फी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो डाली हैं जिसमें वह स्टोकिंग्स से टॉप बनाकर पहनती नजर आयी। वीडियो से अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह अपने कपड़े खुद ही डिजाइन करती हैं। आपको बता दे कि पेस्टल पिंक ब्रैलेट के साथ क्रॉप्ड डेनिम जैकेट में फोटो खिंचवाने के बाद एक्ट्रेस ने काफी हलचल मचा दी थी।

## तापसी पन्नू की "शाबाश मिठू" फरवरी 2022 में होगी रिलीज, निर्माता ने किया ऐलान




**मुंबई।** तापसी पन्नू अभिनीत "शाबाश मिठू" अगले साल चार फरवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म निर्माताओं ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। यह फिल्म भारतीय क्रिकेटर मिताली राज की बायोपिक है। 'वायकॉम18 स्टूडियोज' की इस फिल्म का निर्देशन प्रख्यात बंगाली फिल्म निर्माता श्रीजीत मुखर्जी ने किया है। "शाबाश मिठू" में राज की जिंदगी के उतार-चढ़ाव और सफलता के क्षणों को दिखाया जाएगा। पन्नू (34) ने इस फिल्म में राज का किरदार निभाया है। वायकॉम18 स्टूडियोज ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान के 39वें जन्मदिन पर फिल्म की रिलीज तारीख की घोषणा की। बैनर ने अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल पर पोस्ट किया, "एक लड़की ने अपने क्रिकेट बैट से विश्व रिकॉर्ड्स और रूढ़ियों को तोड़ दिया। आपने यह सब किया है चैम्पियन...जन्मदिन मुबारक मिठू। शाबाश मिठू चार फरवरी 2022 को सिनेमाघरों में आ रही है।

# श्वेता तिवारी की बेटी पलक ने शीशे के सामने जैकेट उतारकर दिया पोज



पलक तिवारी ने सिंगर हार्डी संधू के गाने 'बिजली बिजली' से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। अपनी कातिलाना अदाओं से पलक तिवारी ने लोगों को अपना दीवाना बना लिया था। हाल ही में पलक तिवारी ने अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। तस्वीरों में वह बेहद हॉट और ग्लैमरस नजर आ रहीं हैं। टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्रियों में गिनी जाने वाली श्वेता तिवारी अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ की वजह से सुर्खियों में बनी रहती है। श्वेता तिवारी की ही तरह उनकी बेटी पलक तिवारी भी लाइमलाइट में बनी रहती है। पलक तिवारी एक फेमस स्टार किड है और सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग भी अच्छी खासी है। एक महीने पहले ही पलक तिवारी ने सिंगर हार्डी संधू के गाने 'बिजली बिजली' से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। अपनी कातिलाना अदाओं से पलक तिवारी ने लोगों को अपना दीवाना बना लिया था। उनका यह गाना लोगों को काफी पसंद भी आया था। हाल ही में पलक तिवारी ने अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। तस्वीरों में वह बेहद हॉट और ग्लैमरस नजर आ रहीं हैं। लोग उनका यह हॉट और ग्लैमरस अवतार खूब पसंद कर रहें हैं। तस्वीरों में पलक तिवारी ने ब्राउन कलर की जैकेट के साथ ब्लैक स्पेगेटी टॉप पहन रखा है। पलक की इन तस्वीरों को 1 लाख 30 हजार से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं और वहीं यूजर कमेंट करके उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर ने तस्वीर पर कमेंट करते हुए पूछा कि बिजली के बाद कौनसी आफत मचानी है। वहीं एक दूसरे ने कमेंट किया कि आप इतनी सुंदर क्यों हैं? आप अपनी सुंदरता से सभी को मार डालोगी। पलक तिवारी सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड और सेक्सी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती है, इसी वजह से वो हमेशा सुर्खियों में बनी रहती है। पलक तिवारी जल्द ही फिल्म 'रोजी- द सैफ्रॉन चैप्टर' से अपना बॉलीवुड करने वाली है। खबरों के मुताबिक फिल्म अगले साल 14 जनवरी, 2022 को थिएटर में रिलीज़ की जाएगी। यह फिल्म गुरुग्राम के एक कॉल सेंटर में काम करने वाली रोजी नाम की महिला के अचानक लापता होने पर आधारित है। पलक फिल्म में भूमिका निभाएंगी। फिल्म में पलक तिवारी के साथ विवेक ओबेरॉय, तनीषा मुखर्जी, मल्लिका शेरावत और शिविन नारंग भी नजर आएंगे।

# एक दूजे के हुए कैटरीना कैफ और विक्की कौशल



बॉलीवुड का बहुप्रतीक्षित शादी आखिरकार आज संपन्न हो गई। बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ और अभिनेता विक्की कौशल एक दूजे के हो गए। दोनों शादी के बंधन में बंध गए हैं। न्यूज़ एजेंसी एएनआई ने अपने ट्विटर अकाउंट पर इस खबर को साझा किया है। आपको बता दें कि पिछले कई दिनों से कैटरीना कैफ और विकी कौशल के शादी काफी सुर्खियों में थी। फैंस भी इन दोनों की शादी का काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक आज दोपहर बाद दोनों ने सात फेरे लिए। विक्की कौशल और कैटरीना की शादी की फोटो अब सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी हैं। हालांकि अब भी फैंस को दोनों की शादी के तस्वीरों का इंतजार है। इस शादी को काफी प्राइवेट रखा गया था। गिने-चुने लोगों को ही बुलाया गया था। शादी को पूरे भव्य तरीके से संपन्न किया गया। शादी का पूरा कार्यक्रम सवाई माधोपुर के सिक्स सेंसेस रिसोर्ट में संपन्न हुआ। बताया जा रहा है कि शादी के लिये आमंत्रित लोगों में कैफ के करीबी फिल्मकार कबीर खान, उनकी पत्नी तथा अभिनेत्री मिनी माथुर, धूम-3 और ठग्स ऑफ हिंदोस्तान फिल्म के निर्देशक विजय कृष्ण अचारा, अभिनेत्री नेहा धूपिया और उनके पति अंगद बेदी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक जल्द ही यह कपल ग्रैंड रिसेप्शन भी देंगे।

इससे पहले शादी की रस्मों के लिए कैट और विक्की 6 दिसंबर को अपने विवाह स्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने 7 दिसंबर को मेहंदी और उसके बाद 8 दिसंबर को हल्दी और संगीत का जश्न मनाया। संगीत और मेंहदी की रस्मों के दौरान विक्की और कैट काफी खुश नजर आये, हर कोई कैटरीना को 'भाभीजी' कहने लगा है। दोनों ने म्यूजिकल चेयर भी खेली और कटरीना ने गेम भी जीत लिया! सूत्रो ने बताया कि जिस मंडप में कैटरीना कैफ और विक्की कौशल ने सात फेरे लिया उसे खास तौर पर शाही अंदाज में डिजाइन किया गया था।

## कैटरीना कैफ और विक्की कौशल की शादी को लेकर कंगना का बड़ा बयान

कैटरीना कैफ और विक्की कौशल की शादी से पहले अभिनेत्री कंगना रनौत ने बुधवार को कहा कि यह देखना सुखद है कि बॉलीवुड की 'प्रमुख महिलाएं' समाज के बने-बनाए नियमों को तोड़ रही हैं। 'नमस्ते लंदन', 'सिंह इज किंग', 'राजनीति', 'जिंदगी न मिलेगी दोबारा' और 'भारत' जैसी बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकीं कैफ अभिनेता विक्की कौशल से शादी कर रही हैं। मंगलवार को कैफ (38) और कौशल (33) के विवाह पूर्व समारोह से संबंधित कार्यक्रम राजस्थान के सवाई माधोपुर के सिक्स सेंसेस रिसोर्ट में शुरू हो गए। रनौत ने बुधवार को कहा कि यह देखना अच्छा है कि बॉलीवुड की 'प्रमुख अभिनेत्रियां' समाज के बने बनाए नियमों को तोड़ रही हैं। हालांकि, उन्होंने अपने इस बयान में कैफ या कौशल का नाम नहीं लिया। कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा, "बड़े होते हुए हमने सफल अमीर पुरुषों की बहुत कम उम्र की महिलाओं से शादी करने की कई कहानियां सुनीं... महिलाओं के लिए अपने पति से अधिक सफल होना एक बड़े संकट के रूप में देखा गया था।

## बीच पर नहाते नजर आईं आराधना शर्मा



एमटीवी स्प्लिट्सविला 12 से फेमस हुई एक्ट्रेस और मॉडल आराधना शर्मा ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की। तस्वीरों में वह काफी बोल्ड नजर आ रही हैं। आराधना ने ग्रीन कलर ब्रालेट पहना हुआ है। एमटीवी स्प्लिट्सविला 12 से फेमस हुई एक्ट्रेस और मॉडल आराधना शर्मा ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की। तस्वीरों में वह काफी बोल्ड नजर आ रही हैं। आराधना ने ग्रीन कलर ब्रालेट पहना हुआ है। तस्वीरों में वह पूरी तरह से भीगी हुई है और पानी में खड़े होकर बेहद ही सिज़लिंग अंदाज में पोज दे रही है। उनकी ये बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही है। आराधना की इन हॉट तस्वीरों से लोग अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं।

आराधना शर्मा ने अपने लेटेस्ट फोटशूट की इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन भी लिखा। कैप्शन में उन्होंने फिल्म 'रहना है तेरे दिल मे' के गाने 'ज़रा ज़रा' की लाइन 'यूँ ही बरस-बरस काली घटा बरसे... हम यार भीग जाएँ इस चाहत की बारिश में... मेरी खुली-खुली लटों को सुलझाए... तू अपनी उँगलियों से... मैं तो हूँ इसी ख्वाहिश में...' लिखी। यह गाना उनकी तस्वीरों के साथ जंच रहा है। तस्वीरें देख कर सोशल मीडिया यूजर पूछ रहे हैं कि ये चाँद का टुकड़ा कौन हैं। आराधना शर्मा एक मॉडल, डांसर और अभिनेत्री हैं। वह पुणे से हैं और फ़लिहाल मुंबई में रह रही हैं। उन्होंने अपने मॉडलिंग करियर के दौरान कई फैशन शो में हिस्सा लिया। इसी दौरान उन्होंने 2019 में लोकप्रिय रियलिटी टेलीविजन शो एमटीवी स्प्लिट्सविला 12 में एक प्रतियोगी के रूप में भाग लिया। एमटीवी स्प्लिट्सविला 12 से उन्हें लोकप्रियता मिली। इसके अलावा उन्होंने अलादीन-नाम तो सुना होगा शो में भी भूमिका निभाई।







स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DELHIHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स -WA30, ओखला इंडसट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276 , संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोन:8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।